राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 12 | पृष्ठ 13 | अंक 29 | रांची, सोमवार, 30 मार्च 2026 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




### अज का दिन

भारतीय सिनेमा के इतिहास में 30 मार्च की तारीख एक विशेष महत्व रखती है। इसी दिन वर्ष 1992 में महान फिल्मकार सत्यजीत रे को प्रतिष्ठित ऑस्कर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया था। यह सम्मान उनके सिनेमा में अतुलनीय योगदान के लिए दिया गया, जिसने भारत को वैश्विक फिल्म जगत में नई पहचान दिलाई। सत्यजीत रे भारतीय सिनेमा के ऐसे युगपुरुष माने जाते हैं, जिन्होंने अपनी फिल्मों के जरिए समाज, मानवीय संवेदनाओं और यथार्थ को बेहद सशक्त तरीके से पर्दे पर उतारा।

### मन की बातः ऊर्जा संकट पर अफवाहों से बचे

# प्रधानमंत्री ने किये एकजुटता का आह्वान

## पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे करन देशों में ईंधन संकट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को ह्यमन की बात कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 132वें एपिसोड में आज उक्त बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों को संभालने के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें।



प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण में जनभागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि ह्यज्ञान भारतम पहल के तहत पांडुलिपियों का संरक्षण और उनसे जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है। इसके लिए एक ऐप भी विकसित किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने पास सुरक्षित पांडुलिपियों की जानकारी साझा करें। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के एथलीट कुलवीर सिंह की उपलब्धि का जिक्र किया।

## सत्पुरुष का सबसे बड़ा धन उसके श्रेष्ठ कर्म होते हैं : ब्रह्माकुमारी

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, चौधरी बगान (हरमू रोड) रांची में रविवार को आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम में श्रेष्ठ कर्म, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर केन्द्र प्रशासिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि सत्पुरुष का सबसे बड़ा धन उसके श्रेष्ठ कर्म होते हैं। मनुष्य अपने सद्व्यवहार, विनम्रता और परोपकार के माध्यम से पुण्य अर्जित करता है, जिससे उसे परमात्मा से अद्वैत सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि नई और सुखमय सृष्टि की रचना नए संकल्पों और सकारात्मक विचारों से होती है, जो परमपिता परमात्मा से प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव पुराने विचारों और समस्याओं से घिरा हुआ है, जिसके कारण तनाव और कलह बढ़ रहे हैं। ऐसे में समाज के कल्याण के लिए सकारात्मक सोच अपनाना अत्यंत आवश्यक है।


















### गरीब-गुरबों को रहने का आवास नही

## हेमंत सोरेन झारखंड में बनाएंगे शीश महलः आदित्य

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मुख्यमंत्री आवास निर्माण पर होने वाले खर्च को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत से बनने वाला मुख्यमंत्री आवास शीश महल की तरह है और यह जनता के पैसे की फिजूलखर्ची है। रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आदित्य साहू ने कहा कि खुद को गरीबों की सरकार बताने वाली सरकार इतनी बड़ी राशि अपने आवास पर खर्च कर रही है, जो झारखंड की आदिवासी और मूलवासी जनता की मेहनत की कमाई का दुरुपयोग है।

उन्होंने बताया कि भवन विभाग द्वारा जारी टेंडर की प्रारंभिक लागत 67 करोड़ रुपये है, जिसमें इंटीरियर और फर्नीचर का खर्च शामिल नहीं है। उनके अनुसार, निर्माण पूरा होने तक इसकी लागत 100 करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है। टेंडर प्रक्रिया के अनुसार 2 अप्रैल को इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, 29 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे और 30 अप्रैल को टेंडर खोला जाएगा, जबकि 8 अप्रैल को प्री-बिड बैठक प्रस्तावित है। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आवास में अत्यधिक विलासिता पर खर्च किया ।

### हॉर्मुज स्ट्रेट से निकले एलपीजी लदे दो भारतीय जहाज

## अगले दो-तीन दिन में भारत पहुंचने की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच भारत के लिए एक राहत की खबर आई है। भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर्स ने जंग के कारण ठप पड़े हॉर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ये दोनों जहाज अब हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। अगले दो से तीन दिन में इन दोनों जहाजों के भारत पहुंच जाने की उम्मीद जताई गई है। आपको बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच जारी जंग के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह से ठप हो गया है, जिसकी वजह से मालवाहक जहाजों और ऑयल टैंकर्स की आवाजाही भी रुक गई है। आवाजाही रुकने के कारण कच्चे तेल और गैस की अपनी जरूरत पूरी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करने वाले भारत जैसे देश के सामने काफी संकट की स्थिति बन गई है। ऐसे में भारत आने वाले दो एलपीजी टैंकर के हॉर्मुज स्ट्रेट को पार कर जाने की खबर ने काफी राहत पहुंचाई है। पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी टैंकर होर्मुज स्ट्रेट से निकल कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। इन दोनों टैंकरों में कुल मिला कर करीब 94,000 टन गैस भरी हुई है। इनमें से बीडब्ल्यू टीवाईआर मुंबई पहुंचने वाला है, जहां इसके मंगलवार यानी 31 मार्च तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बीडब्ल्यू ईएलएम न्यू मैंगलोर की ओर जा रहा है। ये एलपीजी गैस टैंकर एक अप्रैल तक पहुंच सकता है। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू की गई जंग के कारण शिपिंग सेक्टर पर काफी असर पड़ा है।




### बंगाल में कांग्रेस ने 284 उम्मीदवार उतार

## अधीर रंजन चौधरी समेत कई बड़े चेहरे मैदान में

नई दिल्ली, 29 मार्च (हि.स.)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने 294 में से 284 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और राज्य में अकेले दम पर चुनाव लड़ने लड़ेगी। जारी सूची में बहारामपुर से वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी, भवानीपुर से प्रदीप प्रसाद, बालीगंज से रोहन मित्रा, जादवपुर से श्यामली मंडल और दार्जिलिंग से मधाप राय जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं, जबकि मालतीपुर से हाल ही में शामिल हुईं मौसम नूर को मैदान में उतारा गया है। पार्टी ने अपने पारंपरिक गढ़ मुर्शिदाबाद और मालदा पर खास फोकस करते हुए व्यापक सामाजिक संतुलन साधने की कोशिश की है। राज्य में चुनाव 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणोंमें होंगे, जबकि मतगणना 04 मई को की जाएगी। पार्टी ने 1 मेकलीगंज (एससी) से इला रानी राय, 2 माथाभांगा (एससी) से खितेन्द्र नाथ बर्मन, 3 कूचबिहार उत्तर (एससी) से पार्थ प्रतिम ईश्वर, 4 कूचबिहार दक्षिण से खोखन मियां, 5 सिटलाकुची (एससी) से सुकमल बर्मन, 6 सिताई (एससी) से राबिन राय, 7 दिनहाटा से हरिहर राय सिंघा, 8 नाटबाड़ी से बिस्वजीत सरकार, 9 तूफानगंज से देवेन्द्र नाथ बर्मा, 10 कुमारग्राम (एसटी) से सुधाम लामा, 11 कालचीनी (एसटी) से अंजान चिक बराइक, 13 फालाकाटा (एससी) से अक्षय कुमार बर्मन, 14 मदारीहाट (एसटी) से डॉ. जॉय प्रफुल्ल लाकड़ा, 15 धुपगुड़ी (एससी) से हरीश चंद्र राय, 16 मयनागुड़ी (एससी) से जोगेन सरकार, 17 जलपाईगुड़ी (एससी) से सुदीप्तो मोहंतो, 18 राजगंज (एससी) से तुषार कांति राय, 19 डाबग्राम-फुलबाड़ी से रोहित सिंह सिसोदिया, 20 माल (एसटी) से राकेश कुजूर, 21 नागराकाटा (एसटी) से शिनु मुंडा, 22 कालिम्पोंग से संता कुमार प्रधान, 23 दार्जिलिंग से मधाप राय, 24 कुर्सियांग से सरोज कुमार खत्री, 25 माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी (एससी) से अमिताभ सरकार, 26 सिलीगुड़ी से आलोक धारा, 27 फांसीदेवा (एसटी) से नबनिता तिर्की, 28 चोपड़ा से जाकिर आबेदीन, 30 गोलपोखर से मसूद नसीम अहसन, 31 चाकुलिया से अली इमरान रम्ज, 32 करंदीघी से मुर्शिद आलम और 33 हेमताबाद (एससी) से अनामिका राय को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह 34 कालियागंज (एससी) से गिरधारी प्रमाणिक, 35 रायगंज से मोहित सेनगुप्ता, 36 इटाहर से अमल आचार्य, 37 कुशमंडी (एससी) से बबलू सरकार, 38 कुमारगंज से गुलाम मतुर्जा मंडल, 39 बालुरघाट से प्रदीप कुमार मित्रा, 40 तपन (एसटी) से बंकिम चंद्र टोप्पो, 41 गंगारामपुर (एससी) से जुई बर्मन, 42 हरिरामपुर से सुभाशीष पाल, 43 हबीबपुर (एसटी) से राजेन सोरेन, 44 गाजोल (एससी) से संजय सरकार, 45 चांचल से आसिफ मेहबूब, 46 हरिश्चंद्रपुर से मोस्ताक आलम, 47 मालतीपुर से मौसमी नूर, 48 रतुआ से मोत्ताकिन आलम, 49 मानिकचक से अंसारुल हक, 50 मालदा (एससी) से भूपेंद्र नाथ हलदार, 51 इंग्लिश बाजार से मसूद आलम, 52 मोथाबाड़ी

## टेली-लॉ पहल न्याय सुलभ बनाने का सशक्त माध्यमः उपराष्ट्रपति

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम में कहा कि न्याय तक पहुंच लोकतंत्र की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी है कि न्याय कुछ लोगों का विशेषाधिकार नहीं बल्कि सभी के लिए उपलब्ध अधिकार बने। उपराष्ट्रपति ने रविवार को यहां विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा दिशा योजना के अंतर्गत आयोजित टेली-लॉ पहल पर राष्ट्रीय परामर्श को संबोधित किया। इस अवसर पर विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर टेली-लॉ पहल को कानूनी सेवाओं का लोकतंत्रीकरण करने वाला सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए, खासकर महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित वर्गों के लिए। यह राष्ट्रीय परामर्श न्याय प्रणाली को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करना ही सच्चे अर्थों में लोकतंत्र को मजबूत करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की विभिन्न पहलों का उद्देश्य यह है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या भौगोलिक कारणों से न्याय से वंचित न रहे। टेली-लॉ जैसी पहलें इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।




### हजारीबाग रामनवमी जुलूस में साढ़े तीन सौ जख्मी

# चार की मौत




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग का प्रसिद्ध रामनवमी जुलूस शनिवार देर शाम से लगातार जारी है। जुलूस में 107 अखाड़ा शामिल है। हर जुलूस अपनी गति सीमा के हिसाब से आगे बढ़ रही है। जुलूस की निगरानी डीआईजी,डीसी,एसपी सहित जिले के अन्य अधिकारी कर रहे है। पुलिस अधिकारी सीसीटीवी के जरिए जमा मस्जिद के पास बनाए गए मंच से निगरानी कर रहे हैं। वहीं जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी निगरानी हर जुलूस को रख रहे हैं। उल्लेखनीय हो कि शनिवार देर शाम से निकली रामनवमी जुलूस के दौरान अब तक साढे तीन सौ लोगों के जख्मी होने की खबर है। कई जख्मी लोगों को रांची रिम्स रेफर किया गया है। जबकि चार की मौत भी हो चुकी है। इधर, बड़ी बाजार थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि अबतक लगभग साढे तीन सौ लोग घायल हो गये है। जबकि चार की मौत हो गयी है। इस संबंध में पुलिस दोषियों को चिन्हित करने में लगी हुई है। बताया यह भी जा रहा है।

## स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति का पुनर्गठन

### देशबंधु फिर अध्यक्ष और जितेन्द्र रघुवंशी बने महासचिव

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया है। इसमें देशबंधु को पुनः अध्यक्ष और हरिद्वार के जितेन्द्र रघुवंशी को फिर से महासचिव नियुक्त किया गया है, जबकि द्विजेंद्र मोहन शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित असम हाउस में रविवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता आर. माधवन ने की, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सहयोगी रहे हैं। इस दौरान चुनाव अधिकारी की जिम्मेदारी हरिद्वार के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत भूषण विद्यालंकर ने निभाई। बैठक में वर्तमान अध्यक्ष देशबंधु और महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी को पुनः उनके पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष की आयु को ध्यान में रखते हुए उनके सहयोग के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में द्विजेंद्र मोहन शर्मा को नियुक्त किया गया है।



## राज्यपाल ने रांची में निमार्णाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का किया निरीक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित निमार्णाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं और कर्मियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह परियोजना केवल एक भवन नहीं, बल्कि ज्ञान, अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत दिए गए योगदान की सराहना की। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि रांची को जल्द ही एक वर्ल्ड क्लास मॉडर्न लाइब्रेरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह छह मंजिला पुस्तकालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां एक साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। यह पुस्तकालय न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड के युवाओं के लिए ज्ञान और आत्मविकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करेगी और उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्यपाल ने यह भी बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान बरेली में भी इसी तरह की आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक मॉडल लाइब्रेरी स्थापित की गई थी। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह पहल खासकर ग्रामीण और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, जिन्हें अक्सर संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के प्रथम तल पर देश के वीर सपूतों के चित्र और उनकी जीवनियां प्रदर्शित की जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा ले सकें। संजय सेठ ने कहा कि यह आधुनिक पुस्तकालय देश के चुनिंदा लाइब्रेरी में शामिल होगा और इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग से अध्ययन और बैठने की व्यवस्था की जाएगी।



## उद्योगपति विजयपत सिंघानिया आज होंगे पंचतत्व में विलीन



**मुंबई।** दिग्गज उद्योगपति रेमंड समूह के पूर्व अध्यक्ष और पद्म भूषण से अलंकृत डॉ. विजयपत कैलाशपत सिंघानिया का अंतिम संस्कार आज यहां किया जाएगा। शनिवार को 87 वर्ष की आयु में मुंबई में आखिरी सांस लेने वाले सिंघानिया की आत्मिक शांति के लिए दोपहर डेढ़ बजे हवेली (एलडी रूपारेल मार्ग) में प्रार्थना सभा होगी।

# सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



मुरीः- रविवार के दिन संध्या में रेलवे आदिवासी परिवार,मुरी शाखा द पू रेलवे के तत्वावधान में सरहुल बागान (मुरी रेलवे हॉस्पिटल के सामने) में ह्लसरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रमह्व* का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति एवं प्रकृति-पूजा के प्रतीक सरहुल पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन डॉ. झरिया कच्छप के मार्गदर्शन में कुसुम मुंडा, डी.के. बड़ाइक,विशुन हेमरोम, निरंजन बाघवार, एलिजाबेथ जोसेफ, अरुण कुमार भगत, रतन साउंड, बलबीर सिंह, शिबू पहान,अशिम तिर्की, एस.ए. एक्का, एम.पी. तिर्की, आनंद तिर्की, अशिम तिर्की, अमित कुजूर, एम एल मांझी, प्रकाश उरांव, सहित अन्य जुझारू कार्यकताओं के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

हटिया, रांची से कार्यक्रम की सफलता में एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन के मंडल सचिव विनोद उरांव एवं सदस्यों - हेमलाल लकड़ा,रवि तिर्की, रमेश महली, सकलू उरांव, चुलवा उरांव, प्रदीप तिर्की, लालदेव उरांव, आर.के. उरांव, डी.एस. मुंडा, अरुण खलखो, अमर तिर्की, ए.जे. किंडो,भूषण मिंज, छोटेलाल बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही,जिसमें उर्सलाइन स्कूल की प्रिंसिपल सरिता सिस्टर्स बोदरा , सिस्टर्स एवं छात्र-छात्राओं का दल, हिंदी मीडियम स्कूल छात्रा, अंग्रेजी मीडियम छात्रा, केंद्रीय सरना समिति (सिल्ली) अध्यक्ष गंदुरा उरांव , मांगरा पहान, भवानी मुंडा, नलिन मुंडा, बिरसा उरांव, एतवा उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाचार मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।इस अवसर पर मुख्य सहायक मंडल अभियंता मुरी,रांची मंडल,विशिष्ट अतिथि, एम. मिंज आरपीएफ प्रभारी,प्रिंसिपल सिस्टर्स सरिता बोदरा एवं समस्त सिस्टर्स की टीम एवं अन्य गणमान्य अतिथियों मुरी स्टेशन प्रबंधक, स्टेशन मास्टर, यार्ड मास्टर की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के संचालन निरंजन बाघवार ने किया। कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं सामूहिक सरहुल मिलन के माध्यम से आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही रेलवे के विभिन्न विभागों– टीटीई,एसएसई,जेई, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टीआरडी, इंजीनियरिंग विभाग, मेडिकल विभाग, कॉमर्शियल विभाग आदि अन्य विभागों –के सैकड़ों कर्मचारियों, स्थानीय दुकानदारों, आम जनमानस एवं युवा पीढ़ी की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, सहयोगकताओं एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी समाज की परंपरा, संस्कृति एवं एकता को सशक्त बनाने हेतु ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## परिवार से समाज तक बदलाव का संकल्प, युवा संवाद में दिखी नई सोच

### सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ युवाओं ने भरी हुंकार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



जमशेदपुरः जमशेदपुर में बाल कल्याण संघ एवं मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय ह्ययुवा संवादह्न कार्यक्रम का आज तुलसी भवन जमशेदपुर में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को बाल श्रम, बाल विवाह एवं अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूक कर उन्हें जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार करना था। इस कार्यक्रम में पटमदा, बोड़ाम एवं घाटशिला प्रखंड के कई युवाओं ने भाग लिया। ये सभी युवा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के विशेष अभियान का हिस्सा हैं, जिसके तहत 1000 कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों एवं उनके परिवारों को झारखंड सरकार के सहयोग से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने एवं उन्हें आजीविका से सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में इन युवाओं को इस तरह प्रशिक्षित किया जा रहा है कि वे अपने-अपने गांवों में बच्चों को स्कूल से जोड़ें, बाल श्रम एवं बाल विवाह को रोकें तथा समाज में जिम्मेदारी की भावना विकसित करें। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पहले दिन संवाद सत्र एवं समूह चर्चा के माध्यम से युवाओं ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं की पहचान की और उनके समाधान पर विचार साझा किया। कार्यक्रम में तुलसी भवन के सचिव प्रसेनजीत तिवारी ने सामाजिक जिम्मेदारी क्या है और यह कब राष्ट्रीय जिम्मेदारी बन जाती है इस पर युवाओं को कैसे ग्रहण करना चाहिए इस विषय को विस्तार से बताये।आगे उन्होंने कहा कि बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियाँ भी समाज की मानसिकता, और जागरूकता की कमी से बढ़ती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल समस्याओं को देखने वाले नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनें। 'जरूरत है संयम, सही जानकारी और सामाजिक जिम्मेदारी की। जब युवा ठान लेते हैं, तो वे न केवल अफवाहों को रोक सकते हैं, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों को भी खत्म कर सकते हैं, उन्होंने कहा यदि युवा संकल्प लें, तो बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को पहले परिवार, फिर समाज और अंततः राष्ट्र से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर बदलाव की मिसाल बनें। इस अवसर पर बाल कल्याण संघ के स्टेट हेड शिवानी प्रिया ने कहा कि आज के समय में हर युवा के पास समझ, ऊर्जा और क्षमता है, लेकिन असली बदलाव तब आता है जब यह सोच जमीन पर काम में बदलती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे छोटे-छोटे प्रयासों–जैसे बच्चों को स्कूल से जोड़ना, परिवारों को योजनाओं की जानकारी देना और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाना–को अपनी दैनिक जिम्मेदारी बनाएं। इस दौरान मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के स्टेट हेड नीपा दास ने बाल श्रम एवं बाल विवाह की पहचान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

## विश्व हिन्दू परिषद द्वारा राम उत्सव मनाया गया




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

सिल्लीः- रविवार के दिन बाउल डेरा राधा माधव आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद सिल्ली प्रखंड प्रमुख कंचन सोनार की अध्यक्षता में राम जी के जन्म उत्सव पर संघ के द्वारा वार्षिक राम उत्सव 18 मार्च से 2अप्रैल तक पूरे भारत में मनाया जा रहा है उसी के निमित प्रान्त प्रमुख के दिशानुसार सिल्ली प्रखंड में राम उत्सव मनाया गया, साथ में पथ संचालक राधा माधव आश्रम से काली मंदिर से आश्रम तक किया गया । साथ में भजन... और प्रान्त सत्संग प्रमुख श्री गणेश शंकर बिद्यार्थी द्वारा बौद्धिक किया गया । हिन्दू संगठन को मजबूत बनाने, नये लोगों को हिन्दू रक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद में जोड़ने के लिए कहा गया.....इस कार्यक्रम को सफल बनाने सिल्ली प्रखंड मंत्री शिवलाल महतो, उपाध्यक्ष ऋषिकेश सोनार, सुधीर साहू, पूर्णकलिक अरुणा पाण्डेय, मातृ शक्ति प्रमुख सविता पोद्दार, आचर्या कौशलिया देवी, रीना देवी, देविबाला देवी, संतोषी देवी, अनीता देवी, मीनाक्षी देवी, नैना देवी, पुनम देवी, प्रदीप विश्वकर्मा, चन्दन गोस्वामी, अमित महतो, ललित प्रसाद, पवन कुमार गोस्वामी, महादेव बड़ाईक, आश्रम के पुजारी, अभय साहू आदि कार्यकर्त्ता ने भाग लिया ।

## संसाधनों की कमी के बावजूद कांग्रेस नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने रचा विकास इतिहास

### भ्रम की राजनीति छोड़ें भाजपा, सच्चाई से भाग रहे हैं आदित्य साहूः आलोक दूबे

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



रांचीः झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू द्वारा राज्य सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार और भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जिस तथाकथित ह्लशीश महलह्व की बात कर रहे हैं, वह पूरी तरह से गलत तथ्यों पर आधारित है। झारखंड राज्य के अधिकांश सरकारी भवन और कार्यालय एकीकृत बिहार के समय के बने हुए हैं, जिन्हें आज के समय के अनुरूप विकसित और उन्नत करना आवश्यक है। आलोक दुबे ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उस दौरान केवल भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और कानून व्यवस्था की अनदेखी देखने को मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास, मंत्री आवास, विधायक आवास, झारखंड भवन का निर्माण किसी व्यक्तिगत उपयोग के लिए नहीं, बल्कि एक संस्थागत व्यवस्था के तहत किया जा रहा है। आने वाले समय में जो भी सरकार बनेगी, उसका मुख्यमंत्री और मंत्री इन आवासों का उपयोग करेंगे। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा 64 लाख रुपये के टेंडर को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये बताना जनता को गुमराह करने की साजिश है। यह दोहरी राजनीति का उदाहरण है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। दावोस यात्रा और निवेश को लेकर मुख्यमंत्री पर सवाल उठाने वाली भाजपा का दोहरा चरित्र अब खुलकर सामने आ रहा है। झारखंड की जनता के हक और अधिकार की आवाज उठाने वाले एक आदिवासी मुख्यमंत्री को निशाना बनाना उनकी संकीर्ण सोच को दशार्ता है। जिस भाजपा पर खुद हाथी उड़ाकर झारखंड को दोनों हाथों से लूटने के आरोप लगते रहे हैं, वही आज नैतिकता का पाठ पढ़ाने का दिखावा कर रही है। कोरोना काल में देशभर में सैकड़ों पार्टी कार्यालय बनाने, 15 लाख का सूट पहनने और हजारों करोड़ रुपये की विदेश यात्राएं करने वाले प्रधानमंत्री पर भाजपा की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। पीएम केयर्स फंड में जमा भारी-भरकम राशि और 11 वर्षों में 'विकसित भारत' के नाम पर जुटाए गए फंड पर कोई जवाबदेही नहीं दिखती। ऐसे में स्पष्ट है कि भाजपा को एक आदिवासी मुख्यमंत्री का सशक्त नेतृत्व और जनहित में उठाई गई आवाज पच नहीं रही है, और यही उनकी राजनीति का असली चेहरा उजागर करता है। बगल में हमारा छत्तीसगढ़ है जहां एक साथ अलग राज्य होने के बाद ना भवन थे,ना एयरपोर्ट था, ना विधानसभा थे, कुछ भी नहीं था लेकिन वहां कांग्रेस की नेतृत्व में पहली सरकार बनी छत्तीसगढ़ विकास के मॉडल का उदाहरण है। अंत में आलोक दुबे ने कहा कि भाजपा नेताओं को जनता को भ्रमित करने की राजनीति छोड़कर वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के विकास और जनता के हित में कार्य कर रही है, जिसे बदनाम करने की कोशिशें सफल नहीं होंगी।

## भक्तिमय हुआ भोजुडीह जय श्रीराम के जयघोष के साथ पांच दिवसीय मारुतिनंदन महायज्ञ का आगाज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



टुंडी : टुंडी क्षेत्र के कमारडीह पंचायत अंतर्गत भोजुडीह स्थित हनुमान मंदिर में श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पाँच दिवसीय मारुतिनन्दन महायज्ञ का आयोजन को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. बाजे-गाजे के साथ निकले कलश यात्रा में हाथों में जल से भरा हुआ कलश लेकर 151 कुंवारी कन्याओं रंग-बिरंगे परिधान पहनकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से गोविन्दपुर-टुंडी-गिरीडीह मुख्य पथ से कमारडीह, बादलपुर, बेहड़ा, महाराजगंज, कन्हाईडीह होते कोटालडीह जोरिया पहुंची, जहां यज्ञाचार्य सुरेश पाण्डेय, उपाचार्य गोतम पाण्डेय के द्वारा विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार कर कलश में पवित्र जल भरवाया गया । तत्पश्चात जल भरे कलश को लेकर महिलाओं ने यहां से करीब 5 किमी की दूरी तय करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया गया. इस दौरान जिन जिन रास्तों से कलश यात्रा गुजरी वह क्षेत्र जय श्रीराम तथा यज्ञ देवता के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। यज्ञशाला में कलश स्थापित होने के पश्चात कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को प्रसाद खिला कर तथा शरबत पिलाकर उनका उपवास पूरा करवाया गया। यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और कड़ी धूप को देखते महाराजगंज सोलहाआना के द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जल, लस्सी एवं शरबत आदि की व्यवस्था की थी। कलश यात्रा में भजन गायक कल्याण कुमार रुज के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गा रहे थे इस शोभायात्रा में महिलाओं के हाथों में भगवा ध्वज लिए एवं रामभक्त भजनों के धुन पर नाचते गाते जयश्री राम का जयघोष लगाते हुए चल रहे थे । मुख्य यजमान के रूप में लखन भण्डारी, गिरधारी महतो, बलदेव महतो, भजन साव, सामु महतो को बनाया गया है ये सभी सपत्नीक के साथ यज्ञ में शामिल हैं । यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष बिकाश चन्द्रा ने बताया कि आज रविवार को पूरे विधि-विधान पूर्वक पञ्चाङ्ग पूजन, यज्ञशाला का मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, अरणि मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित, जलाधीवास एवं संध्या संगीतमय आरती होगा तथा पाँच दिवसीय यज्ञ में प्रतिदिन संध्या 7:30 बजे से 10:30 बजे तक कथावचक सुमन आनन्द उपाध्याय के द्वारा राम कथा किया जाएगा । यहाँ सोमवार प्रातः मंडप देवता स्थापन, पूजन, हवन, अन्नाधिवास संध्या मंगलमय आरती एवं रात्रि में दामोदर बाबा के द्वारा झांकी कलाकारों के साथ संगीतमय कथा किया जाएगा, मंगलवार को नित्यार्चन पूजन पाठ, हवन, पुष्पाधीवास, फलाधिवास, संध्या आरती एवं रात्रि में राजेन बाबाजी के द्वारा बांग्ला बाउल संगीत का कार्यक्रम किया जाएगा ।

## चतरा विमान हादसे पर न्याय की मांग तेज, पीड़ित परिवारों ने उठाई आवाज



राँचीः चतरा विमान हादसे को लेकर आज राँची में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें पीड़ित परिवारों ने न्याय, निष्पक्ष जांच और उचित मुआवजे की मांग को जोरदार तरीके से उठाया।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन आजसू डॉक्टर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. पार्थ परितोष, उपाध्यक्ष (आजसू, राँची) ने किया। इस दौरान दिवंगत डॉ. विकास गुप्ता के पिता श्री बजरंगी प्रसाद ने भावुक होकर अपने बेटे के लिए न्याय की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि घटना के इतने समय बाद भी न तो परिवार को उचित मुआवजा मिला है और न ही सरकार की ओर से कोई ठोस सहायता प्रदान की गई है।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी गईः**

- डॉ. विकास गुप्ता के परिवार को कम से कम 5 करोड़ का मुआवजा दिया जाए
- उनके 8 वर्षीय पुत्र की पूरी शिक्षा की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाए
- हादसे की जांच में किसी भी प्रकार की देरी न हो।
- दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।
- सभी पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा एवं सहयोग प्रदान किया जाए।
- घायलों के इलाज में हुए खर्च की पूरी राशि सरकार द्वारा वहन की जाए।

इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार (ईएनटी सर्जन) एवं डी.पी. मिश्रा (कोविड वॉरियर एवं मरीज) ने भी अपने विचार रखते हुए निष्पक्ष जांच और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यह केवल एक परिवार का मुद्दा नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए न्याय, जवाबदेही और संवेदनशील शासन का सवाल है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब ठोस कदम उठाने और पीड़ितों को राहत प्रदान करने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में आयोजकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

## महुआ चुन रही महिला को हाथी ने कुचलकर मारा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा। रविवार की सुबह जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के जामु हरलाडीह में महुआ चुन रही एक महिला को जंगली हाथी ने कुचलकर मार दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 5.30 बजे हरलाडीह की सीता देवी (55 वर्ष, पति स्व रामचन्द्र साव) गांव की अन्य महिलाओं के साथ महुआ चुनने गयी थी। इसी दौरान वहां पहुंचे हाथी ने सीता देवी को गिरफ्त में ले लिया और पटककर और कुचलकर मार डाला। घटना के दौरान अन्य महिलाओं ने वहां से भाग कर अपनी जान बचायी। कुछ दूरी पर महुआ चुन रहे ग्रामीण रसीद मियां ने बताया कि जब तक हमलोग पहुंचे हाथी जा चुका था और महिला की मौत हो गयी थी।

## एक नजर

### रेल म्यूजियम सह हेरिटेज प्लाजा आम जनता का मनोरंजन करने के साथ रेल के इतिहास के सम्बन्ध में ज्ञानवर्धन

गोरखपुरः पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा स्थापित गोरखपुर स्थित रेल म्यूजियम सह हेरिटेज प्लाजा आम जनता का मनोरंजन करने के साथ रेल के इतिहास के सम्बन्ध में ज्ञानवर्धन करता है। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये आम जनता एवं बच्चों की सुविधा हेतु इसके खुलने एवं बन्द होने के समय में परिवर्तन किया गया है। गोरखपुर स्थित रेल म्यूजियम सह हेरिटेज प्लाजा परिवर्तित समयानुसार 01 अप्रैल, 2026 से अपराह्न 02.00 बजे से रात्रि 09.00 तक खुलेगा। इसमें प्रवेश हेतु टिकट बुकिंग का समय रात्रि 08.30 बजे तक रहेगा तथा गेट बन्द होने का समय रात्रि 09.00 बजे तक होगा। रेल म्यूजियम पूर्व की भांति सोमवार के दिन बन्द रहेगा।

### 05101/05102 गोरखपुर-नई दिल्ली-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन

गोरखपुरः रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05101/05102 गोरखपुर-नई दिल्ली-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 07 अप्रैल से 14 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को तथा नई दिल्ली से 08 अप्रैल से 15 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को 29 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05101 गोरखपुर-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 07 अप्रैल से 14 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को गोरखपुर से 16.00 बजे प्रस्थान कर आनन्द नगर से 17.02 बजे, सिद्धार्थनगर से 17.30 बजे, बढ़नी से 18.02 बजे, तुलसीपुर से 18.50 बजे, बलरामपुर से 19.37 बजे, गोंडा से 20.30 बजे, सीतापुर से 23.55 बजे, दूसरे दिन शाहजहाँपुर से 01.27 बजे, बरेली से 02.50 बजे, मुरादाबाद से 04.30 बजे तथा गाजियाबाद से 06.50 बजे छूटकर नई दिल्ली 07.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05102 नई दिल्ली-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक विशेष गाड़ी 08 अप्रैल से 15 जुलाई, 2026 तक प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को नई दिल्ली से 09.45 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 10.32 बजे, मुरादाबाद से 13.00 बजे, बरेली से 14.47 बजे, शाहजहाँपुर से 16.10 बजे, सीतापुर से 17.50 बजे, गोंडा से 21.10 बजे, बलरामपुर से 21.42 बजे, तुलसीपुर से 22.10 बजे, बढ़नी से 22.37 बजे, सिद्धार्थनगर से 23.17 बजे तथा आनन्द नगर से 23.57 बजे छूटकर दूसरे दिन गोरखपुर 01.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, एल.एस.एल.आर.डी. का 01, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 12 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

### एचईसी की समस्याओं को लेकर संघ ने रक्षा राज्य मंत्री से की मुलाकात




रांची। हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की समस्याओं को लेकर एचईसी मजदूर संघ के कार्यकताओं ने रविवार को संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एचईसी की समस्याओं से मंत्री को जानकारी दी। रमाशंकर प्रसाद ने बताया कि एचईसी लंबे समय से आर्थिक, प्रशासनिक और उत्पादन संबंधी कठिनाइयों से जूझ रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान संहिता ने समस्याओं की ओर सेठ का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सेठ से एचईसी के पुनर्जीवन के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने मजदूरों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगी और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### करियर गाइडेंस और एआई इन एजुकेशन' विषय पर सेमिनार आयोजित

रामगढ़। रामगढ़ शहर के चट्टी बाजार स्थित मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में श्री मारवाड़ी सतनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था और मोशन एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'करियर गाइडेंस एवं एआई इन एजुकेशन' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ डॉ एके बेरेलिया, कमल बगड़िया, बिमल बुधिया, मुरारी लाल अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, अमित गोयल, इंदर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर डायरेक्टर कृष्णा अग्रवाल ने बुके देकर स्वागत किया। सेमिनार को मोशन एजुकेशन के डायरेक्टर कृष्णा अग्रवाल, कोडायरेक्टर सृष्टि डालमिया, नीरज कुमार, नदीम ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सही दिशा प्रदान करना एवं आधुनिक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका से अवगत कराया। वही, कोटा एवं रायपुर में मेडिकल एवं इंजीनियरिंग शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। सेमिनार में सेंटर हेड नीरज कुमार, नदीम हसन, सेजल बंसल, नरेंद्र कुमार, प्रीतम मेहरा, सुमन कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मगही और भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटाने का विरोध, सहायक अध्यापकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

पलामू। पलामू के मेदिनीनगर कचहरी परिसर में रविवार दोपहर को झारखंड राज्य सहयोगी संघर्ष मोर्चा पलामू जिला ईकाई की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव एवं संचालन अनुज कुमार दुबे ने किया। बैठक में झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य विनोद तिवारी उपस्थित हुए। बिनोद तिवारी ने कहा कि मगही एवं भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटा दिया गया है, इसे बचाने के लिए राजनीतिक पार्टी , समाजसेवी, छात्र संघ , शिक्षक संघ को एक मंच पर खड़ा होना होगा और सरकार को बताना होगा कि मगही भोजपुरी का आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेगा, जो सरकार के लिए महंगा पड़ेगा, सुनील पाठक ने कहा कि सरकार हमारी भाषा को मिटाकर हमारे मान सम्मान, प्रतिष्ठा, अस्मिता को मिटाना चाहती है जिसे पलामू के लोग सफल नहीं होने देंगे। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पलामू प्रमंडल के सभी नौ विधायकों एवं सभी पूर्व विधायक को मांग पत्र दिया जाएगा और उन्हें इस आंदोलन में शामिल होने के लिए कहा जाएगा। अनुज दुबे ने कहा कि जो युवा डीएलएड, बीएड करके बैठे हुए हैं और टेट के इंतजार में हैं उनसे आग्रह है कि वे इस कार्यक्रम में भाग ले और आंदोलन को मजबूती दें। चैनपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया ने कहा कि पलामू के प्रशिक्षण किए हुए युवा छात्रों के भविष्य के साथ सरकार खेलवाड़ कर रही है, इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुड़ुख और नागपुरी भाषा लागू करने से पलामू प्रमंडल का अस्तित्व खतरे में है। मगही और भोजपुरी भाषा को लागू करवा के ही दम लेंगे। पिंटू सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लोगों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार को कचहरी परिसर में पलामू प्रमंडल के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, मेयर, डिप्टी मेयर को बुलाकर इस आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए विचार विर्मश किया जायेगा।

## एक नजर

### श्याम मन्दिर में श्रद्धा भाव से मना कामदा एकादशी उत्सव



**रांची।** रांची के अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रविवार को कामदा एकादशी उत्सव अत्यंत श्रद्धा भाव के वातावरण में आयोजित किया गया । प्रातः से ही श्री श्याम प्रभु का दर्शन करने के लिए की भारी भीड़ इस पावन दिवस पर उमड़ पड़ी। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को सुंदर नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर जूही , बेला , रजनीगंधा , गुलाब , एवम तुलसी दल की मालाओं से अत्यंत मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया । रात्रि में श्री श्याम प्रभु के जयकारों की बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण संकीर्तन किया गया। इन भजनों की लय पर भक्त झूमते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मेवा फल, खीर, चूरमा और केसरिया दूध का भोग अर्पित किया गया। वहीं रात्रि में महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओम जोशी, रमेश सारस्वत, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, मनोज , प्रदीप अग्रवाल , नितेश केजरीवाल सहित अन्य का सहयोग रहा ।

### सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत



**रांची।** रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के समीप रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे । इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार हादसे में अनगड़ा के नवाडीह के रहने वाले रिश्ते में चचेरे भाई प्रभात महतो और अनिल महतो की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ने बाइक से घर लौट रहे दोनों भाइयों को अपनी चपेट में लिया, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ब्रेक फेल हो जाने की वजह से ट्रक भी सड़क से नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक का पहिया निकल कर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है। डीएसपी सिल्ली अनुज कुमार ने बताया कि एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक पर सवार दो युवकों को कुचल दिया है। इस हादसे में दोनों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान हो चुकी है। मामले में आगे की काईवाई की जा रही है।

### रामोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



खूंटी। तोरपा प्रखंड के धोबी सोसो गांव रविवार को रामोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया हुए शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया। बौद्धिक सत्र के लिए गुमला से आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास कुमार निराला ने लगभग डेढ़ घंटे तक रामायण काल से लेकर महाभारत युग और वर्तमान समय की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान चांपी गांव के लोगों ने वहां के धार्मिक स्थल को लेकर विहिप नेताओं से बातचीत की। सोटेया निवासी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए उपद्रवियों से किसी प्रकार की खरीद-बिक्री नहीं करने तथा उन्हें गांव में प्रवेश नहीं करने देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के एमपी सिंह ने गांवों में एकता और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। वहीं संगठन मंत्री उमेश मांझी ने संगठन विस्तार की बात कहते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की पंचायत कमेटी के गठन का आह्वान किया। इस दौरान दिलीप सिंह को पंचायत अध्यक्ष और लक्ष्मण सिंह को कर्रा प्रखंड मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सैकड़ों महिला-पुरुषों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक सिंह, राजेश सिंह सबल सिंह, विरेश्वर सिंह, अभिषेक सिंह, रामावतार सिंह, फागु साहू, शिवनारायण सिंह सहित अन्य ने योगदान दिया। कार्यक्रम में चांपी, मिटकोरा इचा, गरगंजी, जरिया गढ़, जम्हार, गुमडु , सोटेया, तिरला आदि गांव के सनातनी शामिल हुए।

# देबराज बनर्जी आईआरसीटीसी के पूर्वी जोन में संयुक्त प्रबंधक नियुक्त

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने दी बधाई**



**रांची।** रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल के पूर्व वाणिज्यिक प्रबंधक देबराज बनर्जी को इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के ईस्ट जोन, रांची में संयुक्त महाप्रबंधक के पद पर डिप्युटेशन के आधार पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।
अरुण जोशी ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देबराज बनर्जी का लंबा प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता आईआरसीटीसी की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि बनर्जी के नेतृत्व में यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने विशेष रूप से ट्रेनों में खान-पान सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में यात्रियों की सबसे बड़ी अपेक्षा साफ-सुथरी और विश्वसनीय भोजन व्यवस्था है। बनर्जी के अनुभव से इस क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। जोशी ने यह भी कहा कि नए नेतृत्व में आईआरसीटीसी की सेवाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और यात्री संतुष्टि के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। इससे टाटानगर, रांची, बोकारो जैसे प्रमुख स्टेशनों के साथ-साथ विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों को बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। गौरतलब है कि देबराज बनर्जी ने रेलवे के वाणिज्यिक विभाग में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। आईआरसीटीसी में उनकी नई जिम्मेदारी से पूर्वी क्षेत्र में सेवाओं के विस्तार और सुधार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एचईसी की समस्याओं को लेकर संघ ने रक्षा राज्य मंत्री से की मुलाकात



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**रांची।** हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की समस्याओं को लेकर एचईसी मजदूर संघ के कार्यकताओं ने रविवार को संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद के नेतृत्व में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एचईसी की समस्याओं से मंत्री को जानकारी दी। रमाशंकर प्रसाद ने बताया कि एचईसी लंबे समय से आर्थिक, प्रशासनिक और उत्पादन संबंधी कठिनाइयों से जूझ रहा है। उन्होंने कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान संहिता ने समस्याओं की ओर सेठ का ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने सेठ से एचईसी के पुनर्जीवन के लिए ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने मजदूरों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगी और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### विधायक और राम सूर्या ने असम में किया चुनाव प्रचार



**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने असम विधानसभा आम चुनाव 2026 को लेकर अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया और खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा को असम के सारूपाथर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## खूंटी में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा : सचिव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक रविवार को एसोसिएशन के खूंटी स्थित कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा देने, मैचों के आयोजन, टर्फ विकेट निर्माण, खूंटी प्रीमियर लीग के आयोजन तथा अनुशासन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन में अनुशासन तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह खिलाड़ी हो या पदाधिकारी।

**जेटीईटी नियमावली से भोजपुरी-मगही हटाने पर अभाविप का विरोध**

# सरकार पर लगाया विश्वासघात का आरोप

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के झारखंड प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी) की नई नियमावली से भोजपुरी और मगही भाषा को हटाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राज्य के साथ घोर विश्वासघात करार दिया। प्रकाश टूटी ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय भाषाई विभाजन को बढ़ावा देने वाला खतरनाक कदम है, जो राज्य को आंतरिक कलह और सामाजिक फूट की ओर धकेल सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह फैसला क्षेत्रीय संतुलन और भाषाई विविधता के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल सहित उत्तरी झारखंड के लाखों लोग भोजपुरी और मगही को अपनी मातृभाषा मानते हैं। ये भाषाएं न केवल दैनिक जीवन, बल्कि संस्कृति और शिक्षा से भी गहराई से जुड़ी हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा इन्हें नजरअंदाज करना यह दशार्ता है कि इन क्षेत्रों के लोगों की उपेक्षा की जा रही है। टूटी ने इसे केवल भाषाई नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि भोजपुरी और मगही भाषी लाखों छात्र जेटीईटी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। इससे उनकी योग्यता और अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## जर्जर ढांचे को सुधार रही सरकार, भाजपा फैला रही भ्रम : कांग्रेस

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की ओर से राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है। पार्टी के महासचिव आलोक दुबे ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा नेता जिस तथाकथित शीश महल की बात कर रहे हैं, वह पूरी तरह से गलत तथ्यों पर आधारित है। झारखंड राज्य के अधिकांश सरकारी भवन और कार्यालय एकीकृत बिहार के समय के बने हुए हैं, जिन्हें आज के समय के अनुरूप विकसित और उन्नत करना जरूरी है। दुबे ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उस दौरान केवल भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और कानून व्यवस्था की अनदेखी देखने को मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास, मंत्री आवास, विधायक आवास, झारखंड भवन का निर्माण किसी व्यक्तिगत उपयोग के लिए नहीं, बल्कि एक संस्थागत व्यवस्था के तहत किया जा रहा है। आने वाले समय में जो भी सरकार बनेगी, उसका मुख्यमंत्री और मंत्री इन आवासों का उपयोग करेंगे।

### हटिया कामगार का सम्मेलन 12 अप्रैल को

**रांची।** हटिया कामगार यूनियन कार्यालय, धुर्वा में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केपी साहु ने की, जबकि नेतृत्व उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने किया। बैठक में यूनियन के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से 12 अप्रैल 2026 को यूनियन का सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए लालदेव सिंह ने बताया कि सम्मेलन में केवल यूनियन के सदस्य ही शामिल होंगे।

## रांची के लॉर्ड्स ऑफ ड्रिंक्स बार में पुलिस की छापेमारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार देर रात पुलिस ने लॉर्ड्स ऑफ ड्रिंक्स बार में छापेमारी की। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामग्री या अवैध गतिविधि के सबूत नहीं मिले, लेकिन अचानक हुई इस रेड से बार में मौजूद लोगों और प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। दरअसल, पुलिस को शिकायत मिली थी कि बार में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, साथ ही ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराने और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्तता की आशंका जताई गई थी।

# झारखंड में कहीं तेज धूप, तो कहीं बारिश, 31 मार्च और 2 अप्रैल को येलो अलर्ट

**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आ रहा है। कहीं तेज धूप से गर्मी का असर है, तो कहीं बारिश के कारण लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों तक रांची में हुई बारिश के बाद अब तेज धूप निकल रही है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में अभी भी बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य के कई इलाकों में गर्जन के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है। 31 मार्च को उत्तर-पश्चिमी जिलों को छोड़कर लगभग पूरे राज्य में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं 2 अप्रैल को



दक्षिणी जिलों और उससे सटे मध्यवर्ती क्षेत्रों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके साथ ही इन इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में तापमान में भी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे अधिक रहा, जबकि गुमला में न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली रही, जिससे दोपहर में लोगों को गर्मी का एहसास हुआ। रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें, तो जमशेदपुर में अधिकतम 34.3 और न्यूनतम 24.4 डिग्री, डाल्टनगंज में 36.8 और 20.7 डिग्री, बोकारो में 33.5 और 20.6 डिग्री, चाईबासा में 36.4 और 22.6 डिग्री, खूंटी में 32.2 और 18.5 डिग्री, लोहरदगा में 31.7 और 18 डिग्री, लातेहार में 28.2 और 17.7 डिग्री, सरायकेला में 33.5 और 22.5 डिग्री, पाकुड़ में 26.6 और 19.7 डिग्री तथा गुमला में 33.4 और 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के इस बदलते रुख को देखते हुए विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने, विशेषकर तेज हवा और वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

## *हटिया में हिन्दू संगम का आयोजन, एकता, समरसता और संस्कारों का दिया संदेश*

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**रांची।** हटिया देवी मंडप के प्रांगण में रविवार को हिन्दू संगम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अद्वैत आश्रम के स्वामी अमृतानंद ने हिन्दू समाज में सद्भाव और एकता पर जोर देते हुए भेदभाव-रहित समाज निर्माण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी प्रेम, सहयोग और समानता की भावना से ही संभव है। कार्यक्रम के संरक्षक पद्मश्री महाबीर नायक ने हिन्दू धर्म में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और संस्कारों का निर्माण करते हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी श्रीमंत महाराज ने धर्म के माध्यम से समाज निर्माण पर बल देते हुए कहा कि नैतिकता और आध्यात्मिकता से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। मुख्य वक्ता आशुतोष द्विवेदी ने पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयाम सामाजिक समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर ही राष्ट्र को सुदृढ़, समरस और विकसित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में हटिया क्षेत्र की मातृशक्ति, बंधुओं एवं भगिनियों की बड़ी संख्या ने भाग लेकर सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों ने पौराणिक चरित्रों का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही स्तोत्र, श्लोक और मंत्रों के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक घर से एकत्रित अनाज से ग्राम देवी माता एवं भारत माता को भोग अर्पित किया गया। इसके बाद दुर्गा माता एवं भारत माता की आरती और जयघोष के साथ लगभग 400 से अधिक लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश्वरनाथ मिश्र, डॉ. एन.डी. गोस्वामी, डॉ. उमाशंकर शर्मा, राजा राम सिंह, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्र, मिथिलेश्वर, नर्मदेश्वर मिश्र, राजन वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## ट्रेड फेयर में उमड़ी भारी भीड़, इंटरनेशनल स्टॉल बना मुख्य आकर्षण का केंद्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में आयोजित ट्रेड फेयर में रविवार को लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। छुट्टी के दिन का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में शहरवासियों ने मेले का रुख किया। ट्रेड फेयर में पहुंचे लोगों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण किया और घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर सजावटी सामान, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक आइटम सहित कई उत्पादों की खरीदारी की। परिवार और बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन का भी आनंद लिया। मेले में लगाए गए स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। खासतौर पर इंटरनेशनल स्टॉल पर लोगों को अधिक भीड़ दिखी। अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट की पूरी रेंज उपलब्ध है। अफगानिस्तान के स्टॉल पर भी लोग ड्राई फ्रूट्स की खरीदारी करते नजर आए। थाईलैंड का फुटवेयर भी लोगों को भा रहा है। यहां फुटवेयर 700 रुपये में मिल रहे हैं। फुटवेयर के स्टॉल पर सबसे अधिक भीड़ लड़कियों की हो रही है। बंग्लादेश कि साड़ी भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। यहां साड़ी दो से 10 हजार रुपए तक में बिक रहा है। ट्रेड फेयर में तीन हजार रुपए की खरीदारी करने पर एक आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। गिफ्ट काउंटर पर बिल दिखाने के बाद उपहार ले सकते हैं। वहीं, कई स्टॉल में उत्पादों पर छूट मिल रहा है। फर्नीचर आइटम पर भी भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है।

# हजारीबाग में रामनवमी जुलूस को लेकर रामभक्तों में उत्साह चढ़ा परवान, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

## पारंपरिक कला-कौशल की समृद्ध परंपरा, 107 वर्षों की गौरवगाथा...

ललन कुमार/उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जब पूरे देश भर में रामनवमी समाप्त हो जाता है तो हजारीबाग में पर्व का आगाज होता है। 28 मार्च शनिवार रात लगभग 9:00 बजे से हजारीबाग में रामनवमी जुलूस निकलना शुरू हुआ, जो अब तक लगातार जारी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि रविवार की रात के 12:00 से 1:00 बजे के बीच जुलूस समाप्त होगा।

**108 अखाड़ा की ओर से निकाला जाएगा जुलूस**

इस बार हजारीबाग में कुल 108 अखाड़ों की ओर से रामनवमी का जुलूस निकाला जा रहा है। जुलूस में राम भक्त नाचते-गाते मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। हजारीबाग की रामनवमी ऐतिहासिक है। इसका लगभग 110 साल पुराना इतिहास है।

**रामनवमी जुलूस को लेकर प्रशासन अलर्ट**






वहीं हजारीबाग में रामनवमी जुलूस को लेकर प्रशासनिक टीम शहर में सक्रिय है। अलग-अलग मंच में अलग-अलग पदाधिकारी कमान संभाले हुए हैं। मुख्य मंच जामा मस्जिद रोड के सामने बनाया गया है, जहां उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन समेत कई वरीय पदाधिकारी कैंप कर रहे हैं और राम भक्तों से उत्साह और संयमित रहकर पर्व मनाने की अपील की जा रही है।

इस संबंध में हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि इस बार रामनवमी को लेकर राम भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। शांतिपूर्ण ढंग से लोग जुलूस में हिस्सा ले रहे हैं। अब तक किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। जो तैयारी की गई थी उस अनुसार व्यवस्था चल रही है। रामभक्तों और श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। काफी अधिक गर्मी होने के बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नहीं देखने को मिल रही है। कुल 107 अखाड़ा की ओर से जुलूस निकाला जा रहा है। रविवार को दोपहर 4:00 बजे तक जामा मस्जिद रोड से 26 जुलूस गुजरे हैं और लगभग 81जुलूस अभी भी मार्ग में हैं। वहीं हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि रामनवमी को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। गांव से लेकर शहर तक लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। प्रशासन ने जो तैयारी की थी उसी का परिणाम है कि इतनी भीड़ होने के बावजूद भी किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। उन्होंने लोगों से कानून को अपने हाथों में नहीं लेने और सौहार्दपूर्ण माहौल में रामनवमी पर्व मनाने की अपील की है।

## राम भक्तों के सेवा के लिए सांसद सेवा केंद्र का उद्घाटन, रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय रहा सेवा केंद्र

उज्जवल दुनिया संवाददाता



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग बालिका की नृशंस हत्या के पांच दिन बीत जाने के बावजूद अब तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। घटना के बाद से मृतका के गांव में पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है, लेकिन पीड़ित परिवार को अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं और यह मामला अब स्थानीय से निकलकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुका है। शुक्रवार शाम को अम्बा प्रसाद (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक) ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस तरह की निर्मम घटना मानवता को शर्मसार करती है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की। वहीं, जयराम कुमार (जेएलकेएम सुप्रीमो एवं डुमरी विधायक) ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार को पूरी तरह विफल बताया। उन्होंने कहा कि घटना के पाँच दिन बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। कांग्रेस युवा मोर्चा के नेता कुमार गौरव ने भी घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधियों का किसी समाज या जाति से कोई संबंध नहीं होता, ये सिर्फ अपराधी हैं और इन्हें कठोरतम सजा मिलनी चाहिए। इधर, मामले की जांच में जुटी एसआईटी टीम ने घटना के पाँचवे दिन पुनः घटनास्थल का निरीक्षण किया और कई अहम सबूत एकत्र किए। टीम का नेतृत्व कर रहे एएसपी शुभम नागरगोज ने बताया कि पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## केदारुत रेलवे पटरी के समीप अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी, नही मिली कोई शिनाख्त

### पुलिस ने पहचान के लिए जनता से की अपील



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरही। जिले के पदमा ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत केदारूत गांव के रेलवे पटरी के बगल में स्थानीय लोगों ने अज्ञात शव को देखते ही सनसनी फैल गई। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव को दी, फिर मुखिया प्रतिनिधि ने पदमा थाना को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पदमा पुलिस टीम ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के गांवों और अन्य थानों में भी संपर्क किया है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। पुलिस ने सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों से भी मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। इसके अतिरिक्त, जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से भी विवरण का मिलान कर रही है। केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी का कोई परिचित या रिश्तेदार लापता है और उसका हुलिया इस घटना से मेल खाता है, तो वे तत्काल पदमा थाना से संपर्क करें।

## रामनवमी जुलूस में खोया-पाया





हजारीबाग। रामनवमी जुलूस में अपने परिजनों से बिछड़ गए नाम - आन्या सूर्यवंशी,पिता हरि मेहता, पता न्यू श्री विनायक के पास घर है। अपने परिवार से बिछड़ गई है। जो मुख्य प्रशासनिक मंच पर उपस्थित है। जिला प्रशासन ने पीयूष कुमार एवं आन्या सूर्यवंशी को सकुशल उनके परिवार को सौंप दिया गया है।

**रामनवमी के अवसर भव्य सम्मान समारोह, शेफाली गुप्ता ने आपसी भाईचारे का दिया संदेश**

हजारीबाग। रामनवमी पर्व के अवसर पर समाजसेवी सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए समाज के सभी धर्मों के लोगों को प्रतीक चिह्न के रूप में तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ना सिर्फ एकता एवं संस्कृति बल्कि आपसी भाईचारे का भी प्रतिक बना। समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गंगाधर दुबे, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, कयुम अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और पूरे माहौल में भक्ति और उत्साह देखने को मिला।

## बसंती दुर्गा पूजा में थाना प्रभारी को तलवार और अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा बड़ा अखाड़ा की महासमिति द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को पूजा समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही है। विशेष रूप से पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने पूजा समिति एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही हर पर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। उन्होंने आगे भी क्षेत्र में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।कार्यक्रम के दौरान पूजा समिति अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिन सरोज सोनी, संरक्षक रामसेवक सोनी, शिवदयाल महतो, एवं पूजा समिति के कई गणमान्य सदस्य, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामनवमी जुलूस के दौरान रामभक्तों की सेवा में सक्रिय दिखे सांसद मनीष जायसवाल के हनुमान रंजन चौधरी

## सड़क से लेकर अस्पताल तक सेवा में रहें तत्पर

उज्जवल दुनिया संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग की ऐतिहासिक रामानवमी जुलूस 2026 के दौरान हरेक वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी करीब 650 लोगों को एकादशी की शाम साढ़े छः बजे तक मामूली चोटें आई। एकादशी के शाम 5:00 बजे तक रामनवमी जुलूस के दौरान घायल हुए एक जन को गंभीर अवस्था में रांची रेफर किया गया है, कई जन को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बाकी करीब 650 लोगों को मामूली चोटें आई है। जुलूस के दौरान अक्सर कुछ लोग पारंपरिक हथियार प्रदर्शन के क्रम में चोटिल और घायल हुए, जिन्हें तत्काल विभिन्न स्तरों से उपचार मुहैया कराया गया। दशमी की रात और एकादशी की शाम तक जुलूस में धारदार हथियार से लगने के कारण तीन जन की असामयिक निधन हो गया। नवमी की भी एक जन का निधन भुजाली लगने से हो गया। जिसमें एक पेलावल के 50 साल के अधिक उम्र के व्यक्ति और दो युवा 22 साल से कम उम्र के थे। जिसमें एक सिलवार के और दूसरे बड़ा बाजार ग्वालटोली के रहने वाले थे और दोनों मृतक युवक अपने घर के एकलौते बेटा थे। रामनवमी जुलूस के दौरान ऐसे चोटिलों और जरूरतमंदों की सेवा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके हनुमान कहे जाने वाले उनके सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी बेहद ही सक्रिय दिखे। रंजन चौधरी सामान्य दिनों में भी जरूरतमंद मरीजों की सेवा में समर्पित और तत्पर रहते हैं। लगातार उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल और विभिन्न स्टॉल पर लगे मेडिकल कैंपों का जायजा लिया और यह सुनिश्चित कराने की हरसंभव कोशिश किया कि किसी जरूरतमंद को परेशानी न हो और तत्काल समुचित इलाज उपलब्ध हो सके। नवमी की रात को भारी बारिश के बीच उन्होंने रात भर जगराता कर आरोग्यम हॉस्पिटल और शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में घायलों और मृतकों के परिजनों के साथ डटे रहें। वहीं दशमी की शाम से एकादशी की देर रात्रि तक उनकी सक्रियता रामनवमी रूट और अस्पताल में सेवा के दौरान दिखी। रंजन चौधरी रामभक्तों की सेवा में अपने दर्जनों समर्थकों के साथ इस बार जुटे दिखे।

## भक्ति और उल्लास के बीच चैती दुर्गा की भावभीनी विदाई, डीजे की धुन पर झूमे श्रद्धालु



उज्जवल दुनिया संवाददाता

कटकमसांडी। कटकमसांडी प्रखंड मुख्यालय में चैती दुर्गा पूजा का समापन भक्तिभाव और उत्साह के साथ किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। इस मौके पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। डीजे बाजा की धुन पर युवक-युवतियां, बच्चे और महिलाएं जमकर झूमते और नाचते दिखाई दिए। ह्लजय माता दीह्व के जयघोष से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरे इलाके में उत्साह और भक्ति का संगम देखने को मिला। जुलूस प्रखंड मुख्यालय से निकलकर निर्धारित विसर्जन स्थल तक पहुंचा, जहां विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। चैती दुर्गा पूजा के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने समिति के सदस्यों की सराहना की और अगले वर्ष और भव्य आयोजन की उम्मीद जताई।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यवसायी मनोज कुमार की दर्दनाक मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



बड़कागांव। बड़कागांव थाना क्षेत्र के पूर्व मुखिया बालकृष्ण महतो के पुत्र एवं व्यवसायी मनोज कुमार (55 वर्ष) की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मृत्यु हो गई। यह घटना 28 मार्च की संध्या साहिबगंज के महादेवगंज स्थित एफसीआई गोदाम के समीप हुई, जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार साहिबगंज के आजाद नगर स्थित किराए के मकान से अपने कार्य हेतु शाम करीब 6 बजे चार पहिया वाहन से निकले थे। उन्होंने अपना वाहन एक पेट्रोल पंप के समीप खड़ा किया और वहां से महादेवगंज पहाड़ स्थित एफसीआई गोदाम की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान वे ट्रेन की चपेट में आ गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की तथा स्थानीय थाना को सूचना दी। अगली सुबह पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक शव मिलने की सूचना मिली। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो शव की पहचान मनोज कुमार के रूप में की गई। इस संबंध में उनके पुत्र शुभम कुमार ने जीरवाड़ीह थाना, साहिबगंज में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि मनोज कुमार एफसीआई गोदाम में ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करते थे और अपनी पत्नी के साथ साहिबगंज में रहते थे, जबकि उनका पूरा परिवार हजारीबाग के यशवंत नगर में निवास करता है। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पुत्री एवं बहू सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना से पूरे बड़कागांव प्रखंड में शोक की लहर व्याप्त है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### बसंती दुर्गा पूजा में थाना प्रभारी को तलवार और अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित



बड़कागांव। बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा बड़ा अखाड़ा की महासमिति द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को पूजा समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही है। विशेष रूप से पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने पूजा समिति एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही हर पर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। उन्होंने आगे भी क्षेत्र में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।कार्यक्रम के दौरान पूजा समिति अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिन सरोज सोनी, संरक्षक रामसेवक सोनी, शिवदयाल महतो, एवं पूजा समिति के कई गणमान्य सदस्य, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### श्री चैत्र रामनवमी के अवसर पर सेवा शिविर का आयोजन, जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति



हजारीबाग। डॉ.बसंत दिगम्बर अगासे स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी को ध्यान में रखते हुए एक मेडिकल कैंप सह सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन शहर के जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, महापौर अरविंद राणा तथा उपमहापौर अविनाश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जनप्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक वासुदेव कुशवाहा, ट्रस्ट के सचिव शिव सेवक सिंह, ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्री राम एवं भारत माता की आरती एवं पुष्पांजलि कर की गई । कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। आयोजन के क्रम में आगंतुकों एवं श्रद्धालुओं के बीच अंगवस्त्र, तलवार और लाठी का वितरण भी किया गया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि रामनवमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं एवं प्रतिभागियों की सेवा के उद्देश्य से यह मेडिकल कैंप लगाया गया है , साथ ही चना-गुड़ का भी वितरण किया गया। विदित हो कि यह सेवा कार्यक्रम रविवार रात्रि तक लगातार संचालित होता रहेगा, जिसमें श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन ट्रस्ट के सह सचिव संजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम मे ट्रस्ट के सदस्य गंगाधर दुबे, किशोर कुमार सिंहा, अश्विनी केशरी सहित सेवा भारती के मनोज कुमार गुप्ता, संस्कार भारती के कुमार केशव , वनवासी कल्याण केंद्र के कैलाशपति सहाय, सहित अनेक लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

### कुसुम्भा कांड में आरोपियों की गिरफ्तारी व फांसी की मांग, माले ने दी आंदोलन की चेतावनी

विष्णुगढ़। प्रखंड अंतर्गत कुसुम्भा पंचायत के कुसुम्भा गांव में 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची की हत्या की घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। घटना के पांच दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर भाकपा माले के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को हरसंभव सहयोग का भरोसा देते हुए प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि मंगला जुलूस के दौरान पानी पीने गई बच्ची का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई, जो बेहद दुखद और निंदनीय घटना है। माले नेताओं ने कहा कि सरकारें एक ओर नारी सशक्तिकरण की बात करती हैं, वहीं दूसरी ओर कम उम्र की बच्चियों के साथ ऐसी अमानवीय घटनाएं हो रही हैं, जो कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन का भय समाप्त होता जा रहा है, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। प्रतिनिधियों ने मांग की कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराई जाए और उन्हें कठोरतम फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर गिरफ्तारी नहीं होती है, तो जनता सड़क पर उतरकर विष्णुगढ़ सहित पूरे हजारीबाग जिले को ठप कर देगी। इस दौरान भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य सह जिप सदस्य शेख तैयब, प्रखंड सचिव घनश्याम पाठक, माले नेता जानकी शर्मा, दुलारचंद प्रसाद साव, गुली सिंह, अशोक यादव, मुखिया विनोद रजक, शंकर रजक, घटवार महासभा के अध्यक्ष भोला प्रसाद सिंह, मेघलाल साव, महेश यादव, नंदलाल यादव, करीमुद्दीन अंसारी, मोहम्मद इस्माइल, मुन्ना भुइयां सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरही में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रामनवमी महापर्व, पुलिस-प्रशासन व महासमिति ने रामभक्तों का जताया आभार

## एसडीओ, एसडीपीओ व थाना प्रभारी ने ट्रैफिक व्यवस्था की संभाली कमान, ड्रोन व वॉच टावर से हुई निगरानी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही में रामनवमी महापर्व श्रद्धा, उल्लास और पूर्ण शांति के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं रामनवमी महासमिति ने शांति समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और रामभक्तों का आभार जताया, जिनके सहयोग से पर्व सकुशल सम्पन्न हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीओ जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल व पुनि सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार स्वयं दल-बल के साथ अखाड़ा जुलूस की निगरानी में जुटे रहे। एसडीओ, एसडीपीओ एवं थाना प्रभारी ने सड़क पर उतरकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई



और स्वयं वाहनों का संचालन कराया। बरही चौक पर पुलिस प्रशासन एवं महासमिति की ओर से वॉच टावर स्थापित किया गया था, जहां से पूरे आयोजन की निगरानी की गई। महासमिति अध्यक्ष भगवान केशरी, संरक्षक रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, भाजपा युवा नेता आकाश जायसवाल, हितेश राज, हजारीबाग रोड हनुमान सेना अखाड़ा अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, हजारीबाग रोड अंबेडकर नगर श्रीराम अखाड़ा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, पटना रोड अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, धनबाद रोड महावीर मंडल अखाड़ा अध्यक्ष कपिल साव, धनबाद रोड भगवती मंदिर अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, गया रोड बजरंग अखाड़ा मल्लाहटोली अध्यक्ष शिवा निषाद, श्रीराम सेना अखाड़ा लश्करी, हरला से विनोद यादव, करसो से यमुना यादव, रसोइया धमना से राजकुमार प्रसाद समेत समिति के सभी पदाधिकारियों ने रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरही पुलिस ने 200 से अधिक महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की थी। विभिन्न स्थलों पर दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस की लगातार निगरानी की गई। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की झड़प की स्थिति बनी, लेकिन पुलिस प्रशासन और महासमिति की तत्परता से उसे तुरंत नियंत्रित कर लिया गया, जिससे कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रामनवमी की रात करीब 9 बजे से झांकियों का सिलसिला शुरू हुआ, जो पूरी रात बरही के चारों मुख्य मार्गों से गुजरता रहा। दशमी की सुबह सभी झांकियां तिलैया रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचीं, जहां उन्हें विश्राम दिया गया। इसके बाद शाम 6 बजे झांकियों का दूसरा चरण शुरू हुआ, जिसे देखने के लिए भारी संख्या में रामभक्त उमड़ पड़े। झांकियां देर रात तक धनबाद रोड से होकर भ्रमण करती रहीं और रात्रि लगभग 2 बजे सभी अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंच गईं। इस दौरान बरही चौक पर अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के नेतृत्व में मेडिकल टीम तैनात रही, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। वहीं, सामाजिक कार्यकताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और आमजन के सहयोग से बरही में रामनवमी महापर्व पूरी भव्यता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जो क्षेत्र में आपसी सौहार्द और एकता का संदेश दे गया।

# विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम कुसुंभा के नए निर्भया कांड का उद्वेदन अबिलंब करें जिला प्रशासन: महेंद्र पाठक

## पांच वकीलों का टीम करेगी नए निर्भया कांड कि फैक्ट फाइंडिंग: अनिरुद्ध कुमार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सोनिया देवी, प्रखंड संयोजक समसूल हक के नेतृत्व में विष्णुगढ़ प्रखंड के कुसुंभा में हुई नई निर्भया कांड के संदर्भ में जांच हेतु को कुसुंभा गांव पहुंचा। कुसुंभा में नई निर्भया कांड के पीड़ित परिवार बच्ची के माता-पिता भाई से मिलकर सांत्वना दिया। साथ ही नेताओं ने झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन से इस घटना का अबिलंब उद्वेदन करने की मांग की और झारखंड सरकार से पीड़ित परिवार को 25 लाख कर मुआवजा देने की मांग किया, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा की कुसुंभा की घटना हजारीबाग सहित पूरे झारखंड को शर्मसार करने का काम किया है। रामनवमी जैसे पवित्र त्यौहार में मंगला जुलूस के दौरान यह घटना घटी है। हजारीबाग एवं बिष्णुगढ़ में शांति व्यवस्था को बनाने में जिला प्रशासन विफल रहा, इतनी बड़ी घटना घटने के बावजूद जिला के पुलिस कप्तान या बरिय पदाधिकारी घटनास्थल पर नहीं गए जो नींदनीय है। पाठक ने झारखंड सरकार पर भी उंगली उठाते हुए कहा की झारखंड की सरकार केवल कोयला बालू लोहा की तस्करी में मस्त है। जनता से कोई लेना-देना नहीं अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। रोज-रोज हत्या बलात्कार की घटनाएं घट रही है और सरकार चुप बैठी हुई है। श्री पाठक ने इस घटना को निंदा करते हुए झारखंड सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को 25 लाख मुआवजा और अभिलंब इस घटना का उद्वेदन कर अभियुक्त को गिरफ्तार करने और सजा दिलाने की मांग की है साथ ही उन्होंने सरकार से यह भी कहा कि राज्य में ऐसी घटनाएं नहीं घटे इसके लिए अपराध पर नियंत्रण माफियाओं पर कार्रवाई और खुलेआम जो गुंडागर्दी पूरे राज्य की अंतर्गत चल रहा है उसे पर रोक लगाने की मांग किया है नेताओं ने 24 घंटे के अंदर जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि नहीं तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी साथ में आफताब आलम, साबिर शेख, अहसानुद्दीन खान, सरवर खान, मोहम्मद सद्दाम, पवन कुमार यादव, झमन महतो चंदन कुमार सोनिया देवी कृष्ण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग: डॉ नीरा

कोडरमा। जिले में हाथियों के आतंक से लोग दहशत में हैं और वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर चुकाना पड़ रहा है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में हाथियों की ओर से लगातार लोगों पर हमला करने, उनको मार देने की घटना के लिए पूरे तौर पर वन विभाग और इसके अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार को मरकच्चो के जामू स्थित हरलाडीह गांव में महुआ चुनने गई एक महिला सीता देवी को हाथी ने मार दिया। कोडरमा में बीते एक साल में 12 लोगों की जान हाथियों ने ली है। अभी कुछ दिन पहले ही हाथी ने कोडरमा के मरियमपुर और बोनाकाली में दो लोगों की जान ली थी, वहीं जिले के झरीटांड और ढेबुआडीह जैसे ग्रामीण इलाकों में हाथियों ने पिछले तीन-चार दिनों में कई मवेशियों को मार डाला और गौशालाओं को तहस-नहस कर दिया। इन घटनाओं के बाद अब ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा जिले के वन्य प्राणी आश्रयणी सहित कई जंगली इलाकों में बाहर के लोग बस गए हैं। वन विभाग इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है। यही वजह है कि हाथी जंगल को छोड़कर गांव और शहरों की ओर जा रहे हैं। हाथी परंपरागत रूप से इन इलाकों में आते-जाते रहे हैं पर जब लोग बस गए या रहने लगे हैं तो उनके द्वारा मशाल जलाने या नगाड़ा बजाने से हाथी वहां से भाग कर दूसरे गावों की ओर जा रहे हैं।

# विष्णुगढ़ में आठ अखाड़ों ने निकाली भव्य झांकी, रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड में रामनवमी त्यौहार पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विष्णुगढ़ में कुल अखाड़ों ने भव्य एवं आकर्षक झांकियां निकाली। विष्णुगढ़ के केंद्र बिंदु महंत अखाड़ा चौक में एसआई आशीष कुमार सिंह, एसआई चंदन सिंह, एएसआई संत कुमार पाठक समेत अन्य पदाधिकारियों को भगवा अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। विष्णुगढ़ का सबसे पुराना अखाड़ा बजरंग दल की झांकी में वीर हनुमान जी का रौद्र रूप देखने को मिला। इसके साथ ही बासंती रामनवमी बजरंग दल, संकट मोचन मंदिर हॉस्पिटल चौक, रामनवमी पूजा समिति रमुआ, महावीर दल करोंज मोड़, तेली मुहल्ला शिवशक्ति अखाड़ा (आदर्श संघ), पवन पुत्र अंबेडकर चौक एवं राम दल हरिजन मुहल्ला, विष्णुगढ़ के द्वारा भव्य झाँकी पेश की गई, जो काफी आकर्षक रही।




बताते चले कि झाँकी के दौरान पारंपरिक हथियारों के साथ अनोखे करतब दिखाते नजर आए, बेहतरीन कला-कौशल का परिचय देते हुए अदभुत प्रदर्शन किया। सभी अखाड़ों में भगवान राम से जुड़े भजन एवं जयकारों से पूरा प्रखण्ड गुंजायमान हो गया। उत्साह और उमंग संग भक्ति से ओतप्रोत रामनवमी के दौरान विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन भी काफी मुस्तैद दिखी, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात थे। समाजसेवियो के द्वारा झाँकियो के आराम करने व खाने की व्यवस्था की गई थी। वहीँ पुलिस-प्रशासन ने पेय जल की व्यवस्था कर रखी थी।

# बुढ़िया माता शत चंडी महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ आज होगा समापन

## रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पेटो स्थित बुढ़िया माता मंदिर में चल रहे 11 दिवसीय शत चंडी महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह महायज्ञ केरेडारी और टंडवा प्रखंड के लिए ऐतिहासिक बनता जा रहा है, जहां दूर-दराज से लोग आस्था के साथ पहुंच रहे हैं। महायज्ञ में 18 जोड़ी पुजारियों द्वारा 24 घंटे लगातार हवन-पूजन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना के साथ धार्मिक अनुष्ठान जारी है। उज्जैन से आए आचार्य के मार्गदर्शन में माता स्थान से करीब 10 किलोमीटर तक धोनी यंत्र के माध्यम से मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई दे रही है, जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मंदिर परिसर में लगे मेले में भी लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ-साथ मेले का



आनंद ले रहे हैं। महायज्ञ के दसवें दिन पूरे हो चुके हैं 30 मार्च को इसका समापन होगा। इसी दिन रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। शत चंडी महायज्ञ समिति, बुढ़िया माता द्वारा सभी श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों से इस पावन आयोजन में शामिल होने की अपील की गई है।

# 48 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा बृहद आंदोलन : जयराम महतो

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। प्रखंड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत में 12 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी और हत्या की घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्री अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो विष्णुगढ़ पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए परिजनों को न्याय दिलाने और हर संभव सहायता का भरोसा दिया। इस दौरान उन्होंने डीएसपी से फोन पर बात कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। मीडियाकर्मियों से बातचीत में जयराम महतो ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई यह जघन्य घटना समाज, कानून व्यवस्था और सामूहिक जिम्मेदारी पर गंभीर



सवाल खड़े करती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराई जाए और दोषियों को कठोरतम फांसी की सजा दिलाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।उन्होंने कहा कि घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना अत्यंत निंदनीय है। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अब तक मुख्यमंत्री की ओर से पीड़ित परिवार के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सरकार को चाहिए कि पीड़ित परिजनों को उचित न्याय, सुरक्षा और मुआवजा उपलब्ध कराए। जयराम महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो पूरे झारखंड में जेएलकेएम के बैनर तले सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने यह भी मांग की कि आरोपियों की गिरफ्तारी तक घटना स्थल की मार्किंग कर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग की जाए। इस दौरान जेएलकेएम जिला अध्यक्ष सह उप प्रमुख सरयू साव, केंद्रीय संगठन महासचिव माही पटेल, कुसुंभा पंचायत मुखिया दुलारचंद पटेल, प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, जय प्रकाश सिंह पटेल, इंजीनियर मुकेश कुमार महतो जिला सदस्य टहल महतो, बगोदर प्रखंड अध्यक्ष उमेश महतो,सामजेवी हीरामन महतो, सुशील महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, हेमलाल महतो, प्रकाश महतो, सन्नी कुमार, कमल सिंह, चिंतामन महतो, टेकलाल महतो, भीम महतो, माणिकचंद महतो, रंजीत कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# टोल प्लाजा के विरोध में कांग्रेस ने निकाली बाईक रैली

दुमका। जिले के हंसडीहा से गोड्डा जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुगाबथान के समीप स्थापित टोल प्लाजा के विरोध में अब आंदोलन ने जोर पकड़ लिया है। स्थानीय लोगों की बढ़ती नाराजगी के बीच झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस के महासचिव आर्कादित्य यादव के नेतृत्व में रविवार को हंसडीहा से एक व्यापक बाईक विरोध मार्च निकाला गया। इस मार्च में सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर टोल टैक्स के खिलाफ अपना विरोध जताया। कार्यक्रम की शुरूआत हंसडीहा स्थित गोड्डा रोड से हुई। जहां पहले एक संक्षिप्त सभा आयोजित की गई। इसके बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। रैली में शामिल कार्यकर्ता हाथों में झंडे और बैनर लिए हुए थे। टोल प्लाजा हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। बाईक रैली हंसडीहा से निकलकर पोड़ैयाहाट होते हुए गोड्डा पहुंची। रास्ते में कई जगहों पर स्थानीय लोगों ने रैली का समर्थन करते हुए आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाया। गोड्डा के गांधी मैदान पहुंचते-पहुंचते यह रैली एक बड़ी सभा में तब्दील हो गई। जहां नेताओं ने मंच से अपनी बात रखी। सभा को संबोधित करते हुए यूथ कांग्रेस के महासचिव आर्कादित्य यादव ने कहा कि संथाल परगना का यह इलाका आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा है। जहां के अधिकांश लोग रोजमर्रा के काम, खेती-बाड़ी और छोटे व्यवसाय के लिए इस मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में हर दिन टोल टैक्स देना आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि यह टोल प्लाजा स्थानीय जरूरतों और आर्थिक स्थिति को नजरअंदाज करते हुए लगाया गया है। उन्होंने केंद्र सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह निर्णय पूरी तरह जनविरोधी है।

## एक नजर

### बसंती दुर्गा पूजा में थाना प्रभारी को तलवार और अंगवस्त्र भेंटकर किया सम्मानित



बड़कागांव। बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर बड़कागांव बसंती दुर्गा पूजा बड़ा अखाड़ा की महासमिति द्वारा एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को पूजा समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन की अहम भूमिका रही है। विशेष रूप से पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उनके योगदान की सराहना करते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने पूजा समिति एवं स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही हर पर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। उन्होंने आगे भी क्षेत्र में शांति और भाईचारा बनाए रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।कार्यक्रम के दौरान पूजा समिति अध्यक्ष अरविंद वर्मा, सचिन सरोज सोनी, संरक्षक रामसेवक सोनी, शिवदयाल महतो, एवं पूजा समिति के कई गणमान्य सदस्य, स्थानीय बुद्धिजीवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भगवान महावीर जयंती अहिंसा, सत्य और करुणा का देता है संदेश: संजय सर्राफ



हजारीबाग। हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा है कि भगवान महावीर जयंती जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश और विश्व में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाई जाती है। यह पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को आता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 30 मार्च को एवं कई स्थानों में 31 मार्च को मनाया जाएगा। जैन समाज के लिए यह दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का अवतरण हुआ था, जिन्होंने मानवता को अहिंसा, सत्य और आत्मसंयम का अमूल्य संदेश दिया।भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार वैशाली के कुंडल ग्राम में हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। राजसी जीवन में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने 30 वर्ष की आयु में सांसारिक सुखों का त्याग कर कठोर तपस्या का मार्ग अपनाया। 12 वर्षों की कठिन साधना के बाद उन्हें कैवल्य ज्ञान (सर्वज्ञान) की प्राप्ति हुई और वे महावीर कहलाए। उनके उपदेशों ने जैन धर्म को नई दिशा दी और समाज में नैतिकता एवं मानवता की स्थापना की।महावीर जयंती का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के सिद्धांतों और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने ह्लअहिंसा परमो धर्मःह्व का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उनका मानना था कि हर जीव में आत्मा होती है और किसी भी जीव को कष्ट पहुंचाना पाप है। इसके साथ ही उन्होंने सत्य, अस्तेय (चोरी न करना), ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जैसे पंच महाव्रतों का उपदेश दिया, जो मानव जीवन को संतुलित और शांतिपूर्ण बनाते हैं।इस दिन जैन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। भगवान महावीर की प्रतिमा को सजाकर नगर भ्रमण कराया जाता है और उनके उपदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। भक्तजन दान-पुण्य, जीव दया और सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। गरीबों को भोजन, वस्त्र और दवाइयां वितरित की जाती हैं, जो इस पर्व की सामाजिक महत्ता को भी दर्शाता है।भगवान महावीर की गाथा केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, सहिष्णुता और प्रेम का संदेश दिया। उनके विचार आज के आधुनिक समाज में शांति, सद्भाव और नैतिकता की स्थापना के लिए मार्गदर्शक हैं।अतः महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और मानवता के उत्थान का पर्व है। यह हमें सिखाती है कि सच्चा धर्म वही है, जो दूसरों के प्रति करुणा, सहानुभूति और अहिंसा का भाव रखे। भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाकर ही हम एक बेहतर और शांतिपूर्ण समाज की स्थापना कर सकते हैं।

### विष्णुगढ़ की मासूम बेटी को न्याय दिलाने हेतु आज हजारीबाग बंद

हजारीबाग। विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्षीय अबोध बालिका के साथ हुई दरिंदगी और फिर उसकी निर्मम हत्या की हृदयविदारक घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। इस वीभत्स और अमानवीय कृत्य के विरोध में तथा दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की घोषणा के अनुरूप सोमवार यानी 30 मार्च को हजारीबाग जिला पूर्णतः बंद रहेगा। इस गंभीर विषय पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री जायसवाल ने गहरी संवेदना और आक्रोश व्यक्त करते हुए हजारीबाग जिला वासियों से इस बंदी को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया है। सांसद ने कहा कि हमारी मासूम बेटी के साथ जो हुआ वह मानवता पर कलंक है और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए हम सबको एकजुट होना होगा। उन्होंने जिले के तमाम व्यवसायियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपने-अपने प्रतिष्ठान स्वतः बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में सहभागी बनने का विनम्र आग्रह किया है। हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने भी इस बंदी के समर्थन में जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि महज बंदी का आह्वान नहीं, बल्कि उस अबोध बालिका को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हजारीबाग की सामूहिक आवाज है।

### वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग- डॉ नीरा

कोडरमा। जिले में हाथियों के आतंक से लोग दहशत में हैं और वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर चुकाना पड़ रहा है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में हाथियों की ओर से लगातार लोगों पर हमला करने, उनको मार देने की घटना के लिए पूरे तौर पर वन विभाग और इसके अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि रविवार को मरकच्चो के जामू स्थित हरलाडीह गांव में महुआ चुनने गई एक महिला सीता देवी को हाथी ने मार दिया। कोडरमा में बीते एक साल में 12 लोगों की जान हाथियों ने ली है। अभी कुछ दिन पहले ही हाथी ने कोडरमा के मरियमपुर और बोनाकाली में दो लोगों की जान ली थी, वहीं जिले के झरीटांड और ढेबुआडीह जैसे ग्रामीण इलाकों में हाथियों ने पिछले तीन-चार दिनों में कई मवेशियों को मार डाला और गौशालाओं को तहस-नहस कर दिया। इन घटनाओं के बाद अब ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं। विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा जिले के वन्य प्राणी आश्रयणी सहित कई जंगली इलाकों में बाहर के लोग बस गए हैं। वन विभाग इन पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# गरगा तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब: चैती दुर्गा विसर्जन

## विश्व शांति पदयात्रा और भंडारे में हजारों श्रद्धालु शामिल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**बोकारो (जैनामोड़)।** जरीडीह प्रखंड के आरालडीह पंचायत अंतर्गत गरगा नदी तट स्थित आरोग्यधाम (36 देव धाम) में चैती दुर्गा पूजा का भव्य समापन आस्था, भक्ति और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम के साथ हुआ। मूर्ति विसर्जन, विश्व शांति पदयात्रा और विशाल भंडारे के आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया, जहां हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी ने इसे ऐतिहासिक स्वरूप दे दिया। दुर्गा महारानी सेना सामाजिक संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महाआयोजन में झारखंड ही नहीं, बल्कि विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। टाड़बालीडीह से शुरू हुई विश्व शांति पदयात्रा 36 देव धाम मंदिर तक पहुंची, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ते वैश्विक तनाव और संघर्षों के बीच शांति, सद्भाव और मानव कल्याण की कामना की। पदयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति गीतों, जयकारों और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। संस्थान के अध्यक्ष राजवर्धन ने बताया कि आरोग्यधाम में मां दुर्गा इस वर्ष भी महादानी सम्पति माई के स्वरूप में विराजमान रहीं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में शांति, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। गरगा नदी के किनारे विकसित हो रहा 36 देव धाम आने वाले समय में एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ कोल्हान, मयूरभंज, बारीपदा, चाकुलिया समेत अन्य स्थानों से आए श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही। महिला श्रद्धालुओं और स्वयंसेवकों की भी उल्लेखनीय भूमिका रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूरे कार्यक्रम का संचालन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊर्जा दी, बल्कि सामाजिक समरसता और विश्व शांति का भी मजबूत संदेश दिया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

## एक नजर

### फिटनेस की ओर मजबूत कदम: बीएसएल साइक्लोथॉन 2026 का भव्य आयोजन




**बोकारो।** फिटनेस, स्वच्छ पर्यावरण और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 29 मार्च को ह्यसेल-बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट के तहत किया गया, जिसमें बोकारो सहित विभिन्न शहरों से आए 600 से अधिक साइकिलिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, चित्त रंजन मिश्रा, अनीष सेनगुप्ता, अनुप कुमार दत्त, डॉ. बिभूति भूषण करुणामय तथा विकास मनवटी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सुबह 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के पास से शुरू हुई यह 14 किलोमीटर लंबी साइक्लोथॉन दो राउंड में पूरी की गई। प्रतिभागियों ने पथरकट्टा चौक, राम मंदिर चौक, राजेंद्र चौक और गांधी चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर वापसी की। प्रतिभागियों की सुरक्षा, पेयजल और चिकित्सीय सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे आयोजन पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित रहा। पुरुष एवं महिला श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक ट्रू गांधीयन समूह की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा




**बोकारो।** रविवार को स्थानीय नगर उद्यान में ट्रू गांधीयन समूह की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समूह द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समूह के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबू ने की। अध्यक्ष तारा बाबू ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि समूह पिछले दो वर्षों से लगातार गांधीवादी विचारों के प्रसार के साथ-साथ समाज के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान शैलेश कुमार दुबे ने रांची में हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उठाए गए मुद्दों—जैसे जलवायु परिवर्तन, निजीकरण और जन कल्याण—पर विस्तृत जानकारी साझा की। वहीं, समूह के सचिव रीतेश चौबे ने अब तक किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सदस्यों ने आगामी दिनों में गांव की ओर अभियान और जनजागरण कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, संस्था के शीघ्र निबंधन का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। अनुप चौबे ने जानकारी दी कि अप्रैल माह में झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा प्रस्तावित सम्मेलन में समूह के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जहां राज्य की ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में आरपी वर्मा ने गांधीवादी विचारों पर आधारित कविता का पाठ कर माहौल को प्रेरणादायक बना दिया। इस दौरान उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा, विकास पांडेय, कुमार राकेश, अनिता सिंह सहित कई सदस्यों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पंकज चौधरी, कंचन कुमारी, राम कुमार महतो, सुनील कुमार सिंह, कृष्णा कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद के पंचांगयुक्त कैलेण्डर का लोकार्पण



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो में मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से तैयार वार्षिक पंचांगयुक्त कैलेण्डर 2026-27 का लोकार्पण शनिवार देरशाम सेक्टर 4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने इसका लोकार्पण किया। हर साल जारी होने वाला परिषद का कैलेंडर इस बार भी अपने-आप में विशिष्ट है, क्योंकि इसमें अंग्रेजी व हिन्दी तिथियों के साथ-साथ मिथिला पंचांग भी समाहित है। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रकाशित इस वार्षिक कैलेंडर में मिथिला पंचांग, परिषद की सामाजिक, साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा पर्व-त्योहार के साथ-साथ विवाह, उपनयन, मुंडन सहित विभिन्न तिथियों की उपयोगी जानकारी भी दी गई है। इसके अलावा परिषद की ओर से संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की उल्लेखनीय उपलब्धियों को भी सचित्र समाहित किया गया है। श्री चौधरी ने इस अवसर पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के साथ-साथ आपसी एकजुटता पर भी विशेष बल दिया। उक्त अवसर पर महासचिव श्री चौधरी के अलावा मुख्य रूप से मिथिला सांस्कृतिक परिषद के कोषाध्यक्ष मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, सचिव दिलीप झा, परिषद के निदेशक मंडल सदस्य विजय कुमार झा, के सी झा, मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित सीमा झा, विनीता राय, बटोही कुंवर, रवीन्द्र झा, श्रीमोहन झा, अविनाश झा अवि, गोविन्द कुमार झा, अरविंद मिश्र, विनय दरिहरे, विवेकानंद झा, मनोज कुमार झा, विश्व नाथ झा, ऋषिकेष चौधरी, पशुपति झा, प्रदीप झा, एस के झा, गणेश झा, शंकर सिंह, प्रकाश झा आदि उपस्थित रहे।

## भक्तिमय हुआ भोजुडीह जय श्रीराम के जयघोष के साथ पांच दिवसीय मारुतिनंदन महायज्ञ का आगाज

### टुंडी के भोजुडीह में श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पाँच दिवसीय मारुतिनन्दन महायज्ञ का आयोजन को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**टुंडी।** टुंडी क्षेत्र के कमारडीह पंचायत अंतर्गत भोजुडीह स्थित हनुमान मंदिर में श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पाँच दिवसीय मारुतिनन्दन महायज्ञ का आयोजन को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. बाजे-गाजे के साथ निकले कलश यात्रा में हाथों में जल से भरा हुआ कलश लेकर 151 कुंवारी कन्याओं रंग-बिरंगे परिधान पहनकर चल रही थी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से गोविन्दपुर-टुंडी-गिरीडीह मुख्य पथ से कमारडीह, बादलपुर, बेहड़ा, महाराजगंज, कन्हाईडीह होते कोटालडीह जोरिया पहुंची, जहां यज्ञाचार्य सुरेश पाण्डेय, उपाचार्य गोतम पाण्डेय के द्वारा विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार कर कलश में पवित्र जल भरवाया गया । तत्पश्चात जल भरे कलश को लेकर महिलाओं ने यहां से करीब 5 किमी की दूरी तय करते हुए यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किया गया. इस दौरान जिन जिन रास्तों से कलश यात्रा गुजरी वह क्षेत्र जय श्रीराम तथा यज्ञ देवता के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। यज्ञशाला में कलश स्थापित होने के पश्चात कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को प्रसाद खिला कर तथा शरबत पिलाकर उनका उपवास पूरा करवाया गया। यात्रा के दौरान भीषण गर्मी और कड़ी धूप को देखते महाराजगंज सोलहआना के द्वारा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जल, लस्सी एवं शरबत आदि की व्यवस्था की थी। कलश यात्रा में भजन गायक कल्याण कुमार रुज के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गा रहे थे इस शोभायात्रा में महिलाओं के हाथों में भगवा ध्वज लिए एवं रामभक्त भजनों के धुन पर नाचते गाते जयश्री राम का जयघोष लगाते हुए चल रहे थे । मुख्य यजमान के रूप में लखन भण्डारी, गिरधारी महतो, बलदेव महतो, भजन साव, सामु महतो को बनाया गया है ये सभी सपत्नीक के साथ यज्ञ में शामिल हैं । यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष बिकाश चन्द्रा ने बताया कि आज रविवार को पूरे विधि-विधान पूर्वक पञ्चाङ्ग पूजन, यज्ञशाला का मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, अरणि मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित, जलाधीवास एवं संध्या संगीतमय आरती होगा तथा पाँच दिवसीय यज्ञ में प्रतिदिन संध्या 7:30 बजे से 10:30 बजे तक कथावचक सुमन आनन्द उपाध्याय के द्वारा राम कथा किया जाएगा । यहाँ सोमवार प्रातः मंडप देवता स्थापन, पूजन, हवन, अन्नाधिवास संध्या मंगलमय आरती एवं रात्रि में दामोदर बाबा के द्वारा झांकी कलाकारों के साथ संगीतमय कथा किया जाएगा, मंगलवार को नित्यार्चन पूजन पाठ, हवन, पुष्पाधीवास, फलाधिवास, संध्या आरती एवं रात्रि में राजेन बाबाजी के द्वारा बांग्ला बाउल संगीत का कार्यक्रम किया जाएगा, बुधवार को नित्यार्चन पूजन पाठ, हवन, अधिवास, देवस्नपन, नगर भ्रमण, शैय्याधीवास, आरती, एवं रात्रि में जामताड़ा के मिहिजाम की रहने वाली- भांग पी के गाड़ी न चलाईह हो ड्राइवर भैया... गीत से सुर्खियों में आई कुमकुम बिहारी के द्वारा भक्ति जागरण किया जाएगा वहीं गुरुवार को नित्यार्चन पूजन पाठ, प्राण प्रतिष्ठा, सामूहिक हवन, पूणार्हुति, आरती, प्रसाद वितरण व महा भण्डार के साथ पाँच दिवसीय यज्ञ का समापन्न होगा । मौके पर यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों के अलावे आस पास के लगभग 1500 से अधिक की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान टुंडी थाना प्रभारी उमा शंकर पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे । मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कमारडीह मुखिया जय नारायण मण्डल, तालेवर महतो शामिल हुए, यज्ञ को सफल संचालन को लेकर मनु कुमार दे, बिकाश चन्द्रा, दिलीप महतो, मदन महतो, प्रहलाद चंद्रा, लक्ष्मण तुरी, दुर्गा प्रसाद महतो, सूकर रजवार,योगेश महतो, राजेंद्र तुरी, काशीनाथ महतो, हीरालाल महतो, घनश्याम महतो, प्रेमशंकर महतो, बिरु चंद्र दे, बलराम महतो समेत बड़ी संख्या में यज्ञ समिति के लोग शामिल थे।

## सरायढेला में वाश एंड शाइन का विधायक रागिनी सिंह ने किया उद्घाटन




**धनबाद।** सराय ढेला स्थित आयान कंपलेक्स के नीचे तल्ले में वाश एंड शाइन का उद्घाटन मुख्य अतिथि झरिया विधायक रागिनी सिंह, सिद्धार्थ गौतम व मिनी सिद्धार्थ गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रागिनी सिंह ने ऑनर हर्ष राज को बेहतर लॉन्ड्री और ड्राई क्लीनिंग की सेवाएं देने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री रामसेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह,इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन की रेनू कौशल और लीना झा, हरिश सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह उपस्थित थे । उदय प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठान की इस इलाके में बहुत ही जरूरत थी।हर्ष राज ने बताया कि वाश एंड शाइन लॉन्ड्री और ड्राई क्लीन में एक्सपीरियंस गारमेंट वास एंड केयर प्रीमियम धुलाई और देखभाल सेवाएं प्रदान करता है, जो कपड़ों की गुणवत्ता, रंग और बनावट को बनाए रखने के लिए विशेष तकनीकों (जैसे स्टीम क्लीनिंग, जेंटल वाश) का उपयोग करते हैं। वे नाजुक कपड़ों, ऊनी कपड़ों, और भारी परिधानों के लिए अनुकूलित सफाई समाधान प्रदान करते हैं। बताया कि वाश एंड शाइन के स्लोगन प्रोफेशनल केयर फोर एव्री वियर के तर्ज पर लोगों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करते हैं। साथ ही बताया कि 2000 और 5000 रुपयों के रिचार्ज के साथ मेंबरशिप पैकेजेस भी उपलब्ध है जिसमें 2000 में 15 प्रतिशत और 5000 के रिचार्ज में 25 प्रतिशत का इनॉग्रल डिस्काउंट ऑफर दिया गया है और सबसे खास बात वाश एंड शाइन में होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। राजन प्रसाद और राजेश कुमार ने ग्राहकों और अतिथियों का उद्घाटन समारोह में स्वागत अभिनंदन किया।

## सनातन धर्म सर्वहितकारी, शाश्वत और मानवता का मार्गदर्शक : उपेन्द्र शास्त्री

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बोकारो।** रामनवमी के पावन अवसर पर चास के पुनर्वास क्षेत्र बांधगोड़ा स्थित माँ कल्याणेश्वरी विवाह मंडप में तरुणोदय क्लब द्वारा आयोजित 14वें प्रवचन सह भक्ति जागरण ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भक्ति व आध्यात्मिक प्रवचनों का रसास्वादन करते रहे। प्रवचनकर्ता उपेन्द्र शास्त्री एवं साध्वी मनु शर्मा ने अपने प्रभावी संबोधन में सनातन धर्म की मूल भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि सनातन धर्म वही है जो स्वयं में शुद्ध, शाश्वत और सबके लिए समान रूप से हितकारी हो। यह धर्म किसी एक वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म जीवन जीने की ऐसी पद्धति है, जो सदा से विद्यमान है और अनंत काल तक बनी रहेगी। क्लब के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि हनुमंत महोत्सव के तहत यह पांच दिवसीय प्रवचन एवं भक्ति जागरण कार्यक्रम पिछले 13 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम स्थल पर गूंजते जयघोष 'धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो' ने माहौल को और भी ऊर्जावान बना दिया। आयोजन को सफल बनाने में रंजीत कुमार के अलावा क्लब के दुबराज कुमार, धनंजय कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, अंकित कुमार, श्रावण कुमार, मनभुल कुमार, माधव कुमार सहित क्लब के कई पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रहे। पांच दिवसीय श्री श्री 108 कुमार हनुमंत महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भंडारा और संध्या प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी देखने को मिल रही है। यह आयोजन आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का भी सशक्त संदेश दे रहा है।

## हर प्रखंड में सजा न्याय का दरबार, बोकारो में मेगा विधिक शिविर

### 14 हजार से अधिक लोगों को 12.80 करोड़ का लाभ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो।** न्याय को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में बोकारो जिले में रविवार को एक बड़ी और प्रभावशाली पहल देखने को मिली। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिले के सभी नौ प्रखंडों में मेगा विधिक सशक्तीकरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो अनिल कुमार मिश्रा (नं.-2) के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में जिला प्रशासन ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सुबह 10 बजे से प्रखंड सभागारों और निर्धारित स्थलों पर शुरू हुए इन शिविरों में न्यायिक अधिकारियों की निगरानी में व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई थी। हर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम पूरी तरह मुस्तैद रही, जिससे शिविरों का संचालन सुव्यवस्थित और प्रभावी ढंग से हो सका। चास, चंदनकियारी, चंद्रपुरा, जरीडीह, कसमार, पेटरवार, गोमिया, बेरमो और नावाडीह—सभी प्रखंडों में अलग-अलग स्थानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनता को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाना था। शिविरों में पहुंचे लोगों को मौके पर ही कानूनी परामर्श दिया गया, दस्तावेजों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया और कई मामलों में मध्यस्थता के जरिए विवादों का त्वरित निपटारा भी किया गया। इससे लोगों को न्याय पाने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ी। इस पूरे आयोजन की कमान अरुण कुमार दुबे, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के हाथों में रही। उनके नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों, मीडिएटर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स, पैनल वकीलों, पैरा-लीगल वॉलंटियर्स और विभिन्न एनजीओ के सदस्यों की टीमों ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए शिविरों को सफल बनाया। हर प्रखंड में स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविरों में उमड़ी भीड़ और लोगों की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि ऐसे प्रयासों की समाज में कितनी जरूरत है। कुल 14,021 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 12,80,11,538 की राशि के बराबर योजनाओं का लाभ और परिसंपत्तियां प्रदान की गईं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल हुआ घोषित

**नावाडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तेलो में पिछले दिनों परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना स्थल पर प्रबंध कारिणी समिति के सचिव संतोष कुमार, सुधारजंन हाई स्कूल शिक्षक सेवा निवृत एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर संपूर्ण वंदना की गई। तत्पश्चात सभी भैया- बहनों एवं अभिभावकों के बीच वार्षिक परीक्षा परिणाम परीक्षा प्रमुख संजय एवं सह प्रमुख अश्विनी प्रमाणिक द्वारा घोषित किया गया ।

शिशु वाटिका में कक्षा अरूण की पूजा कुमारी ने 99.40 ?, शिशु वर्ग में कक्षा चतुर्थ की साक्षी कुमारी 91.75 ?, बालवल्लभ में कक्षा अष्टम के ओजस राज ने 89.88 ? एवं किशोर वर्ग के कक्षा नवम के आदर्श राज ने 93.50 ? अंक प्राप्त किए।

साथ ही संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि जो पिछले वर्ष प्रथम , द्वितीय, तृतीय आए होंगे, हो सकता है वह इस वर्ष ना आए हो, इससे घबराना नहीं है। मेहनत करते रहना है। मेहनत करने वाले ही ऊँचे स्थान को प्राप्त करता है। इसके बाद माननीय सचिव महोदय श्री संतोष कुमार जी ने भैया-बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहे, मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती है। सही दिशा में मेहनत करें सफलता अवश्य मिलेगी। तत्पश्चात अभिभावकों के समक्ष प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे भैया - बहनों को पुरस्कृत किया गया।

## पत्रकार धर्मनाथ कुमार को पितृशोक

**बोकारो।** दैनिक अखबार के पत्रकार धर्मनाथ कुमार के पिता सामदेव भगत (79 वर्ष)का रविवार को निधन हो गया। ब्रेन हेमरेज की वजह से उन्हें बोकारो जेनरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान दोपहर आज दिन के करीब 3 बजे उनका निधन हो गया। निधन पर पत्रकार धर्मनाथ समेत पूरा परिवार शोक में है। सामदेव भगत अपने पीछे पत्नी देवी के अलवा तीन पुत्र धर्मनाथ कुमार, धर्मराज, धर्मदास व दो बेटी सुनिता देवी, सावित्रि कुमारी के अलावा कई नाती-पोते छोड़ गए हैं। धर्मनाथ कुमार ने बताया कि पिता स्वर्गीय सामदेव भगत का अंतिम संस्कार सोमवार को दिन के करीब 11 बजे बीएसएल झोपड़ी कॉलोनी के समीप किया जाएगा।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह एवं मुद्रक एस. एच. प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची -835222 द्वारा झारखंड से मुद्रित एवं एसटी-663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः मानवेन्द्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी ) : फोन नं. 8709022665, PRGI N0. - JHAHIN/2014/59794

# महादेवगंज में रेलवे ट्रैक किनारे मिला एफडीआई ठेकेदार का शव

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के महादेवगंज के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे पोल संख्या 235/3 के पास रविवार को एफसीआई ठेकेदार सह मैनेजर का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। उधर रविवार सुबह जैसे ही स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी तो तुरंत इसकी सूचना रेलवे कर्मियों और पुलिस को दी गई। उधर प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 56 वर्षीय मैनेजर मनोज कुमार का शव महादेवगंज गांव से सटे रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ था। जहां शव की स्थिति काफी गंभीर थी जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह किसी मालगाड़ी की चपेट में आ गया होगा। वही मृतक के शरीर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं जहां शव का हालत देखकर यह स्पष्ट है कि हादसा काफी दर्दनाक रहा होगा। उधर मृतक ठेकेदार सह मैनेजर मनोज कुमार झारखंड के हजारीबाग जिले के रहने वाले थे जो वर्तमान समय में आजाद नगर में किराए के मकान में रह रहे थे। उधर शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय थाना पुलिस और रेलवे के कर्मचारी पहुंचे। जहां प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सबसे पहले स्टेशन प्रबंधन को सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्हें मौके पर भेजा गया। वही शव मिलने के बाद स्थिति गंभीर देखकर तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के सही कारणों का पता चल सकें। वही पुलिस का कहना है कि फिलहाल यह मामला ट्रेन से कटने का लग रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। इधर ठेकेदार के साथ काम करने वाले सुरेश यादव ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम को मृतक अपने बोलेरो में डीजल भरवाने के लिए महादेवगंज स्थित एक पेट्रोल पंप गए थे, लेकिन रात को वे वापस नहीं लौटे थे। जहां रविवार को मृतक का वाहन पेट्रोल पंप पर ही खड़ी मिला ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब ठेकेदार पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने गए थे और उनका वाहन भी पेट्रोल पंप पर ही खड़ी पाया गया है तो, फिर ठेकेदार रेलवे लाइन कैसे पहुंच गए? क्या यह घटना किसी साजिश के तहत अंजाम दिया गया, या उन्हें वहां मौत खींच लाई। अब यह हत्या है या आत्महत्या या फिर एक सामान्य हादसा, यह जांच का विषय है।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि हाटगम्हरिया गांव की रहने वाली शनिवारी सिंकु ने अपने घर से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत शनिवार को थाना में दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर हाटगम्हरिया थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपित ने बताया कि उसने पहले दिन में घर की रेकी की थी और रात में चारदीवारी के भीतर घुसकर बिना लॉक लगी मोटरसाइकिल को धक्का देकर चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच09एफ6132) बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वजरंग खण्डाईत (24 ) के रूप में हुई है। वह हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है।



## रेस्टोरेंट के मालिक राजकुमार गोप एवं उनके दो साथी से ऑडियो मैसेज भेज कर एक करोड़ रंगदारी की मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**लोधमा।** दिनांक-27.12.2025 को ग्राम लोधमा स्थित टिटोस रेस्टोरेंट के मालिक राजकुमार गोप एवं उनके दो साथी पुष्कर महतो एवं पिंटु कच्छप को संगठित अपराधिक गिरोह प्रिंस खान द्वारा इण्टरनेट कॉल के माध्यम से ऑडियो मैसेज भेज कर एक करोड़ रंगदारी की मांग की गई तथा पैसे नहीं देने पर लगातार धमकी दिया जता रहा था, उसी क्रम में जब रंगदारी का पैसे नही मिला तो अपने गिरोह के लड़को के माध्यम से दिनांक-07.03.2026 को ळौ ळ३ङ्क२ फी२३४१ल्ल३ में फायरिंग करवाया गया था, जिसमें रेस्टोरेंट के एक स्टाफ को गोली लगने से मृत्यु हो गई थी। जिसके संदर्भ में एयरपोर्ट थाना कांड सं0-12/26 दि०-08.03.2026 धारा-103 (1)/109(1)/111(3) (4) (6) (7)/308(3) (4) (6)/351(3)/61(2) इठर & 27(3) आर्म्स एक्ट अंकित कर घटना के उदभेदन हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, महोदय रांची द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर, रांची के निर्देशन में एक एस०आई०टी० टीम गठित किया गया था। एस०आई०टी० टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त अपराधियों में से 04 अपराधियों को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त :-
सचिन यादव पे० स्व० पवन यादव, सा० करकेन्द बाजार थाना पुटकी, जिला धनबाद।
आपराधिक इतिहास-
1. जोगता थाना कांड सं0-45/17 धारा-396 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट
2. राजगंज थाना कांड सं0-50/17 धारा-395 भा०द०वि०
3. बैंक मोड़ थाना कांड सं0-158/21 धारा-385/387/34/120बी भा०द०वि०
4. पुटकी थाना कांड सं0-71/23 धारा-379 भा०द०वि०
5. पुटकी थाना कांड सं0-70/23 धारा-379 भा०द०वि०
6. पुटकी थाना कांड सं0-55/23 धारा-385/34 भा०द०वि०
7. बैंक मोड़ थाना कांड सं0-227/23 धारा-379/414/34 भा०द०वि०
8. बैंक मोड़ थाना कांड सं0-18/25 धारा-351 (2)/61 (2)/3(5) इठर एवं 25 (1-इ)/26/35 अ१२ अू३ & 4/5/6 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम ।

## झील से महिला का शव बरामद

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना झील से रविवार को 43 वर्षीय महिला का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान सोनारी कुम्हार पाड़ा निवासी संजू साहू (पतिझ्देवानंद साहू) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर कुछ स्थानीय लोगों ने झील में एक महिला का शव तैरता देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना तुरंत बोड़ाम थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को झील के गहरे पानी से बाहर निकाला। पुलिस जांच के दौरान शव के पास से एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड, तीन सिम कार्ड, नकदी सहित अन्य सामान मिले। इन दस्तावेजों के आधार पर महिला की पहचान संजू साहू के रूप में की गई। बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## करनडीह में हीरो सर्विस सेंटर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित करनडीह चौक के पास एक हीरो टू-व्हीलर सर्विस सेंटर में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात अपराधियों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर से करीब 50 से 55 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। सर्विस सेंटर में कार्यरत कर्मचारी तपन पाल के अनुसार, 28 तारीख की शाम करीब ०7 बजे रोजाना की तरह काम खत्म कर सभी कर्मचारी प्रतिष्ठान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह जब वे वापस लौटे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा गया कि कैश काउंटर की खिड़की खुली हुई थी और गल्ले का लॉक भी तोड़ा गया था, जिसमें रखी पूरी नकदी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि इस चोरी की घटना में तीन लोग शामिल थे। सभी ने अपने चेहरे को मास्क से ढक रखा था। फुटेज में साफ दिख रहा है कि अपराधी पहले ताला तोड़ते हैं, फिर सीधे कैश काउंटर तक पहुंचकर नकदी निकालते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं। तपन पाल ने बताया कि यह सर्विस सेंटर पिछले छह वर्षों से अधिक समय से संचालित हो रहा है, लेकिन इस तरह की चोरी की घटना पहली बार हुई है। घटना के बाद तुरंत परसुडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची।

## कृषि मैदान में एकदिवसीय शिव गुरु महोत्सव कार्यक्रम हुई आयोजित, भारी संख्या में जुटे शिव भक्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** शिव शिष्य हरींद्रानंद फाउंडेशन, साहिबगंज के तत्वावधान में जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कृषि मैदान में एकदिवसीय शिव गुरु महोत्सव आयोजित की गई। जहां उक्त कार्यक्रम का आयोजन महेश्वर शिव के गुरू स्वरूप से एक एक व्यक्ति का शिष्य के रूप में जुड़ाव हो सकें इसी बात को सुनाने और समझाने के निमित्त किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार शिव शिष्य हरीन्द्रानंद ने सन 1974 में शिव को अपना गुरू माना था। जहां 1980 के दशक तक आते आते शिव की शिष्यता की अवधारणा भारत भूखण्ड के विभिन्न स्थानों पर व्यापक तौर पर फैलती चली गयी। वही शिव शिष्य हरीन्द्रानंद और उनकी पत्नी शिव शिष्या दीदी नीलम आनंद के द्वारा जाति, धर्म, लिंग, वर्ण, सम्प्रदाय आदि से परे मानव मात्र को भगवान शिव के गुरू स्वरूप से जुड़ने का आह्वान किया गया। जहां। शिव शिष्य हरीन्द्रानंद का अनुभूत सत्य है कि उक्त जयघोष में गुरू शिव हैं शेष सम्पूर्ण मानव सृष्टि मात्र शिष्य होने की पात्रता रखती है। उक्त आध्यात्मिक आयोजन में शिव शिष्य गौतम ने स्पष्ट किया कि शिव शिष्यता की अवधारणा पूर्णतः आध्यात्मिक है, जो भगवान शिव के गुरू स्वरूप से एक एक व्यक्ति के जुड़ाव से संबंधित है।

## बड़ी कोदरजन्ना सामुदायिक भवन में झामुमो प्रखंड कमिटी ने बैठक कर दी योजनाओं की जानकारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** सदर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत हाजीपुर पूर्व स्थित बड़ी कोदरजन्ना सामुदायिक भवन में रविवार को पंचायत अध्यक्ष देवदत्त मंडल की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक की गई। जहां इस बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह शामिल हुए। उधर आयोजित बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की चल रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में भी मिलें इसके लिए सभी कार्यकर्ता लोगों को जानकारी उपलब्ध कराएं। वही इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए एवं सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

# नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले झामुमो समर्थित उम्मीदवारों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो) जिला समिति की ओर से चाईबासा और चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले झामुमो समर्थित उम्मीदवारों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश और चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव को सम्मानित किया गया। सन्नी उरांव ने कहा कि पहले नगर निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवारों को कम वोट मिलते थे, लेकिन इस बार जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास जताते हुए पार्टी को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में भी झामुमो मजबूती से चुनाव लड़ेगी। नितिन प्रकाश ने कहा कि चाईबासा नगर के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई बातचीत में शहर के विकास को लेकर स्पष्ट आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होगी। पश्चिमी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि नितिन प्रकाश और सन्नी उरांव की जीत से दोनों नगरों का विकास तेज होगा। झामुमो जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम ने इस जीत के लिए विधायक सह मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव और जगत माझी के प्रति आभार जताया।

## चाईबासा में खुदरा संकट को लेकर चेंबर ने किया सात लाख रुपये का वितरण



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से जिले में खुदरा की कमी को देखते हुए रविवार को व्यापारियों के बीच खुदरा राशि का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम चेंबर अध्यक्ष निरंजन अग्रवाल के प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया। चेंबर की ओर से बताया गया कि बाजार में खुदरा की कमी के कारण खरीद-बिक्री में परेशानी हो रही थी। इसे देखते हुए व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच लेनदेन को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान करीब सात लाख रुपये की खुदरा राशि व्यापारियों के बीच वितरित की गई। इस मौके पर चेंबर के कार्यकारिणी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक नजर

सड़क दुर्घटना में अस्पताल कर्मी की मौत



पूर्वी सिंहभूम। पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूमगढ़ प्रखंड में रविवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुमल्य धल के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के कांथी का रहने वाला था और जमशेदपुर स्थित ब्रह्मानंद अस्पताल में कार्यरत था। वह इन दिनों धालभूमगढ़ के नूतनगढ़ गांव में अपने मामा के घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह सुमल्य अपने मामा के घर से बाइक लेकर बाजार जाने के लिए निकला था। इसी दौरान जमशेदपुर से चाकुलिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार डीसीएम मालवाहक वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन का नंबर स्पष्ट रूप से नहीं देख पाया, लेकिन कुछ अंकों के आधार पर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पंचायत समिति सदस्य दीपक महतो मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर धालभूमगढ़ थाना के पुलिस अधिकारी फिलिप कुजूर और चंदन मांझी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, फरार डीसीएम वाहन और उसके चालक की तलाश के लिए पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

टाटानगर रेलखंड के कई मेमू ट्रेन रद्द

पूर्वी सिंहभूम। टाटानगर और आसपास के रेलखंड में परिचालन व्यवस्था



के तहत कई कोचिंग ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत कुछ मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी, कुछ ट्रेनों का आंशिक संचालन किया जाएगा, जबकि कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। साथ ही पहले रद्द की गई कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है। रविवार को रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू ट्रेन संख्या 68090/68089 31 मार्च, तीनअप्रैल और पांच अप्रैल 2026 को रद्द रहेगी। वहीं बोकारो-चंद्रपुरा-बराकर (बीजेई-सीआरपी-बीजेई) मार्ग पर चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 68079/68080 31 मार्च, तीन, चार और पांच अप्रैल को नहीं चलेगी। इसके अलावा आद्रा-बराभूम-आद्रा मेमू ट्रेन संख्या 68077/68078 पांच अप्रैल को रद्द कर दी गई है। टाटानगर से जुड़े यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि टाटा-आसनसोल-बराभूम मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या 68056/68060 का दो अप्रैल 2026 को आंशिक संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन आद्रा तक ही चलेगी और आद्रा से आसनसोल के बीच का हिस्सा उस दिन रद्द रहेगा। वहीं टाटानगर से हटिया जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18601 (टाटा-हटिया एक्सप्रेस) 31 मार्च, एक अप्रैल और चार अप्रैल को परिवर्तित मार्ग से चलेगी। यह ट्रेन चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी के रास्ते चलाई जाएगी, जबकि सामान्यतः यह पुरुलिया मार्ग से संचालित होती है। इस बीच यात्रियों के लिए राहत की खबर यह है कि पहले जिन ट्रेनों के रद्द रहने की सूचना जारी की गई थी, उनमें से कुछ को बहाल कर दिया गया है। शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (18030) चार अप्रैल से 24 अप्रैल तक और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस (18029) छह अप्रैल से 26 अप्रैल तक अपने निर्धारित समय पर चलेगी। इसके अलावा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से शालीमार जाने वाली ट्रेन संख्या 12101 तथा शालीमार से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जाने वाली ट्रेन संख्या 12102 भी अप्रैल माह में निर्धारित तिथियों पर पुनः संचालित की जाएंगी।

## आनंदपुर बना बालश्रम मुक्त प्रखंड, ड्रॉप आउट रोकने के लिए स्कूलों में बनेंगे हॉस्टल



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के आनंदपुर प्रखंड को बालश्रम मुक्त प्रखंड घोषित किया गया है। इस अवसर पर हाईस्कूल मैदान में बाल अधिकार सुरक्षा मंच की ओर से रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रखंड के 1261 स्कूल से बाहर बच्चों में से 906 बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ा गया है, जबकि 355 बच्चे माइग्रेशन, मृत्यु या ओवरएज श्रेणी में पाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक जगत माझी, जिला परिषद सदस्य विजय भेंगरा और प्रमुख दिलवर खाखा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जगत माझी ने कहा कि जागरूकता के कारण आनंदपुर बालश्रम मुक्त प्रखंड बन पाया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की 12वीं तक पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए सभी मध्य और उच्च विद्यालयों में हॉस्टल बनाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर डीएमएफटी फंड से शिक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी।कार्यक्रम में बाल सुरक्षा मंच के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इसे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। मौके पर प्रभुदयाल जोजो, सुशील डांग, सरविलन तोपनो, जयप्रकाश सिंह, संजीव गंताइत, सिलबिरयूस तिर्की, गोवर्धन सिंह, अब्राहम कंडुलना, सुनील सुरीन, सिलवंती सोय, फूलमनी खाखा, खुशबू कुमारी सहित एस्पायरकर्मी, ग्राम मुंडा, सेविका, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संपादकीय

### सीमा-कर पर टकराव

सही मायनों में पंजाब तथा हिमाचल प्रदेश में सीमा प्रवेश शुल्क को लेकर जारी विवाद ने देश के संघीय ढांचे में व्याप्त एक गहरी खामी को ही उजागर किया है। जो बताता है कि देश के राज्यों की राजस्व जरूरतों तथा अंतर्राज्यीय आवागमन के सिद्धांतों के बीच टकराव के कारण मौजूद हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हिमाचल प्रदेश फिलहाल वित्तीय संकट की चुनौती से रूबरू है। उसने अपने वित्तीय संसाधन बढ़ाने के लिये दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों पर राज्य में प्रवेश करने का शुल्क लगभग दोगुना करने का निर्णय लिया है। हालांकि, हिमाचल प्रदेश ने यह फैसला अपने आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए लिया था। लेकिन यह वित्तीय फैसला बाद में हिमाचल प्रदेश व पंजाब में राजनीतिक व आर्थिक विवाद का रूप ले चुका है। यही वजह है इस फैसले से ज्यादा प्रभावित राज्य पंजाब ने भी हिमाचल प्रदेश के वाहनों पर ऐसे ही कर बढ़ाने की धमकी दे दी है। वास्तव में हिमाचल सरकार का यह फैसला दूरगामी दृष्टिकोण को नहीं दशार्ता है। यह सर्वविदित है कि हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था बहुत अधिक हद तक पर्यटन उद्योग पर ही निर्भर है। ऐसे में इस कदम का राज्य के पर्यटन उद्योग पर नकारात्मक असर भी पड़ सकता है। यह बढ़ाया गया प्रवेश शुल्क पर्यटकों पर अतिरिक्त बोझ डाल सकता है। खासकर पड़ोसी राज्य पंजाब से आने वाले कम बजट के साथ यात्रा पर निकले पर्यटकों के लिये, जो कि सप्ताहांत में आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा है। निस्संदेह, इस फैसले से ऐसे पर्यटक हतोत्साहित हो सकते हैं। इस समस्या का एक पहलू यह भी है कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी पर्यटन के परिदृश्य में टैक्स बढ़ाए जाने पर पर्यटक वैकल्पिक पहाड़ी पर्यटक स्थलों की ओर रुख कर सकते हैं। राज्य द्वारा बाद में इस कर-वृद्धि के फैसले की समीक्षा करने का निर्णय लेना, निश्चित रूप से इस मुद्दे की आर्थिक संवेदनशीलता को ही दशार्ता है। यह भी एक हकीकत है कि दो राज्यों के बीच लिए गए कर बढ़ाने के ऐसे फैसलों पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत होनी चाहिए। यह जानते हुए कि हिमाचल प्रदेश गंभीर आर्थिक चुनौती का सामना कर रहा है, पंजाब की प्रतिक्रिया संवेदनशील ढंग से सामने आनी चाहिए थी। ऐसे में पंजाब की हिमाचल की तर्ज पर कर बढ़ाने की चेतावनी प्रतिशोधात्मक नीति पर चलने के अप्रिय फैसले को ही उजागर करती है। इस तरह की बदले में कर लगाने की नीति राजनीतिक दृष्टि से भले ही सुविधाजनक लगती हो, लेकिन आम लोगों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे निर्णय से दैनिक यात्रियों, परिवहन उद्योग से जुड़े लोगों और छोटे व्यवसायियों की आवाजाही बाधित हो सकती है। इनकी यात्रा की सुगमता सीमा पार सुचारू आवागमन पर निर्भर करती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मिथुन :** पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा।

**सिंह :** संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं।

**धनु :** घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं।


**मकर :** भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं।

**मीन :**आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।

## दैनिक पंचांग

**30 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 89 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 07.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 14.48 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 16.51 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.10 बजे तदनन्तर कौलव 19.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 41'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872664
**जूलियन दिन** 2461129.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत, मदन द्वादशी।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.44 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.24 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.22 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 14.51 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.03 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.14 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.29 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.45 बजे से |
| **राहुकाल** | | मकर | 01.50 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.36 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.09 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# हैप्पीनेस इंडेक्स के नाम पर भारत से छल! युद्धरत देश भी हैं भारत से आगे



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

वैश्विक स्तर पर किसी देश की प्रगति को लंबे समय तक उसकी आर्थिक ताकत, विशेषकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से मापा जाता रहा है, किंतु बदलती वैश्विक सोच ने तथ्यों एवं आंकड़ों से समझाया कि आर्थिक वृद्धि ही मानव जीवन की गुणवत्ता और संतुष्टि का पूर्ण मापदंड नहीं हो सकती। इसी दृष्टिकोण से विश्व खुशी रिपोर्ट का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन-संतोष को मापना है। इस साल की रिपोर्ट हाल ही में प्रकाशित हुई है, जिसमें भारत के साथ छल किया जाना स्पष्ट दिखाई देता है। भारत को 116वां स्थान दिया गया है, जबकि वह तीव्र आर्थिक प्रगति के दौर से गुजर रहा है। यहां हम देखते हैं कि विश्व खुशी रिपोर्ट भारत की रैंकिंग पिछले कुछ वर्षों में सीमित सुधार ही दशार्ती है, उदाहरण स्वरूप : 2021 में 139, 2022 में 136, 2023 और 2024 में 126 और अब 2026 में 116वां स्थान। अब इस संख्या को गहराई से देखें तो यह आंकड़ा का सुधार भारत के संदर्भ में बहुत ही सतही प्रतीत होता है, क्योंकि देश की आर्थिक और सामाजिक उपलब्धियों के अनुपात में यह प्रगति अत्यंत धीमी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि खुशी सूचकांक और वास्तविक विकास के बीच एक गहरी खाई मौजूद है, जिसे कि विश्व खुशी रिपोर्ट में नहीं बताया गया है। यहीं से इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा होता है और भारत के प्रति इस रिपोर्ट को बनानेवालों की दुराग्रह भावना समझ आती है।

**भारत की आर्थिक प्रगति**

आज विश्व भी इन आंकड़ों को भारत के संदर्भ में नजरअंदाज नहीं कर सकता कि वर्ष 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था 2025 तक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर हो गई, जो लगभग 105 प्रतिशत की वृद्धि को



दशार्ती है। इस तेजी से भारत विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसका प्रभाव व्यापक सामाजिक बदलावों के रूप में भी सामने आया है। भारत में अत्यधिक गरीबी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2011-12 में 27.1 प्रतिशत रही गरीबी दर 2022-23 में घटकर लगभग 5.3 प्रतिशत रह गई। अनुमानतः 269 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। विभिन्न सरकारी योजनाओं, जिसमें कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और आवास योजनाओं ने सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि विकास का लाभ समाज के निचले तबकों तक पहुंचा है। आर्थिक विकास के साथ-साथ आय असमानता में भी गिरावट दर्ज की गई है। शहरी गिनी गुणांक 36.7 से घटकर 31.9 और ग्रामीण गिनी गुणांक 28.7 से घटकर लगभग 27.0 हो गया है। वस्तुतः यह प्रवृत्ति दशार्ती है कि विकास अपेक्षाकृत संतुलित रहा है। ऐसे में यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि जीवन संतोष में भी वृद्धि होनी चाहिए, किंतु खुशी सूचकांक इस वास्तविकता को पर्याप्त रूप से नहीं दशार्ता।

**चौंकाने वाला विरोधाभास: संघर्षग्रस्त देशों से पीछे भारत**

देखा जाए तो इस हैप्पीनेस इंडेक्स का सबसे विवादास्पद पहलू यह है कि भारत कई ऐसे देशों से पीछे है जो गंभीर संकटों से जूझ रहे हैं। इजराइल (8), ईरान (99), इराक (101), फिलिस्तीन (108), पाकिस्तान (109) और यूक्रेन (111) जैसे देश भारत से खुशी के मामले में ऊपर हैं! यही वो तथ्य हैं, जो इस रिपोर्ट के विश्वसनीय होने का संदेह पैदा करते हैं। यह कैसे संभव है कि जिन देशों में युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और आर्थिक संकट व्यापक स्तर पर मौजूद हैं, वे खुशी के मामले में भारत से ऊपर हो जाएं वास्तविकता में तो यह असंभव है।
इस संबंध में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के आर्थिक आंकड़े भी देखे जा सकते हैं, जो बताते हैं कि फिलिस्तीन में 80 प्रतिशत बेरोजगारी है। 238 प्रतिशत मुद्रास्फीति और अकाल जैसी स्थिति है। यानी जहां लाखों लोग गंभीर संकट में हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण लोग जहां व्यापक जनहानि, विस्थापन और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रही है, वहां इन परिस्थितियों के बावजूद देशों की रैंकिंग भारत से बेहतर! ये कैसे संभव है।

**पाकिस्तान और ईरान: अस्थिरता के बावजूद भारत से ऊपर**

यह भी आश्चर्यचकित कर देनेवाला तथ्य है कि पाकिस्तान में आर्थिक अस्थिरता, बढ़ते आतंकी हमले और उच्च अपराध दर जैसी गंभीर समस्याएं मौजूद हैं। ईरान में सामाजिक दमन, महिलाओं पर प्रतिबंध और राजनीतिक अशांति बनी हुई है। इस वक्त अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध से पूरा विश्व परेशान है, किंतु इसके बावजूद इन देशों को हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत से ऊपर दशार्या, आज वास्वत में यही बताता है कि इस सूचकांक में शामिल कारक वास्तविक जीवन की कठिनाइयों को पूरी तरह प्रतिबिंबित नहीं करते।
इस तरह देखें तो इस हैप्पीनेस इंडेक्स की सबसे बड़ी कमी यह है कि इसमें अपराध, आतंकवाद, सामाजिक अशांति और सार्वजनिक सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल नहीं किया गया है, जबकि ये कारक किसी भी व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को सीधे प्रभावित करते हैं। यदि कोई समाज सुरक्षित और स्थिर है, तभी वह अपने आप में खुशी का एक महत्वपूर्ण आधार होता है, जिसे यहां इस रिपोर्ट में पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। इसके साथ ही इस हैप्पीनेस इंडेक्स की विश्वसनीयता इसलिए भी संकट में है, क्योंकि इसमें जिस गैलप सर्वेक्षण के अंतर्गत प्रत्येक देश से औसतन 1000 लोगों का नमूना लिया है, उसमें भारत जैसे विशाल देश के लिए ये सर्वेक्षण फिट नहीं बैठता, क्योंकि भारत जैसे देश में क्षेत्रीय, सामाजिक और आर्थिक विविधताएं अत्यधिक हैं, जिन्हें इतने छोटे नमूने में समाहित करना कठिन ही नहीं पूर्णतः असंभव है।
कुल मिलाकर कहना यही है कि जब तक खुशी के मापन में वास्तविक जीवन के सभी महत्वपूर्ण आयामों को शामिल नहीं किया जाएगा, तब तक यह सूचकांक पूर्ण सत्य का प्रतिनिधित्व नहीं करेगा। भारत का उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि आर्थिक प्रगति और वास्तविक जीवन की संतुष्टि के बीच संबंध को समझने के लिए अधिक गहन और संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसका कि फिलहाल इस सर्वेक्षण हैप्पीनेस इंडेक्स में पूरी तरह से अभाव दिखाई देता है। इसलिए भारतवासियों इस हैप्पीनेस इंडेक्स को देखकर अपने देश की खुशी का अनुमान मत लगा लेना, भारत कल भी पाकिस्तान, फिलिस्तीन, युक्रेन समेत तमाम देशों से प्रसन्नता में आगे था और आज भी है। वास्तविकता में ये रिपोर्ट भारत के लोगों के साथ एक छलावा ही है, इससे अधिक अन्य कुछ नहीं!

**(लेखक का निजी विचार है)**

# संकट के दौर में वैश्विक पर्यटन उद्योग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध के साइड इफेक्ट के रुप में दुनिया का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। एक अनुमान के अनुसार 152 करोड़ पर्यटकों से गुलजार रहने वाले वैश्विक पर्यटन उद्योग के मौजूदा हालात के चलते अतिमंदी के दौर से गुजरने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे तो सभी देशों में पर्यटन उद्योग पर विपरीत असर पड़ने जा रहा है पर सबसे अधिक असर मध्य पूर्व के देशों में देखा जा सकता है। जानकारों के अनुसार अकेले मध्य पूर्व को ही 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान भुगतना पड़ सकता है। दुनिया में सबसे अधिक पर्यटक फ्रांस की धरती पर जाते हैं और माना जाता है कि 9 से 10 करोड़ पर्यटक तो फ्रांस का रुख करते हैं। जहां तक भारत का प्रश्न है, हमारे यहां भी लगभग 2 करोड़ विदेशी पर्यटक देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रुख करते हैं। पर मौजूदा हालात के चलते विश्व के अन्य देशों की तरह भारत में भी विदेशी पर्यटकों की आवाजाही पर विपरीत प्रभाव पड़ना ही है।
एक सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत और दुनिया के देशों में देशी पर्यटकों की संख्या में उछाल के चलते इस उद्योग को संजीवनी अवश्य मिलती लगती है।
वर्तमान दौर में दुनिया के चौधरी बने देशों को यह समझ लेना चाहिए कि अब वह जमाना गया जब हफ्ते दो हफ्ते में युद्ध का फैसला हो जाया करता था। आज छोटे-से छोटा देश भी युद्ध को लंबा खींचने की कूवत रखता है। इसे हम रुस-यूक्रेन युद्ध से अच्छी तरह से समझ सकते हैं। अमेरिका ने भी जब ईरान पर आक्रमण किया तो ट्रंप भी इसी मुगालते में थे कि दो-चार दिन में ईरान के घुटने टिकवा देंगे पर सारे कयास धरे के धरे रह गए और इनके चक्कर में दुनिया अस्थिरता और संकट में और आ गई। आज हालात यह हो गए हैं कि युद्ध तो आप शुरू कर सकते हैं पर युद्ध शुरू होने के बाद कब बंद होगा यह आपके हाथ में नहीं रहेगा। युद्ध के चलते हालात ऐसे हो गए हैं कि चाह कर भी पर्यटक घूमने का रुख नहीं कर पा रहे हैं। केवल और केवल ट्रंप के दादागिरी के चलते दुनिया के देशों की जीडीपी में करीब 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाने वाला पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। होटल और ट्रैवल उद्योग से जुड़ी एजेंसियों के सामने बड़ा संकट आ गया है तो दुनिया के देशों और संस्कृतियों से जुड़ने और समझ कर एक-दूसरे के नजदीक आने की जो पहल पर्यटन उद्योग के चलते हुई थी उस पर लगभग विराम के हालात होते जा रहे हैं। 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक का पर्यटन उद्योग आज संकट के दौर में आ गया है। उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है और वह लगातार दूसरे साल गंभीर संकट के दौर में आ गई है। जैसे-तैसे पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हजार डॉलर प्रतिदिन के लग्जरी कमरों की कीमत घटकर 300 डॉलर तक कर देने के बाद भी पर्यटक रुख नहीं कर रहे हैं। हालात विकट होते जा रहे हैं।
दरअसल वैश्विक हालात के चलते एक ओर उड़ानें रद्द होती जा रही है तो युद्ध के चलते लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर रही है। ऐसी आशंका होती है कि कब कहां क्या हो जाए और कहीं जाएं वहीं पर बंद होकर न रह जाएं। मध्य-पूर्व के देशों में तो लगभग यही हालात है। कब किस देश और किस स्थान पर मिसाइल अटैक हो जाए, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अमेरिका-इजरायल व ईरान युद्ध की खास नकारात्मक बात यह है कि इन दो देशों पर मिसाइल अटैक नहीं हो रहे बल्कि इनसे थोड़ी भी सहानुभूति रखने वाले देश कब निशाने पर आ जाएं, कहा नहीं जा सकता। मध्य-पूर्व में मिसाइल अटैक और हार्मुज जलडमरुमध्य के हालात इसके उदाहरण हैं।
हालात तो यहां तक खराब होने की आशंका है कि मध्य-पूर्व के देशों में पानी का गंभीर संकट हो सकता है। आज कच्चा तेल, एलपीजी की ही समस्या नहीं अपितु दुनिया को जोड़ने वाले इंटरनेट के बाधित होने की आशंकाओं को भी नकारा नहीं जा सकता। लगता है एक-दूसरे के अहम् के चलते आम आदमी कहीं हाशिये में चला गया है। युद्ध के सामान्य नियम ताक में रख दिए गए हैं और आम नागरिकों, बच्चों, अस्पतालों, घनी आबादी इलाकों में भी मिसाइल दागने से कोई परहेज नहीं रह गया है।
कोरोना के दौरान जिस तरह पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ था आज उसी तरह के हालात बनते दिख रहे हैं। कोरोना के बाद पिछले सालों में पर्यटन उद्योग ने तेजी पकड़ी थी और लगने लगा था कि 2030 तक पर्यटन उद्योग को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा पर अब हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और लगता नहीं है कि आने वाले दिनों में कोई सुधार दिखाई देगा। हालांकि सकारात्मक पक्ष यह देखा जा सकता है कि भारत सहित विश्व के देशों में देशी पर्यटन को अवश्य बढ़ावा मिलने लगा है। लोग अपने ही देश में आसपास के स्थानों को एक्सप्लोर करने लगे हैं। वर्तमान हालात पर्यटन उद्योग के लिए बेहद चुनौती भरा है, जिसके सामान्य होने के आसार दूर-दूर तक नहीं हैं।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# सरकारी स्कूलों पर गहराता संकट, निजीकरण का बोलबाला



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत की शिक्षा व्यवस्था गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। पिछले एक दशक में लगभग 94 हजार सरकारी स्कूल बंद हो चुके हैं, जबकि इसी अवधि में 51 हजार से अधिक निजी स्कूल खुल गए हैं। यह स्थिति न केवल सरकारी शिक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करती है बल्कि बढ़ते निजीकरण के कारण उत्पन्न सामाजिक असमानता को भी सामने लाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत प्रत्येक बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यह अधिकार धीरे-धीरे कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है। साल 2014-15 से 2023-24 के बीच सरकारी स्कूलों की संख्या 11,07,101 से घटकर 10,17,660 रह गई, यानी लगभग 89,441 स्कूल कम हो गए, जबकि निजी स्कूलों की संख्या 2,88,164 से बढ़कर 3,31,108 हो गई। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से ग्रामीण भारत के लिए चिंताजनक है, जहां गरीब और वंचित वर्गों के बच्चों के लिए शिक्षा तक पहुंच लगातार कठिन होती जा रही है।\
सरकारी स्कूलों के संकट का एक प्रमुख कारण स्कूल मर्जर नीति है, जिसके तहत कम नामांकन वाले छोटे स्कूलों को बड़े स्कूलों में मिला दिया जाता है। इससे ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों के लिए स्कूल तक पहुंच कठिन हो गई। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में हजारों स्कूल बंद हुए हैं, जो कुल बंदी का बड़ा हिस्सा हैं। इसके अलावा, शिक्षकों की कमी, कमजोर आधारभूत संरचना और मिड-डे मील जैसी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन न होना भी नामांकन में गिरावट के प्रमुख कारण हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कुछ प्रावधान, जैसे एकल शिक्षक स्कूलों को हतोत्साहित करना भी इस प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी स्कूलों में नामांकन में भारी कमी आई है। जबकि निजी स्कूलों में छात्रों की संख्या तेजी से बढ़ी है। गरीब परिवारों के बच्चे अब मजबूरन निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे हैं लेकिन ऊंची फीस उनके लिए बड़ी बाधा बन जाती है।
निजी स्कूलों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है और शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। हालांकि यह वृद्धि कई चिंताएं भी पैदा करती है। निजी स्कूलों में फीस में भारी वृद्धि देखी जा रही है, जिससे निम्न और मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। शिक्षा का यह बढ़ता निजीकरण उसे एक सामाजिक सेवा से अधिक एक व्यापार में बदलता जा रहा है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन इसका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है, जिससे सामाजिक असमानता और गहरी हो रही है। एक ओर संपन्न वर्ग बेहतर संसाधनों और सुविधाओं वाले निजी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करता है, वहीं दूसरी ओर गरीब वर्ग सीमित संसाधनों वाले सरकारी स्कूलों तक ही सीमित रह जाता है। इस असंतुलन का सीधा प्रभाव ड्रॉपआउट दर पर भी पड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में लाखों बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया है, जिनमें बड़ी संख्या किशोरियों की है। इसके पीछे गरीबी, बाल श्रम, परिवार का प्रवास, स्कूलों की दूरी और सुरक्षा की कमी जैसे कई कारण जिम्मेदार हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाता है। जब परिवार निजी स्कूलों की फीस वहन नहीं कर पाते और आसपास सरकारी स्कूल उपलब्ध नहीं होते तो बच्चों का शिक्षा से बाहर होना लगभग तय हो जाता है। यह स्थिति आने वाले समय में बेरोजगारी और सामाजिक असमानता को और अधिक बढ़ा सकती है। शिक्षा का निजीकरण केवल शैक्षिक समस्या नहीं है बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक असमानता को भी गहराता है। जब सभी वर्गों को समान शिक्षा के अवसर नहीं मिलते, तो समाज में अवसरों का असंतुलन बढ़ता जाता है। भारत में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का केवल लगभग 3 प्रतिशत ही खर्च किया जाता है, जबकि इसे 6 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य अभी भी अधूरा है। इसका प्रभाव महिलाओं के सशक्तिकरण, रोजगार के अवसरों और देश के समग्र आर्थिक विकास पर पड़ता है। यदि यह स्थिति बनी रही, तो यह लोकतंत्र के लिए भी खतरा बन सकती है क्योंकि एक शिक्षित समाज ही जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करता है।

**इस संकट से निपटने के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने होंगे।**

स्कूल मर्जर नीति पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे स्कूलों को संरक्षित किया जाना चाहिए। रिक्त शिक्षक पदों को शीघ्र भरा जाए और शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं जैसे शौचालय, स्वच्छ पेयजल और डिजिटल संसाधन सुनिश्चित किए जाएं। मिड-डे मील योजना की गुणवत्ता में सुधार किया जाए और निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण तथा निगरानी बढ़ाई जाए। शिक्षा का अधिकार कानून के प्रावधानों को सख्ती से लागू किया जाए और शिक्षा पर सार्वजनिक निवेश बढ़ाकर इसे सकल घरेलू उत्पाद के 6 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। निजीकरण का बढ़ता प्रभाव सरकारी स्कूलों के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। सरकारी स्कूलों की घटती संख्या और निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या यह संकेत देती है कि शिक्षा धीरे-धीरे एक मौलिक अधिकार से हटकर एक व्यापार का रूप लेती जा रही है। इसका सबसे अधिक प्रभाव गरीब और वंचित वर्गों पर पड़ रहा है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह असमानता समाज को गहराई तक प्रभावित करेगी। शिक्षा को बाजार की वस्तु नहीं, बल्कि सामाजिक विकास का आधार मानते हुए इसे मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य इसी पर निर्भर करता है।

**(लेखक का निजी विचार है)**

# राष्ट्रीय एकल महिला साइक्लिस्ट आशा मालवीय का प्रेरणादायक साइक्लिंग अभियान जारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय स्तर की एंड्योरेंस साइक्लिस्ट, पर्वतारोही एवं प्रेरक खिलाड़ी सुश्री आशा मालवीय मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के एक छोटे से ग्राम की निवासी हैं। वे 100 एवं 200 मीटर दौड़ की राष्ट्रीय स्तर की एथलीट रह चुकी हैं तथा पर्वतारोहण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल करते हुए बी.सी. रॉय (20,500 फीट) एवं तेनजिंग खान (19,500 फीट) शिखरों पर सफल आरोहण कर चुकी हैं। साथ ही वे नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।साइक्लिंग के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ 26,000 किलोमीटर की सम्पूर्ण भारत साइक्लिंग यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण की है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कन्याकुमारी से कारगिलझसियाचिनझउमलिंगला (19,024 फीट) होते हुए दिल्लीझभोपाल तक की कठिन साइक्लिंग यात्रा भी पूर्ण की है। साथ ही मध्य प्रदेश साइक्लिंग यात्रा (लगभग 4,000 किलोमीटर) भी सफलतापूर्वक पूरी कर चुकी हैं। एक साधारण परिवार से आने वाली आशा मालवीय के परिवार में उनकी माताजी हैं, जो मजदूरी कर परिवार का सहयोग करती हैं। उनकी एक बहन हैं, जिनका विवाह आशा मालवीय ने स्वयं नौकरी कर सहयोग करते हुए सम्पन्न कराया। सीमित संसाधनों के बावजूद उनका यह संघर्षपूर्ण सफर लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वर्तमान में वे एक राष्ट्रव्यापी साइक्लिंग अभियान पर हैं, जिसका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धैर्य, आत्मविश्वास तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करना है। भारतीय सेना के सम्मान में 78वें भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में वे 11 जनवरी को जयपुर से इस विशेष अभियान के लिए रवाना हुई थीं। यह अभियान भारत के पश्चिम से पूर्व दिशा में अरुणाचल प्रदेश के कीबिथू लगभग 7,800 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पूर्ण किया जाएगा। अब तक वे 5,200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर रामगढ़ तक पहुँच चुकी हैं। पूर्व में भी वे अपने विभिन्न अभियानों के माध्यम से 64,000 किलोमीटर से अधिक की साइक्लिंग यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने देश के लाखों युवाओं एवं महिलाओं को प्रेरित किया तथा महामहिम राष्ट्रपति, तीनों सेनाओं के सेनाध्यक्ष, 28 राज्यपालों, 26 माननीय मुख्यमंत्रियों एवं अनेक वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। वे निरंतर युवाओं, विशेषकर युवतियों को अपने सपनों का साहसपूर्वक अनुसरण करने एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित कर रही हैं। देश के विविध एवं चुनौतीपूर्ण भूभागों में हजारों किलोमीटर की उनकी साइक्लिंग यात्राएँ उनके धैर्य, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

## श्री राम का जीवन त्याग, न्याय और मानवता की सेवा का संदेश देता है : बैजनाथ यादव

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी के पावन अवसर पर दशमी के दिन शनिवार की शाम शिव शक्ति क्लब हुरुमगढ़ा यादव टोली भुरकुंडा द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। भंडारा की शुरूआत मुख्य अतिथि राजद के रामगढ़ जिला महासचिव बैजनाथ कुमार यादव एवं समाजसेवी कन्हैया सिंह यादव ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। मौके पर राजद जिला महासचिव बैजनाथ यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनो से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है, साथ ही क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को अपनाकर हम सभी को सत्य, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन हमें त्याग, न्याय और मानवता की सेवा का प्रेरणादायक संदेश देता है। समाजसेवी कन्हैया सिंह यादव ने कहा कि रामनवमी जैसे पावन अवसर पर इस तरह के भंडारे सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को जोड़ने और सेवा भावना को बढ़ावा देने का कार्य करते हैं। श्री यादव ने कहा कि प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, सबों को प्रसाद ग्रहण करना चाहिए। भंडारे को सफल बनाने में क्लब के संरक्षक सुरेंद्र यादव, अध्यक्ष विश्वनाथ यादव, सचिव संजय यादव, रोहित यादव, राजेंद्र यादव, प्रदीप यादव, मंगल यादव, प्रिंस यादव, आर्यन यादव, शत्रुघ्न यादव सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने भुरकुंडा में 150 जरूरतमंदों को कराया भोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने लगभग 150 गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच भोजन का वितरण कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भोजन वितरण का कार्य 3 जुलाई 2016 दिन रविवार से शुरू हुआ था, जो निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का यह कार्य जन सहयोग के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है, जो आगे भी जनसहयोग से निरंतर जारी रहेगी।

## गरीबों के चेहरे पर मुस्कान, समाजसेवी पप्पू सिंह ने बांटी शिक्षा की रोशनी और सम्मान के वस्त्र



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रविवार को समाजसेवी पप्पू सिंह ने मानवता और सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की। उन्होंने रविवार बाजार में दातून-पत्तल बेचकर अपना जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद परिवारों के बीच शिक्षण सामग्री एवं वस्त्रों का वितरण किया। इस दौरान खासतौर पर बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने के उद्देश्य से कॉपी और किताबें दी गईं, ताकि वे शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवार सकें। वहीं महिलाओं के बीच साड़ी और बच्चों को नए कपड़े वितरित किए गए। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लाभुकों ने पप्पू सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की मदद उनके लिए बहुत मायने रखती है। पप्पू सिंह ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। उन्होंने आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्यों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य न सिर्फ जरूरतमंदों की मदद करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी फैलाते हैं और अन्य लोगों को भी सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

## श्रीश्री चैती दुर्गा पूजा पर लबगा में सजी सांस्कृतिक संध्या, कलाकारों ने बांधा समां



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**पतरातू(रामगढ़)।** श्रीश्री चैती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर शनिवार की रात्रि शिव शक्ति मंदिर लबगा परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर डटे रहे। जोशी लाल महतो म्यूजिकल ग्रुप खूंटी की टीम ने अपने सुरों और ताल से माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया। सिंगर सिकंदर रुबी की मधुर आवाज और डांसर रूपाली कुमारी के आकर्षक नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के कई गांवों कुरसे, बलकुदरा, बरघुटुवा, मेलानी, हरिहरपुर, अंबा कूचा, सुथरपुर, लेम, नेतुआ, चेतमा, बीचा, एतियातु, तालाटांड़ आदि से बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे पहुंचे। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। ऐसा लगा मानो पूरे गांव की धड़कन एक मंच पर थिरक उठी हो, जहां संस्कृति और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## निरीक्षण में खुली विकास की तस्वीर, नावाडीह कृषक पाठशाला को मॉडल बनाने का निर्देश

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**नावाडीह :** जिले में कृषि आधारित समेकित विकास को नई दिशा देने की पहल के तहत रविवार को नावाडीह स्थित कृषक पाठशाला का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण बोकारो उपायुक्त के निर्देश पर जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद, नाबार्ड के डीडीएम फिल्मोन बिलुंग तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार हेम्ब्रम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने करीब 15 एकड़ में विकसित इस समेकित परियोजना का गहन जायजा लिया, जो आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति द्वारा संचालित समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत संचालित है।जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह केंद्र किसानों के लिए वन-स्टॉप प्रशिक्षण हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन से जुड़ी आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। निरीक्षण के दौरान मछली पालन, बतख पालन, फलदार पौधारोपण, उच्च मूल्य की खेती, गाय-बकरी पालन, मधुमक्खी पालन जैसी गतिविधियों के साथ-साथ मुर्गी शेड, सुकर शेड, गोदाम, पैक हाउस, स्टोर रूम, सोलर ड्रिप बोरिंग एवं ड्रिप इरिगेशन सिस्टम की व्यवस्थाओं को परखा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि नावाडीह कृषक पाठशाला को राज्य का मॉडल केंद्र बनाया जाए, ताकि यह पूरे झारखंड में एक नई पहचान स्थापित कर सके। नाबार्ड डीडीएम फिल्मोन बिलुंग ने इसे किसानों के लिए एक उत्कृष्ट और दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक खेती से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगी। वहीं, बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। यहां दी जा रही सुविधाएं और प्रशिक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देंगे। संस्था के सचिव बासुदेव शर्मा ने बताया कि योजना के तहत सभी आवश्यक कार्य पूर्ण हो चुके हैं और इसे राज्य ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणादायी मॉडल बनाने का प्रयास जारी है, ताकि किसान यहां आकर नई तकनीक सीख सकें। मौके पर श्यामलाल प्रसाद, अनवर अंसारी, असगर हुसैन, आशीष मिश्रा, अजय कुमार, अरुण कुमार, चंदन कुमार, बाबूलाल नायक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड में पीपुल फर्स्ट कल्चरह्ल के तहत 203 कर्मचारियों का सामूहिक जन्मदिन समारोह आयोजित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड, रामगढ़ में मार्च माह में जन्मदिन मनाने वाले कुल 203 कर्मचारियों के सम्मान में पीपुल फर्स्ट कल्चरह्ल और ह्लवन सेलिब्रेशन मेनी स्माइलसह्ल थीम के तहत सामूहिक जन्मदिन समारोह का भव्य आयोजन 28 मार्च, 2026 को किया। इस समारोह में जीएफए एचएसपीए तथा हेड ऑफिस, रांची के कर्मचारी शामिल रहे। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एक साथ मिलकर इस विशेष अवसर को उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया।इस विशेष अवसर पर विभिन्न विभागाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही । उनकी उपस्थिति ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का आयोजन एचएएसपी कैंटीन जीएफए कैंटीन और मुख्य कार्यालय में किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के योगदान के प्रति आभार व्यक्त करना, टीम भावना को सुदृढ़ करना तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। समारोह के दौरान केक कटिंग की गई, शुभकामना संदेश दिए गए तथा सभी जन्मदिनधारी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बधाई दी गई।वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, परिश्रम एवं समर्पण ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन संगठन में आपसी सहयोग, विश्वास और पारिवारिक वातावरण को मजबूत करते हैं।

## एसपी अजय कुमार ने साइक्लिंग शेरनी आशा मालवीय को किया सम्मानित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ में उस वक्त एक खास माहौल देखने को मिला, जब जिले के एसपी अजय कुमार ने राष्ट्रीय साइक्लिस्ट आशा मालवीय से मुलाकात कर उनके अदम्य साहस को सलाम किया। हजारों किलोमीटर की साइक्लिंग यात्रा कर रही आशा मालवीय इन दिनों महिला सशक्तिकरण का संदेश लेकर देशभर में अभियान चला रही हैं। जिला समाहरणालय में हुई इस मुलाकात के दौरान एसपी अजय कुमार ने न सिर्फ उन्हें सम्मानित किया, बल्कि उनके प्रयास को युवाओं के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद आशा ने जो मुकाम हासिल किया है, वह हर युवती के लिए एक मिसाल है। आशा अब तक 5200 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर रामगढ़ पहुंच चुकी हैं और उनका लक्ष्य 7800 किलोमीटर की यात्रा पूरी करना है। उनके इस अभियान में महिला सुरक्षा, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता का संदेश छिपा है।

## एक नजर

### बिरसा सपोर्टिंग क्लब गिद्दी में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न




**गिद्दी।** बिरसा सपोर्टिंग क्लब गिद्दी में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता लखन लाल महतो द्वारा की गई।बैठक में मुख्य रूप से झाकोमयू के जोनल उपाध्यक्ष सैनाथ गंझू उपस्थित थे। बैठक में अरगड्डा एरिया सचिव के चुनाव के संबंध में चर्चा की गई. साथ ही यूनियन की संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया गया। अरगड्डा क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव के लिए रविंद्र मिस्त्री का नाम प्रस्तावित किया गया। बैठक में रविंद्र मिस्त्री, महेंद्र प्रसाद, पप्पू सिंह, लक्ष्मी नारायण महतो, शंकर चौहान, चंद्र भगत, अन्यया मुखर्जी, जेसी बेदिया, प्रकाश महली समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

### श्री श्री रामनवमी पूजा समिति के द्वारा के रबोध में जागरण का कार्यक्रम किया गया आयोजित




**गिद्दी।** श्री श्री रामनवमी पूजा समीति रबोध के तत्वाधान में जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह तोपा पिण्डरा परियोजना पदाधिकारी,विशिष्ट अतिथि सर्वेश कुमार सिंह जिला परिषद डाडी-1,मुखिया उमेश करमाली,निलेश कुमार नोडल आफिसर एल&आर,तोपा क्षेत्रीय राजस्व पदाधिकारी निखिल कुमार,तोपा सेल्स आफिसर आलोक सिंह,रजिस्ट्रार-बालेश्वर पटेल,रंजीत सिंह,सुनिल सिंह,अरविन्द सिंह,ओम प्रकाश जी,सर्वेश सिंह,साँई इवेंट के पंकज कुमार मौजूद थे,जागरण कार्यक्रम में ढोलक पर अशोक पंडित,लखेन्द्र जी बेंजो, पैड पर मनोज कुमार, कि बोर्ड-रितेश कुमार थे। जबकि गायक में खुशबु कुमारी,रीना माहीत,रिंकी,गोपाल प्यारी,पंकज कुमार द्वारा प्रसिद्ध गाना भान्गढ भोला,धोवत-धोवत तोहरी मंदिरिया,लाले लाले चुनरिया गाकर अपना अपना जलवा बिखेरने का काम किया और शमां बांध दिया। रामनवमी पूजा कमीटि के सदस्य गण हेमन्त सिंह,बबन सिंह,आशिष सिंह,अभिजीत सिंह,सुमित सिंह,अखिलेश सिंह,संजीत सिंह,किशन भुइयां,अमर सिंह सहित 43 लोग उपस्थित थे।

### दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आज



**रामगढ़।** मेन रोड स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी जी का 2625वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव दिनांक 30/03/26 को आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि भगवान महावीर हमारे वर्तमान शासन नायक हैं। यूँ तो हम अपने सभी तीर्थंकरों का जन्मोत्सव आयोजित करते हैं, परंतु हमारे रामगढ़ जिनालय की मुख्य वेदी पर भगवान महावीर विराजमान हैं। इस कारण हम जैन धर्मावलम्बी इस अवसर को अत्यंत भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सेठी ने बताया कि इस दिन पूरे दिन भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाएं आयोजित की जाएंगी। तथा साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त अवसर पर एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा रामगढ़ जिनालय से आरंभ होकर थाना चौक, झंडा चौक, लोहार टोला होते हुए सुभाष चौक की तरफ से जिनालय पहुंचेगी। इसके अलावा महावीर विधान एवं भजन संध्या भी आयोजित होगी। प्रेस वार्ता में सेठी के अलावा अध्यक्ष राजेन्द्र चूड़ीवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाटनी, ललित चूड़ीवाल, सह सचिव विकास रापरिया आदि शामिल थे। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

### 200वें सप्ताह का ऐतिहासिक जश्न, शनि भक्ति में डूबा बोकारो



**बोकारो :** चास- पुरुलिया रोड स्थित श्री श्री शनि ठाकुर बाढ़ी में शनि सेवकों द्वारा भोग वितरण के गौरवपूर्ण 200वें सप्ताह का आयोजन भव्य और आध्यात्मिक माहौल में किया गया। पूरा परिसर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर दिखा। इस खास मौके पर विशेष पूजा और संध्या समय भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो उपायुक्त अजय नाथ झा और बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भंडारा का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि चास डीएसपी प्रवीण सिंह एवं डॉ परिंदा सिंह ने शनि सेवकों को सम्मानित करते हुए उनके निरंतर सेवा कार्यों की सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम की सफलता में सभी शनि सेवकों की सक्रिय भूमिका रही, जिनकी समर्पित सेवा और सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया।

# राजमहल की पहाड़ियों में जियोलॉजी का जीवंत पाठ, डॉ. रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में फील्ड ट्रिप

उज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** झारखंड के ऐतिहासिक एवं भूवैज्ञानिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राजमहल पहाड़ियाँ इन दिनों शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनी हुई हैं। जहां रविवार को पटना यूनिवर्सिटी के एमएससी के जियोलॉजी के छात्रों का चार दिवसीय शैक्षणिक फील्ड ट्रिप 29 मार्च से प्रारंभ हुआ है, जो 1 अप्रैल 2026 तक चलेगा। उधर इस फील्ड ट्रिप का नेतृत्व मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य सह प्रख्यात भू विज्ञानी डॉ. रंजीत कुमार सिंह कर रहे हैं।

जहां यह फील्ड ट्रिप राजमहल की पहाड़ी इलाकों में संचालित हो रहा है, जो अपनी अद्वितीय ज्वालामुखीय संरचनाओं और भू आकृतिक विशेषताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ पाए जाने वाले राजमहल का जाल पृथ्वी के इतिहास में हुए विशाल ज्वालामुखीय विस्फोटों के महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं, जिनका संबंध प्राचीन गोंडवाना महाद्वीप के विखंडन तथा कर्गुएलन हॉटस्पॉट की गतिविधियों से जोड़ा जाता है। उधर डॉ. सिंह के अनुसार यह फील्ड ट्रिप छात्रों के लिए एक ह्लओपन लैबोरेटरीह्व के समान है, जहाँ वे बेसाल्टिक लावा प्रवाह, वेसिकुलर एवं स्तंभाकार संरचनाओं तथा इंटरट्रैपियन अवसादी परतों का प्रत्यक्ष अध्ययन कर रहे हैं। आगे उन्होंने बताया कि कक्षा में पढ़ाए गए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में समझने के लिए ऐसे फील्ड भ्रमण अत्यंत आवश्यक होते हैं। इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ. सैयद मोहम्मद सलीम एवं डॉ. कृति यादव भी छात्रों के साथ उपस्थित हैं और उन्हें सतत मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वही इस फील्ड ट्रिप के दौरान छात्रों ने मंडरो फॉसिल्स पार्क तथा सकरीगली क्षेत्र का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें मेसोजोइक युग के महत्वपूर्ण पादप एवं जंतु जीवाश्मों का अध्ययन कराया गया। इन जीवाश्मों के माध्यम से उस समय के पालीओ पर्यावरण एवं जैव विविधता को समझने में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। आगे डॉ. सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवाश्म परमिनरलाइजेशन प्रक्रिया का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जिसमें ज्वालामुखीय राख एवं सिलिका युक्त द्रवों के कारण जीवों की सूक्ष्म संरचनाएँ लाखों वर्षों तक सुरक्षित रहती हैं। वही यह फील्ड ट्रिप छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें भू मानचित्रण, खनिज संसाधनों के अध्ययन एवं बायोस्ट्रेटिग्राफी जैसे व्यावहारिक पहलुओं से भी जोड़ता है। साथ ही साथ यह पहल क्षेत्रीय भूवैज्ञानिक विरासत के संरक्षण एवं उसके शैक्षणिक उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है। इस दौरान रिसर्च स्कॉलर गणेश मिश्रा सहित छात्र छात्राएं प्रिंस, प्रणव, ज्ञान, हर्षिता, अभिषेक, श्रुति, उमाम, सिमरन, आकाश एवं वैभव सक्रिय रूप से अध्ययन में भाग ले रहे हैं। वही जीवाश्म गाइड के रूप में लक्ष्मण मुर्मू भी टीम के साथ जुड़े हुए हैं। उधर फील्ड ट्रिप के आगामी चरण में सकरीगली, बोरियो, राजमहल एवं महाराजपुर क्षेत्रों का विस्तृत अध्ययन किया जाएगा, जहाँ छात्रों को क्षेत्र की विविध भूवैज्ञानिक संरचनाओं का गहन अवलोकन कराया जाएगा।

## चैत्र एकादशी पर मारवाड़ी समाज ने निकाली खाटू श्याम का निशान शोभा यात्रा



उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** चैत्र एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को मारवाड़ी समाज के द्वारा खाटू वाले श्याम बाबा का निशान शोभा यात्रा निकाला गया। जहां इस निशान शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में मारवाड़ी समाज के महिला व पुरुष शामिल हुए। जहां सभी मारवाड़ी समाज के लोगों ने खाटू वाले श्याम का शोभा यात्रा चौक बाजार डाकिनाथ मंदिर के समीप ठाकुरबाड़ी से अपने हाथों में निशान झंडा लेकर नारा लगाते हुए नीले घोड़ो लाल लगाम खाटू वाले चलो उनके धाम, हारे के सहारा खाटू वाले श्याम हमारा जैसे नारे लगाते हुए पूरे शहर का भ्रमण करते हुए भरतिया कॉलोनी के पुरुषोत्तम गली खाटू वाले श्याम मंदिर में जाकर समापन हुआ। उधर यह निशान शोभा यात्रा शहर के विभिन्न चौक चौराहा होते हुए भूसी चौक, महात्मा गांधी चौक, शहीद चौक बघवा कुआं होते हुए सत्य नारायण मंदिर, महाजन पट्टी, गर्ल्स हाई स्कूल होते हुए पुरुषोत्तम गली खाटू वाले श्याम मंदिर में जाकर इसका समापन हुआ। वही इस निशान शोभा यात्रा का नेतृत्व मारवाड़ी समाज के पुरोहित महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में किया गया। वही मंदिर के पुजारी सोनू पांडे ने बताया कि प्रत्येक एकादशी पर यह निशान यात्रा निकाला जाता है।

## झामुमो पार्टी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में असम में स्थापित करेगी झारखंड का विकास समीकरण: राजमहल विधायक

उज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में असम राज्य में हो रही चुनाव में 21 विधानसभा सीट में झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारी है। जहां असम की जनता झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति अपने अटूट आस्था को व्यक्त करते हुए लाखों की जनसैलाब के साथ चुनावी सभा में पहुंच रहे हैं उपरोक्त बातें राजमहल विधानसभा के विधायक सह झामुमो स्टार प्रचारक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कही। आगे उन्होंने कहा कि असम डेलीगेट के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार चार सदस्य टीम का गठन किया गया था जिसमें राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा, झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा, विधायक भूषण तिर्की एवं उनका स्वयं शामिल किया गया था। जहां असम में आदिवासी एवं अल्पसंख्यकों की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम में रह रहे आदिवासी झारखंड से जुड़े टी ट्राइब जो अपने हक और अधिकार की लड़ाई लगातार लड़ रहे हैं, अल्पसंख्यक समाज, राजवंशी समाज सभी के हित में चुनाव लड़ने का निर्णय लिए और पूरी दमखम के साथ चुनाव लड़ा जा रहा है। जहां झारखंड राज्य के विकास का समीकरण असम में भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा स्थापित करेगी। जहां वर्षों से अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे टी ट्राइब और आदिवासी समाज को एक नई ऊर्जा मिली है क्योंकि सभी का लगाव झारखंड से भी है। उधर सभी अपना समर्थन बढ़ चढ़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में दे रहे हैं। वही सामाजिक एकता और सर्वधर्म सम्मान के साथ झारखंड में सरकार चल रही है यहां कोई जाति भेदभाव नहीं है उसी तरह असम में भी कोई भेदभाव नहीं

## संघ शताब्दी वर्ष पर 31 मार्च को निकाली जाएगी भव्य बाईक रैली




उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** वर्तमान समय में चल रहे संघ शताब्दी वर्ष में कई योजनाओ में एक और महत्वपूर्ण योजना विराट हिंदू सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए आगामी दिनों 31 मार्च दिन मंगलवार को भव्य बाईक रैली यात्रा सुनिश्चित की गई है। जहां यह बाईक यात्रा 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार के शाम 3 बजे से नगर थाना क्षेत्र के चौक बाजार, दुर्गा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। उधर यह बाईक रैली यात्रा चौक बाजार दुर्गा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर कबूतर खोपी सूर्य घाट तक जाएगी जहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जाएगा और आगामी दिनों 7 अप्रैल 26 को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। जहां इसको लेकर नगर कार्यवाह साहिबगंज के प्रमोद कुमार उर्फ रिंकू ने कहा कि सभी नगरवासियों से आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विराट हिंदू सम्मेलन को सफल और सार्थक बनाएं।

## कैथोलिक चर्च में ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया खजूर रविवार



उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** शहर के बिजली गंगा घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को ईसाई समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर पाम संडे (खजूर रविवार) मनाया। जहां यह खजूर रविवार ईस्टर से एक सप्ताह पहले रविवार को मनाया जाता है, जो यीशु मसीह के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की याद दिलाता है। वही हिंदी में इसे 'खजूर रविवार' इसलिए कहते हैं, क्योंकि मान्यतानुसार, लोगों ने खजूर (ताड़) की शाखाएं बिछाकर यीशु का स्वागत किया था। वही यह पवित्र सप्ताह की शुरूआत का प्रतीक है। वही पाम संडे यह उस घटना को दशार्ता है जब यीशु गधे पर सवार होकर यरूशलेम में आए थे और लोगों ने 'होशाना' गाकर उनका स्वागत किया था। जहां यह राजा के रूप में यीशु की विजय का प्रतीक है, लेकिन एक नम्र और शांत राजा के रूप में। वही इस पवित्र सप्ताह की शुरूआत रविवार 'पवित्र सप्ताह' या 'पैशन वीक' का पहला दिन है, जो यीशु की मृत्यु और ईस्टर पर पुनरुत्थान की ओर ले जाता है। वही यह दिन विनम्रता, शांति और यीशु को अपने जीवन में राजा के रूप में स्वीकार करने का संदेश देता है।

## झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने किया उद्घाटन

उज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में एक ओर उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम दीप हॉस्पिटल इन दिनों मिल का पत्थर साबित हो रहा हैं। जहां चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर दीप हॉस्पिटल का कदम बढ़ता जा रहा है। जहां दीप आई हॉस्पिटल में रेटिना से संबंधित सभी बीमारियों की जांच की सुविधा 29 मार्च से शुरू हो गया। उधर इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन झामुमो केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा के कर कमलों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जहां रेटिना से संबंधित बीमारियों की जांच और उपचार हेतु सर्वश्रेष्ठ डॉ. राजवर्धन आजाद के द्वारा किया जाएगा। जहां रविवार को आज दीप हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजवर्धन आजाद मुख्य रूप से मौजूद रहे है जो प्रत्येक माह में एक समय में दीप हॉस्पिटल में आकर यहां के मरीजों को इलाज करेंगे। इस उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में डॉ. राजवर्धन आजाद (एमएलसी) स्वागतकर्ता सैमुअल अमन टोप्पो, डॉ. सुजाता विश्वास, दीप हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पी. एन. कुलदीप और नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, दीप हॉस्पिटल के सभी चिकित्सक, कर्मचारी व भारी संख्या में मरीज एवं कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजमहल में तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से एक मासूम की मौके पर मौत

**राजमहल:** थाना क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में एक चार साल के बच्चे की जान चली गई। जहां उक्त सड़क दुर्घटना राजमहल साहिबगंज फोरलेन सड़क पर बुधवरिया गांव के पास उस वक्त हुआ जब मृतक बच्चा बाईक की चपेट में आ गया था। उधर बाईक से इतनी जोरदार टक्कर लगी कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई जहां यह घटना रविवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे की बताई जा रही है। उधर सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। वही पुलिस के अनुसार मृतक बच्चे की पहचान बुधवरिया गांव निवासी झगड़ू मंडल के चार वर्षीय पुत्र राजकुमार मंडल के रूप में हुई है। वही बाईक चला रहे शोभापुर गांव निवासी प्रह्लाद मंडल असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े।

## प्रथम खेलो इंडिया जनजातिय गेम्स, छत्तीसगढ़ के 3 खिलाड़ी कल से करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन







उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** खेल एवं युवा मामले ,भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा में आयोजित हो रहे प्रथम खेलो इंडिया जनजातिय (ट्राइवल) गेम्स के लिए खेल विभाग द्वारा जिले में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु एथलीट एमानुएल किस्कू का चयन 110 मीटर हर्डल्स एवं 4 गुणा 100 मीटर रिले तथा रायपुर में हो रहे प्रदर्शनी कबड्डी मैच में राहुल कुमार व प्रीति कुमारी कल से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं प्रशिक्षक योगेश यादव एथलेटिक्स स्पर्धा में नेशनल टेक्निकल ऑफिशियल तथा कुश्ती प्रशिक्षक प्रकाश सिंह बादल झारखंड राज्य कुश्ती टीम कोच का दायित्व निभाएंगे। जहां इस उपलब्धि पर उपायुक्त हेमंत सती, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, आईटीडीए निदेशक संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव माधव चंद्र घोष, कल्याण श्रीवास्तव, ओम ततसत, संतोष कुमार उर्फ टिंकू, खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, जिला कबड्डी संघ के सचिव नवनीत उर्फ सोनू, बिरेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, कोच अशोक साहनी, निमाई चौधरी समेत जिले के खेलप्रेमियों ने तीनों खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम बधाई दी है।

## मां दुर्गा को नम आंखों से भक्तों ने की विदाई



उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** शहर में रविवार दोपहर बाद भारतीय कला मंदिर सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा पूजा समिति, चौक बाजार चैती दुर्गा पूजा समिति और जिरवाबाड़ी तुरी टोला चैती दुर्गा पूजा समिति का प्रतिमा विसर्जन जुलूस बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे ढोल नगाड़ा और पारंपरिक हथियार के साथ निकाला गया। जहां सभी दुर्गा मंदिरों से विधिवत रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा का पूजा अर्चना व आरती करके दुर्गा प्रतिमा शोभा यात्रा निकलकर तय मुख्य मार्गो का भ्रमण करके गोपालपुल, महाजन पट्टी, चौक बाजार, बाटा रोड, एलसी रोड, सब्जी मंडी रोड, पटेल चौक, स्टेशन चौक, कृष्णनगर, बड़तल्ला स्ट्रीट होते हुए स्थानीय गंगा तट पहुंचकर पवित्र गंगा नदी के तट पर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। उधर भारतीय कला मंदिर सकरोगढ़ चैती दुर्गा पूजा समिति की ओर से मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन रथ को श्रद्धालु रस्सी से खींचकर शहर भ्रमण कराया। वही विसर्जन जुलूस में श्रद्धालु पारंपरिक हथियार के साथ करतब दिखाते हुए ढोल बाजा में झूमते नाचते नम आंखों से मां दुर्गा को विदा किया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय विद्यालयीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

उज्वल दुनिया संवाददाता



**साहिबगंज:** रविवार को विद्या भारती विद्यालय, जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चौक बाजार साहिबगंज में त्रिदिवसीय विद्यालयीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ समिति की सचिव डॉ. मृदुला सिन्हा एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। जहां इस कार्यशाला के प्रथम सत्र में वंदना के पश्चात डॉ. मृदुला सिन्हा ने कार्यशाला की प्रस्तावना को रखा। इसके बाद सभी पंजियों, संचिका एवं अभिलेखों को व्यवस्थित किया गया। जहां द्वितीय सत्र में सभी अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन किया गया। इस मौके पर सभी स्थाई भौतिक सामग्रियों का सत्यापन कर स्थाई वस्तु पंजी को अद्यतन किया गया। वही विभाग के कार्य की समीक्षा की गई एवं परिणाम बैठक पंजी में अंकित किया गया। उधर तृतीय सत्र में वर्तमान सत्र की विस्तृत समीक्षा कर अपने सबल एवं निर्मल पक्षों पर विचार किया गया। जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा अरुण, उदय प्रभात पर चर्चा किया गया। वही चतुर्थ सत्र में आगामी सत्र हेतु आचार्य भारती का गठन किया गया। वही शून्य कालांश में प्रतिदिन के लिए निर्धारित विषयों की चर्चा की गई तथा सभी का अभ्यास किया गया। वही एकात्मता स्तोत्र में वर्णित महापुरुषों, देवियों पर चर्चा की गई। वही पंचम सत्र में प्रांतीय कार्य योजना एवं शैक्षिक पंचांग सत्र 2026-27 के विषयों की चर्चा एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। वही अभिभावक गोष्ठी, अभिभावक संपर्क योजना बनाना, मातृ सम्मेलन, माता पुत्री संवाद गोष्टी, दादा दादी नाना नानी सम्मेलन, पूर्व अभिभावकों का सम्मेलन आदि आयोजित करने हेतु तिथि व माह निर्धारित किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के आचार्य अमित कुमार, अजय कुमार साह, अजीत कुमार मालवीय, राघव वत्स, संतोष कुमार दास, सोनू शर्मा, किरण कुमारी गुप्ता, अर्चना वर्मा, लिपिका राज सिंह, सारिका कुमारी, निर्मला कुमारी, सोनी कुमारी, टीनू पाण्डेय, स्नेहा भारद्वाज, क्रिस्टीना मुर्मू उपस्थित थे।

## सुदूरवर्ती पहाड़ी इलाकों में बुनियादी सुविधाओं से लोग अब भी वंचित



उज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंज:** जिले के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र बांसकोला पहाड़ से शनिवार की देर रात को एक मरीज को खटिया पर लिटाकर परिजन और ग्रामीण कई किलोमीटर तक कंधे पर उठाकर साहिबगंज सदर अस्पताल इलाज कराने को पहुंचे। बताया जा रहा है कि इलाके में सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी के कारण मरीज को वाहन उपलब्ध नहीं हो सका, जिसके चलते मजबूरी में इस तरह से उसे खाट पर लिटाकर सदर अस्पताल लाना पड़ा। उधर यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति को उजागर करती है। जहां स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी मरीज को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

# गांधी नामक राष्ट्रीय समारोह की तैयारी के लिए किया गया समितियों का गठन

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर में महात्मा गांधी के आगमन के सौ से अधिक साल पूरे होने के मौके पर गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र की ओर से भागलपुर और इसके आसपास के जिलों में अंग प्रदेश में महात्मा गांधी नामक राष्ट्रीय समारोह की तैयारी के सिलसिले में रविवार को एक अहम बैठक गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में अध्यक्ष प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान आगामी 7, 8 और 9 अगस्त 2026 को होने वाले इस समारोह के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। जिनमें संरक्षण समिति, संचालन समिति,



मीडिया समिति, संस्कृति समिति और स्मारिका संपादन समिति का गठन किया गया।

संपूर्ण समारोह के संयोजक के रूप प्रसून लतांत और डॉ सुधीर मंडल चुने गए। स्वागत समिति में डॉ डीपी सिंह, डॉक्टर एसपी सिंह, डॉ शंभू दयाल खेतान, डॉ रतन मंडल, डॉ वीणा यादव, डॉ सुजाता चौधरी, डॉ फारूक अली, डॉ उग्र मोहन झा, रंजन कुमार, मृत्युंजय कुमार, डॉ विद्या रानी, छाया पांडे, सैयद शाह फखरे आलम हसन, अध्यक्ष गांधी विचार विभाग और रामशरण जी के नाम शामिल हैं। संस्कृति समिति में जाने-माने फोटोग्राफर कलाकार शशि शंकर, रंगकर्मी सीतांशु अरुण, डॉ जयंत जलद और रंग कर्मी डॉ चैतन्य प्रकाश को सदस्य बनाया गया है। संचालन समिति में गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र गुप्ता सहित डॉक्टर मनोज मीता, मो एनुअल हुदा, वासुदेव भाई, संजय कुमार, मदन कुमर, अरविंद कुमार रामा और प्रसून लतांत आदि शामिल किए गए हैं। समारोह के लिए संरक्षण समिति में सांसद अजय मंडल, सांसद गिरधारी यादव, सांसद पप्पू यादव, सांसद राजेश वर्मा, सांसद तारिक अनवर, विधायक रोहित पांडे, विधायक मिथुन यादव, विधायक ललित नारायण मंडल, विधायक शैलेंद्र कुमार, विधायक शैलेश कुमार, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक मुरारी पासवान, एमएलसी डॉ एन के यादव, पूर्व विधायक अजीत शर्मा, पूर्व सांसद कहकशां परवीन के नाम शामिल हैं। मीडिया प्रभारी के रूप में मो तकी अहमद जावेद, संजय कुमार और प्रसून लतांत।


## भगवान राम सीता की आकर्षक झांकी के साथ निकली रामनवमी जुलूस

**नवादा।** नवादा नगर में रविवार को भव्य रामनवमी जुलूस का आयोजन किया गया। नवादा नगर के 9 स्थानों से आकर्षक भगवान श्रीराम ,मां जानकी और भाई लक्ष्मण तथा भक्त हनुमान की झांकियां के साथ रामनवमी जुलूस निकाले गए। न्यू एरिया जुलूस का नेतृत्व शिक्षाविद डॉक्टर अनुज सिंह कर रहे थे। रथों पर सवार भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी के साथ घोड़े ,हाथियों से लैस जुलूस में जय श्रीराम के जय घोष गूंज रहे थे ।जुलूस नवादा के न्यू एरिया दुर्गा मंडप, पुरानी बाजार, रामनगर दुर्गा मंडप ,मिजार्पुर दुर्गा मंडप ,कन्हाई नगर दुर्गा मंडप से बैंड बाजो के साथ जुलूस निकाले गए थे ।हजारों की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के नाम की जय घोष कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया । भीड़ को नियंत्रित करने नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश ,एसपी अभिनव धीमान तथा सदर एसडीओ अमित अनुराग सुरक्षा बलों के साथ सक्रिय दिखे ।शिक्षाविद डॉ अनुज सिंह ने कहा कि सनातन धर्म के लिए यह जुलूस जरूरी है। जिससे समाज में धार्मिकता का विकास होगा ।9 जगहों पर सेवा शिविर का आयोजन किया गया था ।जिसमें राम भक्तों को शीतल जल, शरबत आदि पिलाये जा रहे थे ।सेवा शिविरों में प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। जुलूस नवादा नगर के विभिन्न सड़कों से घूमते हुए अनुसार नगर पेट्रोल पंप के निकट हनुमान मंदिर से वापस लौटकर अपने-अपने गंतव्य को प्रस्थान कर गए। अंसार नगर मोहल्ले में कोई अनहोनी ना हो जाए इसके लिए जिला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए थे।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष के साथ नेताओ ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

एजेंसी

**सहरसा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132 वें संस्करण को सहरसा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने अपने साथियों के साथ सुना। प्रधानमंत्री ने इस महत्वपूर्ण संवाद में देश की सामूहिक शक्ति, जनभागीदारी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पुनः सशक्त रूप से प्रस्तुत किया।




उन्होंने समाज के उन अनसुने नायकों की प्रेरणादायक कहानियाँ साझा कीं, जो बिना किसी अपेक्षा के राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। इस संस्करण में विशेष रूप से स्वच्छता, पार्यावरण संरक्षण,स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन,युवा नवाचार,महिला सशक्तिकरण तथा सामाजिक एकजुटता जैसे विषयों पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर वोकल फॉर लोकल को अपनाएँ, प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।उनका यह संदेश केवल प्रेरणादायक ही नहीं बल्कि जन जागरण का माध्यम भी है, जो हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। आइए, हम सभी प्रधानमंत्री जी के संदेशों को अपने जीवन में उतारते हुए एक सशक्त, स्वावलंबी और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।

## मखाना उत्पादन से बदलेगी किसानों की तकदीर, वैज्ञानिकों का मखाना खाना पर हुई चर्चा

एजेंसी

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण का कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर द्वारा मखाना उत्पादन पर पकड़िया पंचायत में किसानों के बीच एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। 'मखाना उत्पादन की तकनीक और प्रसंस्करण' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ जल-जमाव वाले क्षेत्रों के बेहतर उपयोग के लिए जागरूक करना था।प्रशिक्षण के दौरान केवीके माधोपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि वर्तमान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए जल-जमाव वाले क्षेत्रों में मखाना की खेती एक वरदान साबित हो रही है।इससे कम लागत में उच्च गुणवत्ता वाली पैदावार प्राप्त की जा सकती है।



क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र माधोपुर के प्रभारी अधिकारी डाक्टर नीरज कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि मखाना उत्पादन में बिहार देश का निर्विवाद रूप से अग्रणी राज्य है। देश के कुल उत्पादन का 85% से 90% हिस्सा अकेले बिहार से आता है। इसमें दरभंगा, मधुबनी, पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज मुख्य जिले हैं। जिनमें मधुबनी जिला अकेले लगभग 20% का योगदान देता है।डॉक्टर जगपाल ने 'मखाना-सह-मछली पालन' तकनीक पर विशेष जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केवल मखाना पर निर्भर रहने के बजाय एक ही तालाब में मछली पालन का मॉडल अपनाना चाहिए। इससे एक ही जल स्त्रोत से दोहरी आय प्राप्त होती है। मछलियों का अपशिष्ट मखाना के पौधों के लिए प्राकृतिक खाद का काम करता है। जिससे उर्वरक की लागत में भारी कमी आती है। डाक्टर चेलपुरी रामुलु ने मखाना की कटाई और प्रसंस्करण में होने वाली शारीरिक मेहनत को कम करने के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने बताया कि उन्नत हार्वेस्टिंग इंप्लीमेंट्स से न केवल समय बचता है। बल्कि बीजों की गुणवत्ता भी बनी रहती है। वहीं तकनीकी सत्र में डाक्टर सौरभ दुबे ने बताया कि मखाना अब केवल गहरे तालाबों तक सीमित नहीं है। आधुनिक 'खेत-आधारित' तकनीक के माध्यम से इसे सामान्य खेतों में भी सफलतापूर्वक उगाया जा रहा है। जो किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।मौके पर किसान राघोशरण प्रसाद,किशुन महतो,जमुना प्रसाद,जहागिर मियां,शिवजी प्रसाद,सहित पकड़िया और आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।

## खेल स्टेडियम निर्माण की नवाचारी पहल पर डीएम स्कॉच अवॉर्ड से सम्मानित

**अररिया।** गया जिले में मनरेगा के माध्यम से खेल स्टेडियम निर्माण की अभिनव एवं सराहनीय पहल के लिए तत्कालीन उप विकास आयुक्त, गया एवं वर्तमान अररिया जिलाधिकारी विनोद दूहन को प्रतिष्ठित स्कॉच अवॉर्ड से नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। यह पहल उनके गया जिले में पदस्थापन के दौरान की गई थी, जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना मिल रही है। उक्त योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से खेलों के आधारभूत ढांचे का सृजन किया गया। गया जिले में इस अभियान को जन-जन से जोड़ने के लिए मगही बोली में खेलबे करतई गया जैसी प्रभावी स्थानीय टैगलाइन का उपयोग किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। मनरेगा योजना में रखरखाव की औपचारिक व्यवस्था नहीं होने के कारण, इन खेल स्टेडियमों को समीपवर्ती विद्यालयों से जोड़ दिया गया है, ताकि उनके रखरखाव की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल फंड के माध्यम से सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, इन स्टेडियमों का उपयोग प्रातः एवं सायं समय में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी किया जा रहा है। आईएएस विनोद दूहन के द्वारा शुरू की गई ये पहल राज्य ही नहीं वरन देश के लिए प्रथम है। उनकी दूरदर्शी सोच एवं प्रभावी नेतृत्व के फलस्वरूप अब बिहार के प्रत्येक पंचायत में खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। यह पहल एक मौन क्रांति के रूप में उभरकर सामने आई है, जो खेल, रोजगार एवं ग्रामीण विकास को एक साथ समाहित करते हुए बिहार को एक नई दिशा प्रदान कर रही है।तत्कालीन उपविकास आयुक्त गया सह वर्तमान जिला पदाधिकारी अररिया के इसी दूरदर्शी एवं नवाचारी सोच का परिणाम है कि अररिया जिले में भी 181 खेल स्टेडियम बनकर तैयार हो गया है।

### दो छात्राओं के टॉप करने पर मुख्यमंत्री ने कहा-छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण




एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल होने वाले तमाम छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस बार परीक्षा में 81.79 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुये हैं। इसमें छात्राओं की उतीर्णता का प्रतिशत 86.23 है, जबकि छात्रों की उत्तीर्णता का प्रतिशत 84.09 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार मैट्रिक की परीक्षा में दो छात्राओं ने संयुक्त रूप से टॉप किया है, साथ ही कुल मिलाकर सभी छात्राओं का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि इसके लिये छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी बधाई के पात्र हैं। छात्राओं की यह उपलब्धि महिला सशक्तीकरण का बड़ा उदाहरण है। बालिकाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वो हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रों ने भी अच्छी सफलता हासिल की है। सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मैं कामना करता हूं।

## किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 8094 से अधिक सिलेंडर स्टॉक : डीएम

एजेंसी

**किशनगंज।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य और सुचारू रूप से संचालित हो रही है। रविवार को जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा वर्तमान में गैस सिलेंडरों का स्टॉक 8094 से अधिक है। डीएम ने बताया कि गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की व्यवस्था भी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। अब उपभोक्ताओं को एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है और वे घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं। बुकिंग के दो से तीन दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को पूर्व की भांति सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों के



उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा नियमित छापेमारी भी की जा रही है। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का दूरभाष संख्या 06456-225152 जारी किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार एलपीजी गैस से संबंधित आज कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका ससमय निष्पादन कर दिया गया। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता न करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।

## एक नजर

### किसान पुत्र नीरज बना स्टेट टॉपर, आठवा स्थान किया प्राप्त



**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के डेहरी प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट के छोटे से कस्बे अर्जुन बिगहा के होनहार लाल नीरज कुमार ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में 483 अंक प्राप्त कर पूरे बिहार में आठवां स्थान प्राप्त कर अपने गांव पंचायत, प्रखंड, सहित जिले का नाम रौशन किया। मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे नीरज कुमार दो भाई हैं' पिता लक्ष्मी सिंह गांव में खेती बाड़ी करके परिवार का भरण पोषण करने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाये हैं' मां चिंता देवी गृहणी हैं' नीरज ने बताया कि परिवार की स्थिति एवं बड़े पुत्र की जिम्मेदारी को ध्यान में रखकर मैं दिन रात कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ अपने गांव के ही शिक्षक ईश्वर चंद्र व अशोक कुमार जैन+2 विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार व वर्ग शिक्षकों के मार्गदर्शन पर पढ़ाई किया। वह आइएएस बनकर देश सेवा करना चाहता है' प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने बताया कि नीरज काफी कुशल एवं होनहार छात्र हैं, जो नियमित विद्यालय आकर लगन के साथ पढ़ाई करता था 'जिसका लिखावट काफी आकर्षक हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता ,सहित गुरू जनों को दिया। माता पिता ने मिठाई खिलाकर भविष्य में इससे भी बेहतर पढ़ाई कर नई ऊंचाईयों को छुने के लिए प्रोत्साहित किया, खुशखबरी सुनते ही बधाई देने वाले का तांता लगा रहा।

### जमीन विवाद, आनंद मार्ग स्कूल खोलने की तैयारी में, दूसरे पक्ष ने जताया विरोध



**भागलपुर।** जिले के बरारी थाना क्षेत्र के खंजरपुर जागृति चौक स्थित आनंद मार्ग प्रचारक संघ को श्यामा देवी द्वारा एक कट्ठा जमीन दान में दिए जाने का मामला अब विवाद का रूप लेता दिख रहा है। आनंद मार्ग के कार्यकर्ता उक्त जमीन पर किड्स प्ले स्कूल और प्राथमिक विद्यालय खोलने की योजना को लेकर सक्रिय नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरे पक्ष के राजीव कुमार सिंह ने इस जमीन पर अपना दावा ठोकते हुए कहा कि यह जमीन उनके परिवार की है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि पहले जमीन की नापी कराई जाए, अगर जमीन उनकी नहीं निकली तो वे स्वयं उसे छोड़ देंगे। राजीव कुमार सिंह ने यह भी बताया कि फिलहाल अमीनों की हड़ताल चल रही है, जिसके कारण नापी में देरी हो रही है। हड़ताल समाप्त होने के बाद जमीन की मापी कराई जाएगी और उसी के आधार पर तय होगा कि जमीन का वास्तविक मालिक कौन है। इधर रविवार को जैसे ही आनंद मार्ग के लोग जमीन खाली कराने और स्कूल खोलने की बात करने पहुंचे, माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर पुलिस प्रशासन भी पहुंच गई और स्थिति को नियंत्रित किया। अब देखने वाली बात यह होगी कि नापी के बाद इस जमीन की असली हकीकत क्या सामने आती है और आखिरकार यहां स्कूल बन पाता है या नहीं।

### नाथनगर विधायक मिथुन यादव पर लगा जमीन हड़पने का आरोप, रंगदारी का वीडियो वायरल

**भागलपुर।** जिले के नाथनगर क्षेत्र के विधायक मिथुन यादव पर मारपीट करने, हथियार के बल पर जमीन हड़पने और जबरदस्ती जमीन खरीदने का दबाव बनाने का आरोप लगा है। हैरानी की बात यह है कि यह आरोप किसी बाहरी व्यक्ति ने नहीं, बल्कि उनके ही गोतिया (परिवार के सदस्य) द्वारा लगाया गया है। इस पूरे मामले से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि एक गाड़ी से कुछ लोग उतरते हैं और वहां मौजूद लोगों के साथ मारपीट करते नजर आते हैं। बताया जा रहा है कि यह गाड़ी विधायक मिथुन यादव की है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, इस घटना में किशनपुर निवासी सुबोध यादव को बुरी तरह पीटा गया, जिससे वे घायल हो गए। घायल की पत्नी पिंकी देवी ने बताया कि उनके पति रोज की तरह अपने खेत देखने गए थे, तभी विधायक के कुछ लोग वहां पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उन लोगों के साथ धर्मेंद्र उर्फ उपनातू यादव, जो वर्तमान में बिहार पुलिस में कार्यरत हैं, भी मौजूद थे। पिंकी देवी के अनुसार, विधायक मिथुन यादव ने उनके पति पर जमीन बेचने का दबाव बनाया और कहा कि जमीन बेच दो, नहीं तो मारपीट होगी। जब उनके पति ने जमीन बेचने से इनकार किया, तो वहां मौजूद लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने यह भी बताया कि यह जमीन विवाद कोई नया नहीं है, बल्कि करीब 50 वर्षों से चला आ रहा है। पहले यह विवाद विधायक के पिता के समय से चल रहा था और अब वर्तमान में भी यह जारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें हथियार दिखाकर डराया-धमकाया जा रहा है और जबरदस्ती जमीन खरीदने की कोशिश की जा रही है। बताया जा रहा है कि विवादित जमीन लगभग डेढ़ बीघा है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये में आंकी जा रही है। फिलहाल इस मामले को लेकर इलाके में तनाव का माहौल है और वायरल वीडियो के बाद यह मामला और अधिक चर्चा में आ गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### ईंट भट्टा के पास एक गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत



**भागलपुर।** जिले के महेशी पंचायत के मोतीचक स्थित एक ईट भट्ठा के पास एक गड्ढे में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई। इस घटना को लेकर परिजन मुंनीलाल सदा ने बताया कि वो मोतीचक एन एम ईंट भट्ठा में काम करते हैं। रविवार को दोनों बच्चे ईंट भट्ठा के पास एक गड्ढे में डूब गए। गड्ढे से निकालकर आनन फानन में दोनों बच्चे को रेफरल अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों बासो कुमारी (उम्र 5 वर्ष) और गुलाबो कुमारी शामिल है। उधर घटना की सुचना मिलने पर प्रशिक्षु एएसपी सायम रजा ने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया।

## ईरान युद्ध के समाधान के लिए तुर्किये व मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे

**पाकिस्तान और सऊदी अरब के साथ मिल कर करेंगे चर्चा**

**इस्लामाबाद।** ईरान युद्ध के कूटनीतिक समाधान के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आज और कल सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्री इस उच्चस्तरीय वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए कहा कि सऊदी अरब के विदेशमंत्री के भी जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने विदेश कार्यालय में तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात की। इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की, जिसमें ईरान से जुड़े घटनाक्रम शामिल रहे। दोनों देशों ने कूटनीति के माध्यम से तनाव कम करने के महत्व पर जोर दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री ओली को पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया



**काठमांडू।** अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को हिरासत में रख कर जांच आगे बढ़ाने का आदेश दिया है। जिला अदालत काठमांडू के न्यायाधीश आनंद प्रसाद श्रेष्ठ की इजलास ने रविवार को 5 दिनों की रिमांड की अनुमति दी। सरकारी वकील ने 10 दिनों की हिरासत की मांग की थी। जेन-जी आंदोलन के दौरान ओली प्रधानमंत्री थे, जबकि रमेश लेखक गृहमंत्री थे। उस आंदोलन में हुए दमन की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक के खिलाफ आपराधिक मामले में कार्रवाई की सिफारिश की थी। उसी सिफारिश के आधार पर आवश्यक गिरफ्तारी वारंट जारी कर शनिवार सुबह ओली और लेखक को गिरफ्तार किया गया था। आज अदालत में रमेश लेखक स्वयं उपस्थित हुए जबकि ओली बीमार होने के कारण शिक्षण अस्पताल से वर्चुअल रूप से पेश हुए।

## महाराष्ट्र से परिवार के साथ काशी आया किशोर नहाते समय गंगा में डूबा, मौत



**वाराणसी।** महाराष्ट्र से अपने परिवार के साथ काशी में दर्शन पूजन के लिए आया किशोर रविवार को केदारघाट पर गंगा नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। जब तक किशोर को गंगा से निकाला जाता उसकी सांसे थम चुकी थी। एनडीआरफ की टीम ने काफी प्रयास के बाद शव को गंगा से बाहर निकाला। किशोर का शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के सतारा जिले से वाराणसी घूमने आया सचिन (15) केदारघाट पर अपने परिजनों के साथ गंगा स्नान कर रहा था। इसी दौरान सचिन फिसल कर गहरे पानी में समा गया। यह देख परिजनों ने शोर मचाया तो मौके पर मौजूद लोगों ने भेलूपुर पुलिस और एनडीआरएफ को घटना की जानकारी दी। एनडीआरएफ के गोताखोरों ने गंगा में तत्काल सर्च ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद किशोर को पानी से ढूंढ निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृत किशोर के पिता ने बताया कि मैं अपनी बहन और भांजे, इकलौते पुत्र के साथ प्रयागराज और उसके बाद काशी घूमने के लिए आया था। गंगा स्नान करने के बाद हमलोग काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन पूजन के लिए जाने वाले थे। घाट पर नहाते समय बेटा गहरे पानी में डूब गया। उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई।

# यूक्रेन के हमले से करीब 40 प्रतिशत रूसी तेल निर्यात प्रभावित

एजेंसी

**मॉस्को/कीव।** यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे ड्रोन हमलों ने रूस के तेल निर्यात ढांचे को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूक्रेन के ड्रोन हमलों, एक प्रमुख पाइपलाइन पर हमले और टैंकरों को जब्त किए जाने के बाद रूस की तेल निर्यात क्षमता का कम से कम 40 फीसदी हिस्सा ठप पड़ गया है। रूस के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र उस्त-लूगा बंदरगाह पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम एक तेल लोडिंग पियर पूरी तरह नष्ट हो गया है, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर आई रिपोर्ट्स में यह जानकारी सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय मीडया एनबीसी व अन्य रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोलियम उत्पादों के रिसाव के कारण लगी आग और हमले में न केवल बर्थ बल्कि कई स्टोरेज टैंक और तकनीकी ढांचे भी प्रभावित हुए हैं। इससे पहले, 23 मार्च की रात को यूक्रेन ने रूस के बड़े तेल बंदरगाह प्रिमोर्स्क पर हमला किया था, जिसमें भीषण आग लग गई थी। इस आग में कई बर्थ और दो टैंकर चपेट में आ गए थे। इसके बाद 25 मार्च और फिर 27 मार्च की रात को यूक्रेनी ड्रोनों ने उस्त-लूगा और प्रिमोर्स्क बंदरगाहों को दोबारा निशाना बनाया। ये दोनों बंदरगाह बाल्टिक सागर क्षेत्र में रूस के सबसे अहम तेल निर्यात केंद्र माने जाते हैं। यह शटडाउन रूस के तेल सप्लाई में अब तक की सबसे बड़ी रुकावट है। रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल एक्सपोर्टर है और यह रुकावट मॉस्को के लिए ठीक ऐसे समय पर आई है जब ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतें $100 प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं। रूस का तेल उत्पादन राष्ट्रीय बजट के लिए कमाई के मुख्य स्रोतों में से एक है और 2.6 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। इस महीने यूक्रेन ने रूस के तेल और ईंधन एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमलों को तेज कर दिया है। इन हमलों में रूस के तीन मुख्य पश्चिमी तेल एक्सपोर्ट पोर्ट्स को निशाना बनाया गया, जिनमें ब्लैक सी पर नोवोरोस्सियस्क, और बाल्टिक सी पर प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा शामिल हैं। ताजा हमले के बाद बुधवार तक रूस की क्रूड ऑयल एक्सपोर्ट क्षमता का लगभग 40 फीसदी हिस्सा या लगभग 2 मिलियन बैरल प्रतिदिन बंद हो गया था। इसमें प्रिमोर्स्क और उस्त-लुगा के साथ-साथ द्रुजबा पाइपलाइन भी शामिल है, जो यूक्रेन से होते हुए हंगरी और स्लोवाकिया तक जाती है। हमलों के बाद दोनों बंदरगाहों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है। रूसी तेल कंपनियों ने खरीदारों को चेतावनी दी है कि वे शिपमेंट पर फोर्स मेज्योर लागू कर सकती हैं। नोवोरोस्सियस्क टर्मिनल (क्षमता 7 लाख बैरल/दिन) हमले के बावजूद पूरी क्षमता से कम पर काम कर रहा है। मुरमान्स्क से आर्कटिक तेल निर्यात (3 लाख बैरल/दिन) भी टैंकरों की रोक के कारण बाधित है। इन बाधाओं के बीच रूस चीन को पाइपलाइनों (स्कोवोरोडिनो-मोहे और अतासु-अलाशांकौ मार्ग) के जरिए तेल सप्लाई जारी रखे हुए है। साथ ही, कोजमिनो बंदरगाह के माध्यम से ईएसपीओ क्रूड का निर्यात भी जारी है। इन मार्गों से कुल लगभग 19 लाख बैरल प्रतिदिन सप्लाई हो रही है। नोवोरोस्सियस्क तेल टर्मिनल, जिसकी क्षमता 7 लाख बैरल प्रतिदिन तक तेल संभालने की है, इस महीने की शुरूआत में यूक्रेन के एक बड़े ड्रोन हमले से हुए नुकसान के बाद से अपनी तय योजना से कम तेल लोड कर रहा है।



> *इसके अलावा, सखालिन परियोजनाओं से करीब 2.5 लाख बैरल प्रतिदिन और बेलारूस की रिफाइनरियों को लगभग 3 लाख बैरल प्रतिदिन तेल की आपूर्ति जारी है। यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन के तेल पंपिंग स्टेशनों और रिफाइनरियों को भी निशाना बनाया है। कीव का कहना है कि उसका मकसद मॉस्को की तेल और गैस से होने वाली कमाई को कम करना है- जिससे रूस के सरकारी बजट का लगभग एक-चौथाई हिस्सा आता है और उसकी सैन्य ताकत को कमजोर करना है।*

> *रूस का कहना है कि यूक्रेन के ये हमले आतंकवादी हमले हैं और उसने अपने 11 टाइम जोन में सुरक्षा बढ़ा दी है। यूक्रेन ने कहा कि जनवरी के आखिर में रूस के हमलों से द्रुजबा पाइपलाइन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, जबकि स्लोवाकिया और हंगरी दोनों ने कीव से तुरंत सप्लाई फिर से शुरू करने की मांग की थी।*

## बहरीन और यूएई में अमेरिकी सैन्य उद्योगों से जुड़ी फैक्ट्रियों पर ईरान का हमला



**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने फारस की खाड़ी स्थित संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन में अमेरिकी सैन्य और एयरोस्पेस उद्योगों से जुड़ी दो औद्योगिक फैक्ट्रियों को निशाना बनाया। आईआरजीसी के अनुसार यह कार्रवाई अमेरिका-इजराइला की ओर से किए गए हमले के जवाब में किया गया है जिसमें मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। ईरान की अर्ध सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज एजेंसी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि उसकी सेनाओं ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और बहरीन में अमेरिकी सैन्य और एयरोस्पेस उद्योगों से जुड़ी दो औद्योगिक फैक्ट्रियों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि फारस की खाड़ी के दक्षिणी तटीय राज्यों के औद्योगिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के अमेरिका और इजराइल के दुर्भावनापूर्ण कार्यों के बाद आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स और नौसेना के लड़ाकों ने एक हाइब्रिड और लक्षित अभियान चलाया। उन्होंने इस क्षेत्र में अमेरिका के सैन्य और एयरोस्पेस उद्योगों से जुड़ी दो फैक्ट्रियों-यूएई में एमिरेट्स एल्युमीनियम (ईमाल) फैक्ट्री और बहरीन में एल्युमीनियम बहरीन (अल्बा) फैक्ट्री को निशाना बनाया है। ईमाल फैक्ट्री में दुनिया की सबसे लंबी एल्युमीनियम उत्पादन लाइन है, जिसकी उत्पादन क्षमता 1.3 मिलियन टन है। वहीं, अल्बा एल्युमीनियम फैक्ट्री में अमेरिकी कंपनियों का निवेश और हिस्सेदारी है जो अमेरिका के सैन्य उद्योगों के लिए सामान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर संयुक्त रुप से हमला किया था। इसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई, साथ ही कई वरिष्ठ सैन्य कमांडरों और नागरिकों की मौत हो गई थी। इन हमलों से ईरान को भारी जानमाल का नुकसान हुआ और बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति पहुंची। इसके जवाब में, ईरानी ने कार्रवाई करते हुए खाड़ी देश में मौजूद अमेरिका और इजराइल के सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोनों से निशाना बनाता आ रहा है।

## असम में खड़गे ने जारी किए पांच चुनावी गारंटी


# भाजपा पर तीखा हमला

एजेंसी



**लखीमपुर।** असम में चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने अपने अभियान को तेज करते हुए नाओबोइचा के खारकाटी (रंगनदी पुल के पास) में एक विशाल जनसभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधानसभा चुनाव के लिए पांच प्रमुख गारंटी की घोषणा की और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस हर महिला को व्यवसाय के लिए बिना शर्त 50 हजार की आर्थिक सहायता देगी, प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा, 10 लाख स्वदेशी लोगों को भूमि पट्टा दिया जाएगा, गायक जुबीन गर्ग से जुड़े मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और वरिष्ठ नागरिकों को 1,250 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह घोषणा पत्र जनता से व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप

## कांग्रेस ने अपनी नीतियों से राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया :अमित



**शोणितपुर ।** असम के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शोणितपुर में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस पर अपना हमला और तेज कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अपनी नीतियों के जरिए राज्य में अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है और अब केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे सुधारात्मक कदमों का विरोध कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने ह्यअवैध प्रवासी (ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारण) अधिनियमह्ल (आईएमडीटी) इसलिए बनाया था ताकि असम में घुसपैठियों को बढ़ावा मिल सके।

## पश्चिम एशिया संकट: देश में ईंधन आपूर्ति सामान्य

# पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने के बीच केंद्र सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। सरकार ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील की है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देशभर के सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं। कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू मांग को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। साथ ही घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। घरेलू पाइप्ड गैस और सीएनजी-ट्रांसपोर्ट के लिए 100 प्रतिशत आपूर्ति जारी है।

## राजग की बढ़ती लोकप्रियता केरल में बदलाव का संदेश : मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केरल में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह राज्य में बदलाव का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में केरल में राजग की सरकार बनने पर तेज विकास होगा। केरल के पलक्कड़ में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वाम दलों के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दोनों गठबंधनों को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि उनकी राजनीति केवल वोटबैंक तक सीमित है और उन्हें राज्य के विकास की चिंता नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ की नीतियां सिर्फ वोटबैंक पॉलिटिक्स पर आधारित हैं। मैं केरलम की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि राजग की सरकार बनने पर राज्य का तेज विकास होगा। यह मोदी की

## प्रधानमंत्री ने गुजरात के माधवपुर मेला की दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेला के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्सव भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करता है और गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने संदेश में कहा, पोरबंदर में आयोजित हो रहे माधवपुर मेले के लिए मेरी शुभकामनाएं। यह जीवंत उत्सव हमारी गौरवशाली संस्कृति को दर्शाता है और साथ ही गुजरात तथा पूर्वोत्तर के बीच अटूट सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करता है।उन्होंने कहा, यह पर्व विविध परंपराओं को एक साथ लाता है और ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करता है। मैं लोगों से इस मेले में आने का आग्रह करता हूं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अप्रैल 2022 में प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में भी माधवपुर मेले के महत्व और इसकी सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया था।

## सांस्कृतिक एकता को बताया महत्वपूर्ण



# नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ान शुरू करेगा इंडिगो

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी उड्डयन कंपनी इंडिगो ने महाराष्ट्र के नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए उड़ान मार्ग शुरू करने की घोषणा की है। इनपर उड़ान सेवाएं 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएंगी। इंडिगो ने बताया कि नए मार्गों से एयरलाइन आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगाम (कर्नाटक), चंडीगढ़, दीव, कन्नूर (केरल), कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम सहित कई प्रमुख शहरों को नवी मुंबई को जोड़ेगी। इन मार्गों के शुरू होने के बाद नवी मुंबई से प्रति सप्ताह 400 से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधा और बेहतर यात्रा विकल्प मिलेंगे। कंपनी के अनुसार, नवी मुंबई और गुजरात के बीच संपर्क को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। इसी क्रम में भावनगर और नवी मुंबई के बीच प्रतिदिन दो सीधी उड़ानें शुरू कर दी गई हैं। ये सेवाएं एटीआर विमान से संचालित हो रही हैं, जिससे दोनों शहरों के बीच तेज और सुगम यात्रा संभव होगी। इसके अलावा कंपनी ने जामनगर के लिए भी सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जो 23 अप्रैल से प्रारंभ होगी। इस विस्तार के बाद एयरलाइन गुजरात के छह शहर अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, राजकोट, भावनगर और जामनगर में अपनी सेवाएं देगी। इन शहरों के लिए कुल मिलाकर 1400 से अधिक साप्ताहिक उड़ानों का संचालन किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार, नवी मुंबई से कई शहरों के लिए दैनिक उड़ानें उपलब्ध होंगी। इनमें गोवा, कोल्हापुर (महाराष्ट्र), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश), भोपाल, देहरादून, हुब्बली (कर्नाटक), इंदौर, दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल), मदुरै (तमिलनाडु), औरंगाबाद (महाराष्ट्र), जबलपुर (मध्य प्रदेश), झारसुगुड़ा (ओडिशा) और रायपुर जैसे शहर शामिल हैं। कुछ मार्गों पर साप्ताहिक आधार पर उड़ानों का संचालन किया जाएगा। आगरा, देहरादून, दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल) और श्रीनगर के लिए सप्ताह के निश्चित दिनों में सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।




## 400 से ज्यादा उड़ानें होंगी संचालित

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड

## पांच लाख का ईनामी नक्सली कमांडर मूचाकी कैलाश ढेर

एजेंसी

**सुकमा।** सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपये के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था। पुलिस के अनुसार, मूचाकी कैलाश कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा था, जिनमें नागरिकों की हत्या, सुरक्षाबलों पर हमले और आईईडी विस्फोट की साजिशें शामिल हैं। वहीं बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि माओवादी कैडरों के पास आत्मसमर्पण और पुनर्वास का अवसर अब अंतिम चरण में है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और शांतिपूर्ण जीवन अपनाएं। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल सतर्क हैं।

